रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-19092020-221818
CG-DL-E-19092020-221818

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2839] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 18, 2020/भाद्र 27, 1942
No. 2839] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 18, 2020/BHADRA 27, 1942

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 सितम्बर, 2020

का.आ. 3187(अ).—विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(4) के अनुसार माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार डेका, न्यायाधीश, गुवाहाटी उच्च न्यायालय की अध्यक्षता वाले अधिकरण, जिनको यह न्यायनिर्णय करने के लिए कि असम के यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम को विधिविरुद्ध घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण है या नहीं, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत संदर्भ भेजा गया था, के आदेश को आम सूचना के लिए प्रकाशित किया जाता है:

[फा. सं. 11011/03/2019-एनई. V]

सत्येन्द्र गर्ग, संयुक्त सचिव

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण

एएआई बिल्डिंग, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, हदायतपुर, गुवाहाटी

यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट (उल्फा) के मामले में

माननीय न्यायमूर्ति श्री प्रशांत कुमार डेका, पीठासीन अधिकारी के समक्ष

असम राज्य के लिए	:	श्री डी. शैकिया, वरिष्ठ वकील
		श्री पी. नायक, वकील
		श्री ए. चलीहा, वकील
भारत संघ के लिए	:	श्री एस.सी. केयाल,
		भारत के सहायक सोलिसिटर जनरल

सुनवाई की तारीख	:	20.06.2020
न्यायनिर्णय की तारीख	:	03.08.2020

आदेश

1. श्री सत्येंद्र गर्ग संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2019 को अधिसूचना का.आ. 4273(अ) को इस बारे में जारी किया गया था कि केंद्रीय सरकार की यह राय थी कि यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (जिसे यहां इसके पश्चात उल्फा कहा गया है) की गतिविधियां भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए हानिकारक हैं और यह यह कि यह एक विधिविरुद्ध संगम है।

2. केंद्रीय सरकार की यह भी राय थी कि यदि उल्फा की विधिविरुद्ध गतिविधियों को तुरंत रोका नहीं गया और नियंत्रित नहीं किया गया तो यह अवसर का लाभ उठाकर अपनी पृथकतावादी , विघटनकारी तथा हिंसक गतिविधियों को फैलाने के लिए अपने काडरों को एकजुट कर सकता है; भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय अखंडता के शत्रुवत बलों के साथ मिलकर खुले रूप से समाज-विरोधी गतिविधियों का प्रसार कर सकता है; आम नागरिकों की हत्या करने तथा पुलिस एवं सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना बनाने के कार्य में लिप्त हो सकता है; सीमापार से और अधिक अवैध हथियार और गोला-बारूद ला सकता है तथा अपनी विधिविरुद्ध गतिविधियों के लिए जनता से धनराशि और अवैध कर की जबरन वसूली कर सकता है और उसका संग्रहण कर सकता है; और इसलिए मौजूदा परिस्थितियों से यह आवश्यक हो गया है कि उल्फा को तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम घोषित किया जाए। तदनुसार, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (जिसे यहां इसके पश्चात अधिनियम कहा गया है) की धारा 3(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार ने उल्फा को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया।

3. केंद्रीय सरकार की यह भी राय थी कि उल्फा को तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है और तदनुसार अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार ने निदेश दिया कि अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत किए गए किसी आदेश के अध्यधीन अधिसूचना शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगी।

4. अधिनियम की धारा 3(1) के प्रयोजनार्थ, केंद्रीय सरकार की यह राय थी कि उल्फा: (i) असम को आजाद कराने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए भारत की संप्रभुता तथा प्रादेशिक अखंडता में विघ्न डालने, या जिनसे विघ्न डल सकता है, के आशय से अवैध और हिंसक गतिविधियों में संलिप्त रहा है; (ii) असम को भारत से अलग करने के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य विधिविरुद्ध संगमों के साथ गठजोड़ करता रहा है; (iii) अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विधिविरुद्ध संगम के रूप में उनकी घोषणा की अवधि के दौरान विधिविरुद्ध और हिंसक गतिवविधियों में शामिल रहा है।

5. केंद्रीय सरकार की आगे यह भी राय है कि उल्फा की विधिविरुद्ध और हिंसक गतिविधियों में अग्रलिखित शामिल हैं - (i) दिनांक 01 जनवरी, 2015 से दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक की अवधि के दौरान, अपने स्तर से या पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य विद्रोही समूहों के साथ मिलकर हिंसा की लगभग सत्तर घटनाओं को अंजाम देना, (ii) दिनांक 01 जनवरी दिनांक 01 जनवरी, 2015 से दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक की अवधि के दौरान, पच्चीस आम नागरिकों तथा सात सुरक्षा बल कार्मिकों सहित बत्तीस व्यक्तियों की हत्या, (iii) दिनांक 01 जनवरी, 2015 से दिनांक 31 जुलाई, 2019 तक की अवधि के दौरान, छह लोगों का अपहरण, (iv) आपने काडरों से अनधिकृत हथियार और गोला-बारूदों की बरामदगी के सैंतालीस मामले, (v) फिरौती के लिए अपहरण के कृत्यों के अतिरिक्त जबरन धन वसूली तथा पृथकतावादी गतिविधियों और निर्दोष नागरिकों की जिंदगी को खतरे में डालने के कार्यों में शामिल होना, (vi) अपने काडरों को यह अनुदेश देना कि वे सुरक्षा बलों के प्रतिष्ठानों और उनके कार्मिकों, राजनेताओं, रेलवे और तेल संस्थापनाओं को निशाना बनाकर अपने कृत्यों को निष्पादित करना तथा (vii) अपनी हिंसक विद्रोही गतिविधियों को जारी रखते हुए नए काडरों की भर्ती के लिए एक सुव्यवस्थित अभियान चलाकर जमीनी स्तर पर अपने संगठनात्मक नेटवर्क की पुनर्संरचना करना।

6. इन परिस्थितियों में तथा अधिनियम की धारा 5(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सत्येंद्र गर्ग, संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 24 दिसंबर, 2019 को अधिसूचना का.आ. 4613(अ) द्वारा "विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण" गठित किया गया। इस अधिकरण के गठन का प्रयोजन यह न्यायनिर्णय करना था कि क्या उल्फा को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण मौजूद थे। अधिनियम की धारा 4(3) के

आधार पर अधिकरण से यह अपेक्षित था कि वह जांच करके यह न्यायनिर्णय करे कि क्या उल्फा को अधिनियम की धारा 2(पी) के अंतर्गत परिभाषित अभिव्यक्ति के अर्थ के भीतर विधिविरुद्ध संगम घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण मौजूद है।

7. अपने मामले के समर्थन में, केंद्रीय सरकार ने अधिकरण को एक संदर्भ भेजा तथा उल्फा के लक्ष्यों/उद्देश्यों तथा हिंसक गतिविधियों के बारे में एक ब्यौरा प्रस्तुत किया।

8. अधिकरण के रजिस्ट्रार को दिनांक 20.12.2019 को यह संदर्भ प्राप्त हुआ। इस संदर्भ को माननीय गुवाहाटी उच्च न्यायालय के शीतकालीन अवकाश के बाद दिनांक 02.1.2020 को अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसे प्राप्त करने के बाद दिनांक 02.1.2020 के आदेश के तहत इस अधिकरण ने यह उचित समझा कि कार्यवाहियां शुरू करने के लिए अधिकरण के लिए अवसंरचना के साथ-साथ स्थान प्रदान किए जाने हेतु असम सरकार को सूचित करने के लिए पत्र जारी करने का निदेश दिया जाए। तदनुसार, असम सरकार ने अधिकरण के लिए दिनांक 02.3.2020 को स्थान आबंटित किया। उसके बाद, अधिकरण ने दिनांक 14.3.2020 को प्रारंभिक सुनवाई के लिए संदर्भ को सूचीबद्ध किया। केंद्रीय सरकार द्वारा प्रस्तुत सामग्री के अवलोकन तथा गृह मंत्रालय, भारत संघ, गृह और राजनैतिक विभाग, असम सरकार और असम पुलिस के प्रतिनिधियों को सुनने के बाद संतुष्टि दर्ज करने के पश्चात अधिनियम की धारा 4(2) के अंतर्गत नोटिस को उल्फा को तामील किए जाने का आदेश दिया। इसके अंतर्गत उल्फा को नोटिस की तामीली की तारीख से तीस दिनों के भीतर यह कारण बनाने के लिए कहा गया कि क्यों न उक्त संगम को विधिविरुद्ध घोषित किया जाए और क्यों न अधिनियम की धारा 3(1) के अंतर्गत घोषणा की पुष्टि करते हुए आदेश जारी किया जाए। नोटिस को अधिनियम में निर्धारित तरीके से तामील किए जाने का निदेश दिया गया और तदनुसार उल्फा को प्रतिबंधित करते हुए निम्नलिखित तरीके से अधिसूचना तामील की गई:-

(क) उल्फा को उनके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों के साथ तथा उनके प्रमुख पदधारियों के अंतिम ज्ञात पते पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक द्वारा।

(ख) उल्फा के पदाधिकारियों को असम में उनके पतों पर, यदि कोई हो या यदि हिरासत में हो तो, संबंधित अधीक्षक (कारागार) के माध्यम से, नोटिस की तामील।

(ग) आदेश की तारीख से 14 दिन के भीतर दिनांक 23 नवम्बर, 2019 की राजपत्र अधिसूचना की एक प्रति के साथ दो दैनिक समाचार-पत्रों में इसका प्रकाशन, एक राष्ट्रीय समाचार पत्र में (अंग्रेजी में) और दूसरा प्रमुख स्थानीय समाचार-पत्रों में (क्षेत्रीय भाषा) जो असमी भाषा में हो और जिसका उन क्षेत्रों में व्यापक परिचालन हो जहां आमतौर पर उल्फा सक्रिय हो।

(घ) उल्फा के साथ उसके सभी गुटों, विंगों और अग्रणी संगठनों तथा उनके प्रमुख पदधारियों के अंतिम ज्ञात पतों पर 23 नवम्बर, 2019 की राजपत्र अधिसूचना की एक प्रति के साथ इस नोटिस को चिपकाना।

(ङ) उन क्षेत्रों में जहां सामान्यत: उल्फा अपने कार्यकलाप चलाता है, ड्रम बजाकर और लाउडस्पीकर द्वारा इस नोटिस तथा 23 नवम्बर, 2019 की राजपत्र अधिसूचना की सामग्री की घोषणा की जाए।

(च) उल्फा की सक्रियता वाले क्षेत्रों के राज्य (राज्यों) के उन सभी जिला मुख्यालयों में उपायुक्त, एसडीएम और पुलिस अधीक्षक के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर दिनांक 23 नवम्बर, 2019 की राजपत्र अधिसूचना के साथ इस नोटिस को प्रदर्शित किया जाए।

(छ) असम सरकार के मुख्य सचिव के माध्यम से सरकार को नोटिस की तामीली।

(ज) इस नोटिस तथा 23 नवम्बर, 2019 की राजपत्र अधिसूचना की घोषणा आकाशवाणी/इलेक्ट्रोनिक मीडिया में प्राइम टाइम पर की जाए और इसे उन राज्यों में प्रमुख स्थानों पर भी दर्शाया जाए जहां उल्फा के कार्यकलाप हुए थे या होते हैं।

(झ) उल्फा के कार्यालयों, यदि कोई हो, के कुछ प्रमुख हिस्सों पर नोटिस की प्रतियां चिपकाई जाएं।

(ञ) गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा गृह और राजनीतिक विभाग, असम सरकार की बेवसाइटों पर इसे प्रकाशित किया जाए।

(ट) ई-मेल सहित किसी अन्य संभावित मोड से।

9. सुनवाई की अगली तारीख दिनांक 02 मई, 2020 को पूर्वाह्न 10:30 बजे नियत की गई जो एएआई बिल्डिंग, मजिस्ट्रेट कॉलोनी, हदायतपुर गुवाहाटी में अधिकरण के कार्यालय में की जानी थी।

10. दिनांक 14 मार्च, 2020 के आदेश के अनुसरण में, श्री सीमांत कुमार दास, संयुक्त सचिव, असम सरकार, गृह और राजनीति विभाग ने समाचार-पत्र में प्रकाशन सहित विभिन्न माध्यमों से उल्फा को नोटिस तामील करने के बारे में असम राज्य की ओर से अधिकरण के रजिस्ट्रार के समक्ष दिनांक 30 अप्रैल, 2020 को एक शपथ-पत्र दाखिल किया जिसे दिनांक 02 मई, 2020 को अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

11. इसी प्रकार, श्री आर.के. पांडे, उप सचिव, गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, एनई प्रभाग ने अधिकरण द्वारा निदेशित निर्धारित माध्यमों से उल्फा को नोटिस की तामीली के संबंध में केंद्रीय सरकार की ओर से दिनांक 30 अप्रैल, 2020 को एक शपथ-पत्र दाखिल किया था। अधिकरण के समक्ष दिनांक 02 मई, 2020 की कार्यवाही में, केंद्रीय सरकार और असम सरकार के विद्वान वकील द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों को ध्यान में लेते हुए तथा उल्फा को नोटिस तामील किए जाने के तरीके को दर्शाते हुए रिकॉर्डों के साथ-साथ शपथ-पत्रों के अवलोकन के पश्चात यह अभिनिर्धारित किया गया कि अधिनियम की धारा 4(2) के अंतर्गत यथा-अपेक्षित कारण बताओ नोटिस को सम्यक रूप से उल्फा को तामील किया गया था।

12. सम्यक तामीली के बावजूद, इस बारे में कि इस संगम को विधिविरुद्ध क्यों नहीं घोषित किया जाए, कारण बताने के लिए अधिकरण के समक्ष उल्फा की ओर से दिनांक 02.5.2020 को कोई हाजिर नहीं हुआ। तथापि, कोई श्री माधब ज्योति कलिता, पुत्र श्री स्वर्गीय धीरेन कलिता को विशेष कारागार, नौगांव से हाजिर किया गया था जिसको विशेष कारागार नौगांव के अधीक्षक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक नौगांव द्वारा, अधिकरण द्वारा जारी नोटिस को तामील किया गया था। पूछे जाने पर उसने उल्फा का सदस्य होने से इंकार किया। उल्फा से अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की उनकी सहमति के बारे में कोई याचिका/संदेश/उत्तर/आपत्ति प्राप्त नहीं हुई थी। इसलिए, यह भी अभिनिर्धारित किया गया कि उल्फा के विरुद्ध एकपक्षीय रूप से कार्यवाही होगी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा साक्ष्य के लिए दिनांक 09.05.2020 की तारीख निर्धारित की गई। .

13. इस अधिकरण की राय को यथाशीघ्र और किसी भी स्थिति में अधिनियम की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत अधिसूचना जारी करने की तारीख से छह माह की अवधि के भीतर प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। अधिसूचना दिनांक 27.11.2019 को जारी की गई थी तथा छह माह की अवधि दिनांक 26.5.2020 को समाप्त हो गई। इसी बीच केंद्रीय सरकार ने कोविड-19 वैश्विक माहमारी के कारण राष्ट्र-व्यापी लॉकडाउन लगा दिया। शीर्ष न्यायालय ने दिनांक 23.03.2020 के आदेश के तहत "सीमा विस्तार के लिए संज्ञान" के संदर्भ में स्वप्रेरणा रिट याचिका (सिविल) संख्या 3/2020 में सीमा अवधि को दिनांक 15.3.2020 से अगले आदेश तक बढ़ा दिया। भारत के संविधान के अनुच्छेद 141 के अंतर्गत पारित उक्त आदेश इस अधिकरण पर बाध्यकारी है। तदनुसार, दिनांक 23.3.2020 के आदेश के अनुसार, शीर्ष न्यायालय द्वारा छह माह की निर्धारित अवधि अगले आदेश तक बढ़ गई।

14. अधिकरण ने साक्ष्य के लिए दिनांक 09.05.2020, 16.05.2020, 23.5.2020, 28.05.2020, 20.5.2020, 01.06.2020, 02.6.2020, 03.06.2020, 04.06.2020, 05.06.2020 और 09.06.2020 निर्धारित किया था। यद्यपि भारत सरकार और असम राज्य सरकार के गवाहों ने अपने साक्ष्य प्रस्तुत कर दिए हैं तथापि, साक्ष्य देने या सरकार के गवाहों से जिरह करने के लिए उल्फा की ओर से कोई हाजिर नहीं हुआ। साक्ष्य की समाप्ति के बाद, बहस के लिए दिनांक 20.6.2020 निर्धारित किया गया। दिनांक 20.6.2020 को केंद्रीय सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के विद्वान सहायक सोलिसिटर जनरल श्री सुभाष चन्द्र कयाल और असम सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे विद्वान वरिष्ठ वकील श्री देवाजीत शैकिया के तर्कों को इस कार्यवाही में दिनांक 20.6.2020 को सुना गया। उल्फा की ओर से तर्क प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 20.6.2020 को कोई हाजिर नहीं हुआ। अधिकरण ने उल्फा के मामले में अंतिम आदेश देने हेतु दिनांक 07.07.2020 निर्धारित किया। किंतु कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण असम के कामरूप (मेट्रो) जिले में "पूर्ण लॉकडाउन" लगाए जाने के कारण दिनांक 07.07.2020 को आदेश पारित नहीं किया जा सका और आदेश देने की तारीख को बढ़ाकर 18.7.2020 कर दिया गया। लॉकडाउन को आगे और बढ़ाए जाने के कारण आदेश तैयार नहीं किया जा सका। सभी कार्यवाहियां अधिकरण के कार्यालय में हुईं। जांच में किसी भी नागरिक ने भाग नहीं लिया। उल्फा कार्यवाही के अंतिम निपटान तक अनुपस्थित रहा।

15. अधिकरण के समक्ष संदर्भ के तहत अधिसूचना में उल्फा को अधिनियम की धारा 3(1) के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगठन घोषित किया गया। यह संदर्भ इस बात का न्यायनिर्णय करने के प्रयोजन के लिए कि क्या इस संगम को विधिविरुद्ध घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं, अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत संदर्भ किया गया है। अधिकरण द्वारा विचारित जांच की प्रकृति जानी जा सकती है जैसा कि शीर्ष न्यायालय द्वारा ***(1995) I एससीसी 428*** में सूचित ***जमात-ए-इस्लामी हिंद बनाम भारत संघ*** में अभिनिर्धारित किया गया है जिसमें यह अपेक्षित है कि उन सामग्री के गुण-अवगुण को देखा जाए जिनके आधार पर अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत अधिसूचना जारी की जाती है। संगम को जारी नोटिस के उत्तर में, उसके द्वारा बताए गए कारण और ऐसी और सूचना जिसे यह संगम को विधिविरुद्ध घोषित करने हेतु पर्याप्त कारण के मौजूद रहने के बारे में निर्णय करने हेतु मांग सकता है, संपूर्ण प्रक्रिया में दोनों पक्षकारों द्वारा अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत सामग्री के आधार पर किए गए निरपेक्ष अवधारणा के बारे में विचार किया गया है और यह जांच दो पक्षकारों के बीच मामले के न्यायनिर्णय की प्रकृति के रूप में है। जिसका आउटकम उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री के महत्व पर निर्भर करता है। अवधारणा में अधिकरण से यह अपेक्षित है कि वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि घोषणा का समर्थन करने वाली सामग्री का महत्व घोषणा के विरुद्ध वाली सामग्री से अधिक महत्वपूर्ण है और घोषणा के समर्थन के लिए अतिरिक्त महत्व इसको बनाए रखने के लिए पर्याप्त है। अत्यधिक संभावना की जांच परिप्रेक्ष्य में लागू व्यवहारिक जांच प्रतीत होती है।

16. वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उल्फा के लक्ष्य और उद्देश्य पर चर्चा करना अपेक्षित नहीं है। यह उल्लेख करना पर्याप्त है कि इस संगठन को उसकी विधिविरुद्ध गतिविधियों के लिए भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 915(अ), दिनांक 27.11.1990 के तहत अधिनियम के दायरे में विधिविरुद्ध संगम घोषित किया गया। उक्त घोषणा को कई बार जारी रखा गया और इस घोषणा की अवधि को पिछली बार गृह मंत्रालय के दिनांक 27.11.2014 की अधिसूचना संख्या एसडी 2984(अ) के तहत दिनांक 27.11.2014 से बढ़ाया गया था और इसकी पुष्टि गृह मंत्रालय की दिनांक 30.06.2015 की अधिसूचना का.आ. 1751(अ) के अनुसार माननीय विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण द्वारा पुष्टि की गई। दिनांक 27.11.2014 की उक्त अधिसूचना की अवधि पांच वर्ष की थी जो दिनांक 26.11.2019 को समाप्त हो गई जिसके कारण दिनांक 27.11.2019 की अधिसूचना को जारी किया जाना अपेक्षित था।

17. श्री आर.के. पांडे, उप सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने शपथ-पत्र के तहत अपने साक्ष्य में यह कहा कि श्री अरबिंद राजखोवा, उल्फा का स्वयंभू अध्यक्ष, की गिरफ्तारी के बाद असम सरकार ने कारागार में बंद नेताओं के साथ शांति वार्ता शुरु की। इसके परिणामस्वरूप उल्फा का दो समूहों में वर्टिकल विभाजन हो गया, एक समूह राजखोवा के नेतृत्व में शांति प्रक्रिया का समर्थन करता है और दूसरा समूह उल्फा के स्वयंभू कमांडर इन चीफ श्री परेश बरुआ के नेतृत्व में वार्ता का विरोध करता है जिसको बाद में उल्फा (स्वतंत्र) [उल्फा (I)] का नाम दिया गया।

18. श्री परेश बरुआ के नेतृत्व में उल्फा (I) इस समय रुइली, यून्नान प्रांत, चीन में स्थित है जो जबरन धन वसूली सहित हिंसक गतिविधियों, काडरों की भर्ती तथा हथियारों की खरीद के कार्य को जारी रखे हुए है। उल्फा(आई) के सदस्य तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव, शिवसागर, जैसे असम के ऊपरी जिलों, गोलपाड़ा, धुबरी और गुवाहाटी शहर जैसे असम के निचले जिलों, असम के सीमावर्ती क्षेत्रों जैसे उदलगुरी, दरांग, सोनितपुर, लखीमपुर जिलों और साथ ही अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग, लोंगडिंग, नामसई जिलों जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों, नागालैंड के मॉन जिले में तथा असम-मेघायल-बांग्लोदश सीमा पर सक्रिय हैं।

19. श्री पांडे ने आगे यह भी कहा कि उल्फा (I) स्वयं और अन्य भारतीय विद्रोही समूहों जैसे कि एनएससीएन(के) के साथ मिलकर असम तथा पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्रों में हिंसक गतिविधियां चलाता रहा है। उल्फा (I) ने एनएससीएन(के) के साथ मिलकर दिनांक 19 नवंबर, 2016 और दिनांक 22 जनवरी, 2017 को असम के तिनसुकिया जिले में सेना के दस्तों पर घात लगाकर हमला किया जिससे सुरक्षा बल हताहत हुए। इसने एनएससीएन(के) के साथ मिलकर अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में भी सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला किया। वर्ष 2016 में, उल्फा (I) ने स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले तिनसुकिया और चराइदेव जिले में आठ आईईडी विस्फोट कराए। वर्ष 2017 में, इस संगठन ने स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले घाल लगाकर हमला करने और विस्फोट कराने जैसी हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया जिनसे सुरक्षा बल हताहत हुए। दिनांक 15 मई, 2019 को इस संगठन ने गुवाहाटी में ग्रेनेड से हमला करवाया। यह संगठन वर्ष 2018-19 के दौरान चाय बागान के मालिकों/ठेकेदारों/व्यवसायियों का अपहरण करके जबरन धन वसूली के कार्य में लिप्त रहा। इस संगठन ने आम चुनाव को त्रुटिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया बताकर इसका बहिष्कार करके जनमत को प्रभावित

करने के लिए भारत विरोधी दुष्प्रचार में लिप्त रहना जारी रखा और वह भारत के विरुद्ध लड़ाई के लिए एक साझे मंच के अंतर्गत सभी विद्रोही समूहोंको लाने का प्रयास करता रहा है। इसके अतिरिक्त, उल्फा (I) नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन के विरुद्ध असम में आंदोलन के समय जातीय हिंसा उकसाया करता था। उपर्युक्त विधिविरुद्ध गतिविधियों को ध्यान में लेने के बाद केंद्रीय सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित करने संबंधी अधिसूचना जारी की।

20. श्री सिमांत कुमार दास, संयुक्त सचिव, गृह और राजनीति विभाग, असम सरकार ने शपथ-पत्र पर अपने विस्तृत साक्ष्य में उल्फा संगठन में कालक्रमानुसार परिवर्तनों/घटनाक्रमों का उल्लेख किया। उल्फा (I) काडरों के उच्च कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए विवरण/विवरणों के आधार पर, जिनके रिकॉर्ड पुलिस अधीक्षक (एस.ओ.यू), एसबी, असम की अभिरक्षा में हैं और जिसे पूछताछ के दौरान रिकॉर्ड किया गया था, के आधार पर श्री सिमांत कुमार दास, अभिसाक्षी ने निम्नानुसार बयान दिया :-

"<u>प्रतिबंधित अवधि के दौरान प्रमुख संगठनात्मक गतिविधियां</u>:-

- उल्फा (I) की प्रचार इकाई द्वारा प्रचार-प्रसार की गई पृथकतावादी विचारधारा के अनुसरण में यह संगठन राष्ट्र के विरुद्ध आम लोगों को उकसाने तथा संप्रभु असम की स्थापना के लिए संगठन के समर्थन आधार का प्रसार करने के लिए इलेक्ट्रोनिक मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से घृणास्पद बयान जारी करता रहा है।
- अपने प्रेस बयान में परेस बरुआ, उल्फा (I) सरगना सहित संगठन का प्रचार विंग वंचित और शोषण किए जाने की भावना को कथित रूप से भरने के लिए कानून के अनुसार स्थापित सरकार के विरुद्ध आम जनता को लक्ष्य में रखकर मानसिक युद्ध छेड़ने के लिए घृणाष्पद मौखिक बयान जारी करता रहा है
- अप्रैल, 2015 में, टाका में काउंसिल मोबाइल हेडक्वार्टर (उल्फा (I) का सीएमएचक्यू) में कार्यकारी बैठक आयोजित की गई जिसमें एसएस चेयरमेन, एसएस कमांडर इन चीफ तथा कार्यकारी समिति के अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में संगठनात्मक मोर्चे पर और प्रचालनात्मक विंग को सुदृढ़ करने के लिए कुछ सामूहिक निर्णय लिए गए।

  जबरन धन वसूली/फिरौती के माध्यम से धन एकत्र करने के लिए एक पृथक समिति गठित की गई और इस प्रकार से धन एकत्र किया जाना अभी जारी है।

  इस बैठक में म्यांमार के सगाइंग डिविजन के कन्याक क्षेत्र में नागा स्वतंत्र जोन में स्थित उल्फा (I) शिविरों की गतिविधियों का समन्वय और पर्यवेक्षण करने के लिए जीबन मोरान के नेतृत्व में एक नागा बेस एरिया एडवाइजरी बोर्ड गठित किया गया।

<u>भर्ती</u> :-

इस अवधि के दौरान विशेषकर वर्ष 2016-2018 से फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से भर्ती में अचानक तेजी आई है। उल्फा का प्रचार विंग विघटनकारी राष्ट्र-विरोधी भावनाएं उकसाकर सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की पृथकतावादी विचारधारा की ओर समाज के अतिसंवेदनशील युवा वर्गों को आकर्षित करने के लिए उनको अभिप्रेरित करने का प्रयास करता रहा है। वर्ष 2017 और 2018 में कुल 37 युवकों के इस संगठन में शामिल होने की सूचना प्राप्त हुई है। उनमें से कुछ कतिपय तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञ हैं जिनका उपयोग इस संगठन ने डार्क नेट में साइबर संबंधी तकनीकी कार्य में करने का विचार किया है जो कि एलईए के लिए एक उभरता हुआ खतरा है।

<u>यूएनएलएफडब्लयूएसईए (यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ वेस्ट ऑफ साउथ ईस्ट एशिया):-</u>

टाका में एनएससीएन(के) के सीएमएचक्यू में आयोजित दिनांक 16 अप्रैल, 2015 से तीन दिवसीय बैठक में, जिसमें भारतीय विद्रोही समूहों यथा एसएससीएन(के), उल्फा (I), एनडीएफबी(एस) तथा केएलओ के प्रमुखों ने भाग लिया था, कई दौर की चर्चा के बाद, यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ वेस्ट ऑफ साउथ ईस्ट एशिया (यूएनएलएफडब्लयूएसईए) के नाम और शैली से एक साझे मंच का गठन अपने साझे कथित दुश्मन भारत से एक साथ लड़ने के लिए किया गया। वर्ष 2017 में, पीडीसीके (पीपुल्स डैमोक्रेटिक

काउंसिल ऑफ कर्बिलिम) तथा एनएलएफटी (नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा), यूएनएलएफडब्ल्यू का आधार का बढ़ाने के लिए नए सदस्य के रूप में यूएनएलएफडब्ल्यू में शामिल हुआ। संप्रभुता का समर्थन करने वाला संगठन यूएनएलएफडब्लयूएसईए का सदस्य बनने के लिए पात्र है।

उल्फा का कोरकोम (को-ओर्डिनेशन कमेटी) जो कि मणिपुर के घाटी आधारित मैतई आतंकवादी समूहों का संगठन है, के साथ प्रचालनात्मक संबंध:-

उल्फा (I) वर्ष 2011 से कोरकोम के सदस्यों (यूएनएलएफ, केवाईकेएल, केसीपी, पीएलए, पीआरईपीएके, पीआरईपीएके-पी) के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए हुए है। इस संबंध के परिणामस्वरूप वर्ष 2016 और 2017 में उल्फा और कोरकोम द्वारा भारतीय सेना के विरुद्ध तिनसुकिया जिले के जागुन और पेनग्री में 'ऑपरेशन बराक-I' तथा 'ऑपरेशन बराक-II' नाम और शैली से एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया जिसमें सुरक्षा बल के 03 कार्मिक मारे गए तथा 04 घायल हुए।

एनडीएफबी (एस) के साथ संबंध :-

नवंबर, 2015 में, उल्फा (I) के बम प्रशिक्षक अर्थात ए.जेड. हिमुआम (प्रशिक्षक) तथा ब्रिंदाबोन मोरान (डिमोंस्ट्रेटर) उर्फ बिपुल असोम ने टाका में स्थित एनडीएफबी (एस) के शिविर में 17 (सत्रह) एनडीएफबी(एस) काडरों को आईईडी बनाने के बारे में प्रशिक्षण दिया।

सोशल मीडिया का उपयोग:-

उल्फा (I) ने उल्फा द्वारा समर्थित सशस्त्र संघर्ष, जिसे उसने कथित रूप से एकमात्र हल बताया है, की प्रशंसा करने, उसका महिमामंडन करने के लिए सोशल मीडिया में तथ्यों की गलत व्याख्या करके नागरिकता संशोधन विधेयक जैसे कतिपय राजनैतिक मुद्दों का लाभ उठाकर स्वयं को असमिया समुदाय का मसीहा बताकर समाज के अतिसंवेदनशील संगठनों और वर्गों से संबंधित युवकों की भावना को भड़काकर भर्ती की अपनी विघटनकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया का बहुत की व्यापक और गहन रूप से प्रयोग किया है। प्रतिबंधित संगठन द्वारा संचार के लिए फेसबुक, वहाट्सअप, हैंगआउट आदि का उपयोग, गुप्त समूहों में विघटनकारी विचारधारा के प्रसार के लिए सेटेलाइट ऑन प्रौद्योगिकी के प्रयोग ने कानून लागू करने वाले प्राधिकरण के समक्ष उनकी गतिविधियों का पता रखने की दिशा में एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इसके परिणामस्वरूप उल्फा ने 36 नए युवकों की भर्ती की है जो अब 82वें बेच में म्यांमार में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

"एएनएमएमएमटीए" नामक अग्रणी संगठन का गठन :-

उल्फा (I) के सरगने श्री परेश बरुआ ने यूएनएलएफडब्ल्यू के गठन के साथ-साथ प्रणमोय राजगुरू उर्फ अनुभाब चलिहा, जो एक भूमिगत कार्यकर्ता था और जिसने दिनांक 15-05-2019 को जू रोड, गुवाहाटी में ग्रेनेड धमाका कराने में सहयोग दिया था, को अनुदेश दिया है कि वह एक अग्रणी संगठन गठित करे जो आम जनता में यूएनएलएफडब्ल्यू के लक्ष्यों और उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार करेगा। तदनुसार एएनएमएमएमटीए नाम और शैली से एक नए संगठन का औपचारिक रूप से गोलाघाट में दिनांक 19/08/2018 को गठित किया गया। एएनएमएमएमटीए का पूरा नाम अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर, मेघायल, त्रिपुरा और असम है। यह उग्रवादी गतिविधियों, धन एकत्र करने के लिए इलेक्ट्रोनिक/प्रिंट मीडिया के माध्यम से, विभिन्न लोकतांत्रिक आंदोलनों, एकजुट करने के प्रयासों को अपनाकर विधिवत्त स्थापित सरकार के विरुद्ध जनसमूह को एकजुट करने का प्रयास था। परेश बरुआ ने एएनएमएमएमटीए के माध्यम से राजनैतिक मोर्चे पर सभी घटनाक्रमों की मॉनिटरिंग की। इससे संबंधित सभी अनुदेश अरुणोदोई दोहोतिया द्वारा प्रचालित (उल्फा(आई)) के फेसबुक अकाउंट के माध्यम से आए।

भारतीय तिरंगे झंडे को जलाया जाना और सोशल मीडिया में वायरल करना:-

उल्फा हमेशा ही अन्य भारतीय विद्राही समूहों अर्थात एनएससीएन, केएलओ, एनडीएफबी, कोरकोम, एनएलएफटी, पीडीसीके, जो म्यांमार में स्थित हैं, के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए गणतंत्र दिवस और

स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार करता रहा है। वे क्षेत्र के सभी नागरिकों को भारतीय पेशेवर बलों के विरुद्ध विरोध स्वरूप इन दो विशिष्ट दिवसों को मनाए जाने के कार्यक्रम में भाग लेने से दूर रहने की अपील करते हुए आम हड़ताल और संपूर्ण बंद हेतु संयुक्त आह्वान करते हैं। वर्ष 2018 के गणतंत्र दिवस के पहले उल्फा ने अपने म्यांमार स्थित टाका शिविर से एक वीडियो परिचालित किया जिसमें उन्होंने भारत सरकार के विरुद्ध विरोध स्वरूप भारतीय तिरंगे झंडे को जलाया। इस घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई और इसे सोशल मीडिया में वायरल किया गया। इस प्रकार की विघटनकारी गतिविधियों का परिचालन अपनी खोई जमीन को वापस लेने और भारत-विरोधी भावनाओं को भड़काने और घृणा पैदा करने के लिए अपनी शक्ति प्रदर्शित करने के कट्टर इरादे से किया जाता है।

<u>म्यांमार में शिविर</u>:- उल्फा (I) ने निम्नलिखित स्थानों में एनएससीएन(के) के साथ मिलकर म्यांमार के सगेंग डिविजन में निम्नलिखित प्रचालनात्मक शिविर स्थापित किए हैं जहां से उन्होंने राज्य में विघटनकारी गतिविधियों को जारी रखा :

1) सीएमएचक्यू (काउंसिल मोबाइल हेडक्वार्टर): अवस्थान टाका

2) जीएमएचक्यू (जनरल मोबाइल हेडक्वार्टर): अवस्थान लुंगमैक

3) सीटीसी (सेंट्रल ट्रेनिंग सेंटर): अवस्थान लुंगमैक

4) ईसीएचक्यूआर (ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर): हयात बस्ती, नागलैंड के मॉन जिले से लगी भारत-म्यांमार अंतरराष्ट्रीय सीमा

5) अराकान शिविर, जिसे ब्रिगेड शिविर के रूप में भी जाना जाता है: पापुंग नागा बस्ती

6) ऑपरेशन कैंप: अवस्थान – पापुंग नागा बस्ती, अराकान शिविर के निकट स्थापित, जहां सक्रिय समूहों को असम में हमला करने के लिए रखा जाता है।

7) नीलगिरी शिविर: अवस्थान- नैमुंग बस्ती, इसे काउंसिल कैंप के रूप में भी जाना जाता है।

8) यूजी शिविर: अवस्थान- लुंगमैक एरिया, टाका नदी, म्यांमार के किनारे, जहां हथियार/गोलाबारूद/विस्फोटक छिपा कर रखे जाते हैं।

<u>उल्फा (I) का जबरन धन वसूली संबंधी अभियान :-</u>

प्रतिबंधित अवधि के दौरान उल्फा (I) भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए हथियारों, गोलाबारूदों, विस्फोटकों की खरीद करने के लिए अपना कोष भरने, काडरों की भर्ती करने और उनको प्रशिक्षण प्रदान करने, असम तथा विदेशी देश में विघटनकारी गतिविधियों के लिए काडरों हेतु संभार-तंत्र व्यय बनाए रखने के लिए फिरौती प्राप्त करने हेतु अपहरण तथा टेलीफोनिक साधनों,इनक्रिप्टेड उपकरणों जैसे कि व्हाट्सअप, मैसेंजर, हैंगआउट आदि के माध्यम से अपनी जबरन धन वसूली करने संबंधी गतिविधियों को जारी रखा हुआ है।

<u>हथियार और गोलाबारूद संग्रह करना तथा काडर की शक्ति बढ़ाना:-</u>

इस संगठन ने अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करों से भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद, विस्फोटक आदि की खरीद की है और सुरक्षा बल कार्मिकों से हथियार, गोलाबारूद और विस्फोटकों को जबरन छीन भी रहा है। परेश बरुआ, कमांडर-इन-चीफ, उल्फा (I) मैतई उग्रवादी संगठनों तथा म्यांमार स्थित अन्य जातीय उग्रवादी समूहों की मदद से हथियारों/विस्फोटकों के खेप का प्रापण करने में सहायक रहा है। इन सामग्री को चिंदवीन के घाटी मार्ग के माध्यम से लाया जाता है, काडरों द्वारा इनको जीएमएचक्यू ले जाया जाता है और उसके बाद भूमिगत शिविर में रखा जाता है। उल्फा (I) के फायर पावर का आसानी से अनुमान विभिन्न शिविरों में रखे गए निम्नलिखित हथियारों/विस्फोटक उपकरणों के आधार पर लगाया जा सकता है जिनका प्रयोग धन वसूली, भर्ती आदि के लिए आम लोगों में भय पैदा करने के इरादे से राज्य में विघटनकारी गतिविधियां चलाने हेतु किया जाता है।

निम्नलिखित हथियार और गोलाबारूद भूमिगत शिविरों में उपलब्ध हैं:-

हथियार:

1)	एमक्यू 81	- 65
2)	एम 22 राइफल	- 20
3)	एके 56 राइफल	- 20
4)	एचके 33	- 15
5)	9 एमएम पिस्तौल	- 01
6)	.32 पिस्तौल	- 3
7)	चाइनीज हैंड ग्रेनेड	-30
8)	आईईडी	- 15
9)	आरपीजी-7	- 2
10)	हंटिंग गन	- 2

गोलाबारूद:

1)	एमक्यू 81	- 1 बक्सा (3000 राउंड)
2)	एचके 33	- 1 बक्सा (3000 राउंड)

जीएमएचक्यू :

1)	एमक्यू-81	- 50/60
2)	एके-56	- 25/30
3)	इंसास	- 6/7
4)	एचके-33	- 15
5)	पिस्टल	- 10/12

हथियारों/विस्फोटक उपकरणों का ऐसा स्टॉक शिविर की सुरक्षा ड्यूटी के लिए सीएमएचक्यू, अराकान शिविर, नीलगिरी शिविर, एवरेस्ट शिविर में रखे जाते हैं जो अलग-अलग समय पर भिन्न होते हैं।

वर्तमान में उल्फा (I) में काडरों की संख्या लगभग 250 है।

म्यांमार सैन्य अभियान के उपरांत परिदृश्य:-

म्यांमार की सेना ने दिनांक 28 जनवरी, 2019 से टका में आईआईजी शिविरों में अभियान शुरू किए जिसके परिणामस्वरूप लुंगमैक, टका, नीलगिरी शिविरों को बहुत नुकसान पहुंचा है। कई काडरों, न केवल निचले स्तर के बल्कि ऊपरी स्तर के भी, ने संगठन छोड़ दिया। अब तक उल्फा (I) के 22 काडरों ने सुरक्षा बल/पुलिस से संपर्क किया और मुख्य धारा में शामिल हो गए। इसके अतिरिक्त 82 बैच का नए भर्ती हुए एक काडर भी सुरक्षा बल के संपर्क में है। इन सभी बाधाओं के बावजूद, उल्फा (I) के सरगने ने काडरों में भय पैदा करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। उसने संगठन छोड़ कर भागने का प्रयास करने वाले 21 काडरों को मृत्यु दंड दिया है।

इसके अतिरिक्त, दिनांक 15-05-2019 को गुवाहाटी सेंट्रल मॉल के निकट जू रोड में ग्रेनेड धमाके की हुई घटना इस बात का सूचक है कि यह संगठन कभी भी राज्य के भीतर हमला करने के लिए अपनी क्षमता प्रदर्शित करने तथा म्यांमार सेना के लगातार हमले और इसको छिन्न-भिन्न किए जाने की स्थिति के कारण जिन काडरों का मोह भंग होने की संभावना है, उनके गिरते मनोबल को बढ़ावा देने के लिए, प्रयासरत है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि उल्फा (स्वतंत्र) या उल्फा (वार्ता समर्थक) जैसे शब्द केवल प्रचालनात्मक प्रयोजन के लिए प्रयोग किए जाते हैं अन्यथा उल्फा शब्द का प्रयोग व्यापक परिप्रेक्ष्य में किया जा सकता है जहां उल्फा (I) तथ उल्फा (वार्ता समर्थक) दोनों ही देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रति इस संगठन द्वारा पैदा किए गए खतरे की गंभीरता को देखते हुए एक ही संगठन में समाहित हैं। वार्ता समर्थक समूह से उल्फा(आई) में कुछ काडरों का चला जाना इस परिदृश्य का परिचायक है।

यह कि, उल्फा द्वारा की जाने वाली विघटनकारी आतंकवादी गतिविधियों से आम लोगों में भय और असुरक्षा का गहरा भाव पैदा हो गया है। इसकी निरंतर विध्वंसक गतिविधियां और विदेशी राष्ट्रों सहित गुप्त स्रोतों से हथियारों/गोलाबारूद का प्रापण, विदेशी धरती पर प्रशिक्षण शिविरों की स्थापना तथा सेना/पुलिस/सुरक्षा बल पर हमले, भारत के दुश्मन राष्ट्र की विदेशी खुफिया एजेंसियों के साथ संबंध, स्वतंत्र संप्रभु असम के सृजन के लिए सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अपनी पृथकतावादी गतिविधियों को जारी रखने के उसके बुरे इरादे के स्पष्ट सूचक हैं। उल्फा की राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा माना जाता है।

संक्षेप में, उल्फा एक राष्ट्र-विरोधी संगठन है, इसका भारत के संविधान में कोई विश्वास नहीं है, और जिसका घोषित उद्देश्य एक संप्रभु देश का सृजन करना है और इसलिए यह सिफारिश की जाती है कि देश की लोक व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने के हित में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगठन के रूप में उल्फा की घोषणा की अवधि को दिनांक 26-11-2019 से आगे और 5 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाई जानी चाहिए।

यह कि, असम सरकार के गृह और राजनीति विभाग को विश्वसनीय सूचना मिली है कि उल्फा (I) के काडर, जिनमें से अधिकतर विदेशी धरती पर आश्रय लिए हुए हैं, विदेशी मार्गदर्शकों के मार्गादर्शन में विदेशी धरती से अभी भी प्रचालित करने वाले पूर्वोत्तर के समान मानसिकता के उग्रवादी संगठनों के साथ मिलकर भविष्य में भी पृथकतावादी और विघटनकारी गतिविधियों को जारी रखने के लिए अवसर की तलाश में हैं। इसके अतिरिक्त, उल्फा (I) अभी भी यूनाइटेड नेशनल लिब्रेशन फ्रंट ऑफ वेस्ट ऑफ साउथ ईस्ट एशिया (यूएनएलएफडब्ल्यूएसईए), जो पूर्वोत्तर के प्रमुख उग्रवादी संगठनों का एक समूह है, का एक बड़ा घटक है।

यह कि, उपर्युक्त तथ्यों और परिस्थितियों के मद्देनजर, इस अभिसाक्षी का आदर पूर्वक निवेदन यह है कि असम सरकार यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा (I)) को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उपधारा (1) के अंतर्गत विधिविरुद्ध संगम के रूप में घोषणा करने के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 27 नवंबर, 2019 की राजपत्र अधिसूचना में लिए गए दृष्टिकोण का समर्थन करे।"

21. पुलिस अधीक्षक (एसओयू) एसबी, असम के अधीन जांच अधिकारी द्वारा रिकॉर्ड किए गए उल्फा के उच्चस्थ नेताओं के बयान को प्रस्तुत किया गया और मूल रूप में इसको प्रमाणित किया गया।

22. श्री पुष्पराज सिंह, आईपीएस, गोलाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवारत, ने शपथ पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया है:

(i) दिनांक 07.11.2017 को किसी श्री सुरेश साहू पुत्र श्री प्रेम लाल साहू, बिहोरा बाजार, गोकाखत, पुलिस थाना – बोकाखत ने बोकाखत पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 30.10.2017 को लगभग 0900 बजे शिकायतकर्ता को मोबाइल नं. (7423974669) से फोन कॉल आया जिसमें उनसे दिनांक 07.11.2017 तक 5 लाख रुपए मांगे गए और उल्फा के नाम से धमकी दी गई।

शिकातयकर्ता श्री सुरेश साहू से प्राथमिकी प्राप्त होने पर बोकाखत पुलिस थाने में आईपीसी की धारा 387 के अंतर्गत मामला संख्या 253/2017 के तहत एक मामला दर्ज किया गया तथा उसकी जांच की गई। प्रदर्श 2 बोकाखत पुलिस थाने में मामला संख्या 253/2017 के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी की प्रामाणित प्रति है।

दिनांक 07.11.2017 को लगभग 1330 बजे पुलिस ने किसी रातुल गोगोई (40 वर्ष) पुत्र संधीराम गोगोई, हबिसुआ बोरपठार, खुमतई, पुलिस थाना- कमरगांव को एक अन्य व्यक्ति श्री दयाल कुर्मी (32 वर्ष) पुत्र कमल कुर्मी,

बोरफोलोंग टी.ई. खुमतई, पुलिस थाना- कमरगांव के अधीन आने वाले बोसापठार क्षेत्र से गिरफ्तार किया। सूचना है कि रातुल गोगोई उल्फा काडर था। पूछताछ के दौरान राहुल गोगोई ने कहा कि उसने अपने घर में एक पिस्तौल और कुछ गोलाबारूद छिपा कर रखा था। तदुनसार पुलिस ने उसके घर से एक 7.65 पिस्तौल और 9 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए और जब्त कर लिए। उसके उपरांत, रातुल गोगोई और दयाल कुर्मी को उपर्युक्त मामले के संदर्भ में गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदर्श 4, 5 और 6 उपर्युक्त मामले से संबंधित जब्ती सूची है।

पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि रातुल गोगोई वर्ष 1998 में उल्फा में शामिल हुआ था और उसे म्यांमार में प्रशिक्षित किया गया था। उसके बाद, वर्ष 2003 में भूटान में "ऑपरेशन ऑल क्लियर" के दौरान उसे गिरफ्तार किया गया था और एक वर्ष वर्ष तक कारागार में रखा गया था। उसके पश्चात वर्ष 2009/2010 में उसे एक बार फिर कमरगांव पुलिस थाने द्वारा गिरफ्तार किया गया था और लगभग 3 महीने तक गोलाघाट कारागार में रखा गया था। कारागार से रिहा होने के बाद, वह उल्फा (वार्ता समर्थक) में शामिल हो गया तथा अपनी मृत्यु तक भीमकांता बुरागोहेन के लिए पीएसओ के रूप में कार्य करता रहा। इस मामले में उसका इरादा उल्फा के नाम से अपने साथी दयाल कुर्मी के साथ मिलकर जबरन धन वसूली करना था।

इसके अतिरिक्त, जबरन धन वसूलने के लिए शिकायतकर्ता को कॉल करने हेतु प्रयोग किए गए मोबाइल सिम और हैंडसेट भी अभियुक्त रातुल गोगोई से बरामद किए गए। अभियुक्त के पास से जब्त किए गए हथियारों और गोलाबारूद को जांच के लिए भेजा गया तथा विशेषज्ञ की राय संबंधी रिपोर्ट प्राप्त की गई। जिला मजिस्ट्रेट गोलाघाट से अभियोजन संबंधी मंजूरी प्राप्त करने के बाद मामले का आरोप-पत्र दिनांक 30.06.2019 को बोकाखत पुलिस थाने में सीएस नं. 108 के तहत प्रस्तुत किया गया तथा मामले का विचारण (ट्रायल) चल रहा है।

(ii) दिनांक 28.11.2019 को लगभग 0730 बजे एक सूचना प्राप्त हुई कि एनएच-39 के डिवाइडर के पास गोलाघाट पुलिस थाने के अधीन पूराबंगला क्षेत्र में उपद्रवियों द्वारा उल्फा का झंडा लहराया गया। तुरंत ही एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और झंडे को जब्त कर लिया। घटना से संबंधित सूचना के अनुसार एक व्यक्ति, पापुल कोंवर (31 वर्ष) पुत्र श्री प्रदीप कोंवर, बोलियाल, पुलिस थाना बोगीजन, जिला गोलाघाट को संदेह पर हिरासत में लिया गया। साथ ही पूराबंगला स्थित उसकी दुकान की तलाशी ली गई और उसके कम्प्यूटर में झंडे और लेटर हेड आदि की तस्वीरों सहित उल्फा से संबंधित अपराध को प्रमाणित करने वाले कुछ दस्तावेज पाए गए।

नुमालीगढ़ चौकी के एएसआई दुलाल बोरा, शिकायतकर्ता से प्राथमिकी प्राप्त होने पर आईटी अधिनियम की धारा 66(च) के साथ पठित विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 120(ख)/121/121(क)/109 के अंतर्गत गोलाघाट पुलिस थाने में मुकदमा संख्या 1163/19 के तहत एक मामला दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। प्रदर्श 24 और 26 उक्त गोलाघाट पुलिस थाने में मुकदमा संख्या 1163/19 की प्राथमिकी तथा जीडीई की प्रमाणित प्रतियां हैं।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने घटनास्थल से उल्फा के प्रतीक वाले दो झंडे, एक कम्प्यूटर सीपीयू, जिसमें अपराध को प्रमाणित करने वाले कई दस्तावेज पाए गए थे, उल्फा के प्रतीक वाले रक्त से सना एक गमछा, पापुल कोंवर की दुकान से जब्त किए। जांच अधिकारी ने पापुल कोंवर, पुत्र श्री प्रदीप कोंवर, बोकियाल, पुलिस थाना- बोगीजान, जिला गोलाघाट को गिरफ्तार किया और पूरी पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पूछताछ के दौरान, अभियुक्त ने खुलासा किया कि वह उल्फा(आई) का सदस्य है। उसने उल्फा के प्रतीक वाले गमुसा को कई दिनों से रखा था। दिनांक 28.11.2019 को उसने खुद पूराबंगला में रोड डिवाइडर पर उल्फा के झंडे को टांग दिया था और "उल्फा जिन्दाबाद" के दो कागज भी वहां फेंके हुए थे। उसके अतिरिक्त, यह भी स्वीकार किया कि वह उल्फा आतंकवादी संगठन में युवकों को आकर्षित करने और उल्फा(आई) के झंडे को फहराकर भोले-भाले युवकों को बहला-फुसलाकर उल्फा(आई) के लिए काडरों की भर्ती और इस प्रक्रिया में राष्ट्र के विरुद्ध युद्ध छेड़ने में सक्रिय रूप से शामिल था। मामले की जांच चल रही है तथा समय के साथ और तथ्य प्रकट होंगे।

23. श्री प्रतीक विजयकुमार थुबे, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, बक्सा जिला, असम के रूप में कार्यरत, ने शपथ-पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया:

दिनांक 16.09.2015 को, शिकायतकर्ता श्री दीपू शील, पुत्र लेफ्टिनेंट बोलोराम शील, ग्राम- द्वारकूच, पुलिस थाना- तामुलपुर, बक्सा (बीटीएडी), असम ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा गया कि उसी दिन अपराह्न लगभग 6.30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल (पल्सर) से उसके घर आए और उसके परिवार के

सदस्यों के लिए विवाह आमंत्रण पत्र दिया और उसके बाद चला गया। इस दौरान, शिकायतकर्ता अपने घर में नहीं था। पत्र खोलने के बाद, परिवार के सदस्यों ने देखा कि यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) सेंट्रल कमेटी के नाम से 03 लाख रुपए की मांग शिकायतकर्ता से की गई है।

इस संबंध में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहित की धारा 387/507 के अंतर्गत, तामुलपुर पुलिस थाने में मुकदमा संख्या 212/15 के तहत एक मामला दर्ज किया गया। मामले के जांच अधिकारी तुरंत शिकायतकर्ता के घर गए और उल्फा के मांग-पत्र को अपने कब्जे में लिया। जांच अधिकारी ने पीओ का स्केचमैप तैयार किया है और शिकायतकर्ता के बयान को भी दर्ज किया है। इसके अतिरिक्त, आईओ ने गवाह (1) श्री संजय शील (35 वर्ष) पुत्र श्री स्वर्गीय सुल्ला शील, ग्राम द्वारकूच, पुलिस थाना-तामुलपुर, बक्सा (2) श्री समर शील (34 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय भोलाराम शील, ग्राम- द्वारकूची, पुलिस थाना- तामुलपुर, बक्सा (3) श्रीमती दिपाली शील (40 वर्ष) पत्नी श्री दीपू शील, ग्राम- द्वारकूची, पुलिस थाना- तामुलपुर, बक्सा (4) श्री लाबा कुमार शील (21 वर्ष) पुत्र दीपू शील, ग्राम- द्वारकूची, पुलिस थाना- तामुलपुर, बक्सा (5) श्री फकरुद्दीन अहमद (33 वर्ष) पुत्र अब्दुल रशीद, ग्राम-सिलोनीबारी, पुलिस थाना- तामुलपुर, बक्सा के बयान को भी दर्ज किया है। प्रदर्श 46 तामुलपुर पुलिस थाने में मुकदमा संख्या 212/15 से संबंधित प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

जांच के क्रम में सभी स्रोतों को सक्रिय किया गया तथा स्थानीय सेना के साथ चलाए गए तलाशी अभियान के अतिरिक्त वीडीपी को अलर्ट किया गया। दोषियों का पता लगाने के लिए जांच अधिकारी ने हर संभव कदम उठाए किंतु प्रयास से कोई परिणाम प्राप्त नहीं हुआ। अंतत: मामले को दिनांक 31.07.2016 के एफआर संख्या 19/16 के तहत एफआर में वापस कर दिया गया।

24. श्री धनन्जय घनवत, दिनांक 14 दिसंबर, 2019 से धीमाजी जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत आईपीएस, ने शपथ पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया:

दिनांक 08.08.2019 को शिकायतकर्ता एएसआई चंद्र बोराह, धीमाजी पुलिस थाना ने प्राथमिकी दर्ज कराई जो इस संबंध में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 120(ख)/121/121(क) के अधीन मामला संख्या 316/19 के रूप में पुलिस थाना धीमाजी में दर्ज है कि दिनांक 08.08.2019 को लगभग पूर्वाह्न 11 बजे संदिग्ध उल्फा काडरों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट स्रोत से सूचना प्राप्त होने के आधार पर धीमाजी पुलिस द्वारा मोरीढाल से लाली पुलिया के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया जिसके परिणामस्परूप उल्फा काडरों के चार सदस्य अर्थात (1) श्री पार्थजीत कोंवर (2) श्री मृणाल फुकन (3) श्री जनक बरुआ और (4) श्री उदय दोवाराह धीमाजी पुलिस थाने के अंतर्गत लैपुलिया पुलिस एलपी स्कूल के निकट गिरफ्तार किए गए। तलाशी के दौरान, कपड़े से बने उल्फा के दो झंडे और एक खुखरी उनके थैले से बरामद किए गए तथा पूछताछ के दौरान उन्होंने उल्फा का सदस्य होना स्वीकार किया, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय झंडे को जलाया था तथा उल्फा के झंडे को प्रदर्शित किया था और एक वीडियो बनाया था जो अभियुक्त पार्थजीत कोंवर के मोबाइल फोन में पाया गया था। जैसा कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त उदय दोवाराह द्वारा स्वीकार किया गया, अभियुक्त जनक बरुआ ने भारतीय राष्ट्रीय झंडे को आग लगाई थी जबकि अभियुक्त मृणाल फुकन वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था और अभियुक्त उदय दोवाराह तथा पार्थजीत कोंवर अपने चेहरे को काले कपड़े से ढक कर राष्ट्र-विरोधी संदेश वाले प्लेकार्ड हाथ में रखे हुए थे। अभियुक्त पार्थजीत कोंवर और मृणाल फुकन पुलिस टीम को पास के घटना स्थल पर ले गया जहां उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय झंडे को जलाया था। राष्ट्र–विरोधी संदेश वाले कागज के दो क्षतिग्रस्त पोस्टर तथा कपड़े के कुछ टुकड़े मौके से जब्त किए गए जिनको वन क्षेत्र में कीचड़ के नीचे दबा कर छिपा दिया गया था। अपराध में शामिल सामग्री की बरामदगी तथा चार अभियुक्तों की स्वीकारोक्ति के आधार पर उनको गिरफ्तार किया गया और धीमाजी पुलिस थाने लाया गया। प्रदर्श 62 धीमाजी पुलिस थाने में मामला संख्या 316/19 के तहत दर्ज प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है और प्रदर्श 71 से 78 जब्ती सूची हैं।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने यह स्वीकार किया कि वे विभिन्न उल्फा नेताओं/सदस्यों जैसे परेश बरुआ, दिगांता दायमारी उर्फ जुमन बोराह, अनिरबान गोगोई के प्रभाव में आ गए थे जिन्होंने उनको राष्ट्रीय झंडे को जलाने आदि जैसी भारत-विरोधी गतिविधियां करने के लिए उकसाया था। अभियुक्तों ने प्रतिबंधित उल्फा संगठन के साथ अपनी सक्रिय सहभागिता को भी स्वीकार किया।

25. श्री अंकुर जैन, आईपीएस, पुत्र श्री अशोक कुमार जैन दिनांक 15.02.2018 से होजई जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में वर्तमान में कार्यरत, ने शपथ-पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया:

दिनांक 28.11.2019 को, काकी पुलिस थाने के एएसआई शांतनु दत्ता ने काकी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई जिसमें कहा गया कि उसी दिन लगभग पूर्वाह्न 06.30 बजे जब वह काकी पुलिस थाने में ड्यूटी पर था तो एक व्यक्ति ने फोन पर उनको सूचित किया कि प्रतिबंधित उल्फा(आई) संगठन के कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने काकी जूनियर कॉलेज के प्रवेश द्वारा 1 पर प्रतिबंधित उल्फा(आई) के झंडे को फहराया। सूचना मिलते ही वह पुलिस थाना स्टाफ के साथ घटनास्थल पर गए, मौके पर झंडे को उतारा और पुलिस थाना ले आए। उन्होंने अपराध में शामिल व्यक्ति का पता लगाने के लिए कई स्रोतों से बात की। बाद में, गुप्त सूचना के आधार पर श्री मानस ज्योति कलिता, पुत्र स्वर्गीय धीरेन कलिता, ग्राम सं. 1 काकी 2 गांव, पुलिस थाना काकी, जिला- होजई को लुमडिंग पुलिस थाना स्टाफ की मदद से लुमडिंग रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर इस व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उसने उक्त संगठन के प्रति सहानुभूति होने के कारण प्रतिबंधित संगठन उल्फा(आई) के झंडे को फहराया था।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, एसआई (यूबी) तुनीराम नियोग, ओसी ने काकी पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/122 के अधीन काकी पुलिस थाने में मामला संख्या 154/2019 दर्ज किया। प्रदर्श 98 उक्त काकी पुलिस थाने के मामला संख्या 154/2019 के तहत दर्ज प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

जांच के दौरान, घटनास्थल से निम्नलिखित सामग्री जब्त की गई (1) उल्फा(आई) का एक झंडा जिसके बीच में सूर्य का चिन्ह था (2) एक गमछा। अभियुक्त के पास से सिम नंबर 8876772692 वाला एक ओपीपीओ मोबाइल हैंडसेट जब्त किया गया। एबीसी 821 ऋषि राज बोडो के पास से 9678200665 वाला एक मोबाइल हैंडसेट रेडमी Y1L को जब्त किया गया। साथ में मैसेज का स्क्रीनशॉट भी जब्त किया गया जो मनोब ज्योति कलिता द्वारा अपने मोबाइल नंबर 8876772692 से भेजा गया था। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ की गई, उसे गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रदर्श 103 से 108 जब्ती सूचियों की प्रमाणित प्रतियां हैं।

26. श्री शिलादित्य चेतिया, आईपीएस, जो इस समय तिनसुकिया जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं, ने शपथ-पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्निलिखित मामले प्रस्तुत किए:-

(i) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/307 के अधीन पेंगारी पुलिस थाना में मामला संख्या 89/15.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 27.10.15 को अपराह्न 1:30 बजे, शिकायतकर्ता एसआई जॉयशंकर वारी, पेंगारी पुलिस थाना ने इस थाने में इस बारे में प्राथमिकी दर्ज कराई कि शिकायतकर्ता को नंबर 1 नोलोनी गांव में लगभग 3/4 उल्फा काडरों के शरण लेने की खबर प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस/सेना/सीआरपीएफ/तथा एसएसबी द्वारा संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान, उल्फा काडरों ने पुलिस पार्टी को देख लिया और घटनास्थल से भाग गया। उल्फा काडरों के शरणस्थल की तलाशी के दौरान इस अभियान दल ने एक आईईडी, कारतूस का पाउच, 02 एके 56 मैग्जीन, जिनमें 60 राउंड जिंदा कारतूस भरे हुए थे, 03 जैकेट आदि बरामद किए। उल्फा काडर का सामना डिब्रूजान रोड पर 7 मद्रास रेजिमेंट से हुआ और दोनों के बीच भारी गोलाबारी हुई। तलाशी के दौरान घेराबंदी करने वाली पार्टी ने कई चीजें बरामद कीं जो उल्फा काडरों द्वारा ले जाई जा रही थीं। संपूर्ण क्षेत्र को पूरी रात घेर कर रखा गया और सुबह के समय में एक उल्फा काडर अर्थात श्री प्रफुल्ल मोरान पुत्र श्री फुलेश्वर मोरान दुमसी हाथीगढ़, बोरडुम्सा पुलिस थाना को चिकोराजन गांव से पकड़ा गया।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, पेंगारी पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/307 के अधीन मामला संख्या 89/15 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। प्रदर्श 129 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ में गए, शिकायतकर्ता और उपलब्ध गवाहों से पूछताछ की। जांच अधिकारी ने अभियुक्त प्रफुल्ल मोरान पुत्र श्री फुलेश्वर मोरान, दुमसी हाथीगढ़, पुलिस थाना बोरडुम्सा को भी गिरफ्तार किया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने गवाहों की मौजूदगी में पीओ से बरामद की गई वस्तुओं को जब्त किया। गिरफ्तार अभियुक्त ने भारत

सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ने वाले उल्फा के साथ अपने संबंध को स्वीकार किया है प्रदर्श 131 से 134 पेंगारी पुलिस थाने में उक्त मामला संख्या 89/15 में जब्ती सूचियां हैं। रासायनिक जांच रिपोर्ट के अनुसार, विधिविज्ञान निदेशालय, काहिलीपाड़ा का प्रदर्श 140 टीएनटी के विस्फोटक वाले ट्रेस हैं।

(ii) बोरडुम्सा पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/307/34 के अधीन मामला संख्या 11/2016.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 16.02.2016 को पूर्वाह्न 11 बजे, शिकायतकर्ता श्री रामा इरप्पा सुंजीमनी, पुत्र इरप्पा, निवासी शांति बोस्वात पोस्ट, बेलगांव, कर्नाटक में इस बारे में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई कि इसी दिन लगभग पुर्वाह्न 12.20 बजे पुलिस को बोरडुम्सा पुलिस थाने के अंतर्गत वाथोई गांव के सामान्य क्षेत्र में उल्फा(आई)/एसएससीएन(के) के 5/6 काडरों की आवाजाही के बारे में विश्वनीय स्रोत से गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सातवें मद्रास रजिमेंट, 39वीं बटालियन एसएसबी, 68वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान चलाया गया। दिनांक 16.02.2016 को मकान की तलाशी के दौरान सुबह लगभग 05.00 बजे सुरक्षा बल तथा उल्फा(आई)/एसएससीएन(के) के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। परिणामस्वरूप सुबह 5.40 से 6 बजे के बीच गोलीबारी में 4(चार) अज्ञात उग्रवादी बुलेट से घायल हुए। घायलों को तुरंत कोथागुरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनको देख रहे डॉक्टर ने मृत लाया घोषित कर दिया। अभियान के दौरान पीओ से हथियारों और गोलाबारूदों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया जिसमें मैग्जीन युक्त एक एके 56 राइफल, दो 9एमएम पिस्तौल, वर्मा की करेंसी, मोबाइल फोन आदि शामिल थे।

तदनुसार बोरडुम्सा पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/307/34 के अधीन मामला संख्या 11/2016 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई।

जांच के बाद, मामले को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/307/34 के अधीन दिनांक 10/09/2016 के एफआर संख्या 16/2016 के तहत एफआर में मामले को वापस कर दिया गया। यद्यपि मामला सही था किंतु सभी अभियुक्त मुठभेड़ में मारे गए थे। प्रदर्श 144 बोरडुम्सा पुलिस थाने में मामला संख्या 11/2016 के तहत दर्ज प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

(iii) बोरडुम्सा पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/307 के अधीन मामला 37/2016.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 27.04.2016 को पूर्वाह्न 10 बजे, शिकायतकर्ता एनके. अनिल कुमार, पुत्र राधा कृष्णन नायर, लेखा भवन, डाक पुथानामपलम, पुलिस थाना सस्थामकोट्टाह, जिला कोल्लम (केरल), सातवां मद्रास, सी/ओ 99 एपीओ कैंप बोरडुम्सा पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि उल्फा(आई) काडर रोंगमान गोगोई उर्फ मेकुरी की मौजूदगी के बारे में उनके स्रोत से प्राप्त सूचना के आधार पर दिनांक 26.04.16 को लगभग अपराह्न 05:00 बजे बोरडुम्सा पुलिस थाने के अधीन तालपाथर गांव के सामान्य क्षेत्रों में सातवें मद्रास रजिमेंट, 19वें जाट रजिमेंट द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। बाद में, उनके स्रोत ने यह पुष्टि की कि उल्फा काडर रोंगमान गोगोई ने किसी सत्यनाथ दत्ता के घर में शरण ले रखी है और तदनुसार घर की घेराबंदी की गई किंतु वहां से कोई रिस्पोंस नहीं मिला। उस घर में रह रहे परिवार को बाहर बुलाया गया और उन्होंने भी बाहर आने पर यह पुष्टि की कि रोंगमान गोगोई घर के अंदर है।

उल्फा(I) काडर ने चुपके से चाय बागान में जाने का प्रयास किया जिसे नाइट विजन गोगल्स के माध्यम से देख लिया गया और चुनौती दिए जाने पर काडर ने ओपीएस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा एक ग्रेनेड भी फेंका। ग्रामीणों के जान-माल तथा स्वरक्षा के हित में टीम ने भी जवाबी गोलीबारी की। यह गोलीबारी दस मिनट तक चलती रही। जब गोलीबारी बंद हुई तो उल्फा(आई) काडर घायल जमीन पर पड़ा पाया गया और उसके पास एके 81 राइफल तथा

कारतूस भी थे। घायल काडर को तुरंत उपचार के लिए पेंगारी मिनी पीएचसी ले जाया गया किंतु डॉक्टर ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/307 के अधीन बोरडुम्सा पुलिस थाने में मामला संख्या 37/2016 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। प्रदर्श 146 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

जांच के दौरान, मामले को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/307 के अधीन दिनांक 29.12.2017 के एफआर संख्या 17/2017 के तहत एफआर में वापस कर दिया गया क्योंकि अभियुक्त मुठभेड़ में मारा जा चुका था।

(iv) बोरडुम्सा पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ई.एस. अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(ख)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/307/302/379 के अधीन दर्ज मामला संख्या 31/2018.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 05.05.2018 को, शिकायतकर्ता हवलदार/लांसनायक गोपाल सिंघा, पुत्र स्वर्गीय एस.के. सिंघा ने इस बारे में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी कि दिनांक 04.05.2018 को इस गुप्त सूचना के आधार पर, कि 7 (सात) उल्फा काडरों का एक समूह किसी कुलेश्वर बोराह उर्फ कोलिया बोराह, 3 कुजुपाथर, पुलिस थाना बोरडुम्सा के घर में शरण लिए हुए हैं, एसडीपीओ, मारगेरेटा, ओ.सी. बोरडुम्सा पुलिस थाना, एपीआरजी पार्टी, ओ.सी. पेंग्री पुलिस थान कोबरा पार्टी, सीआरपीएफ पार्टी और उपलब्ध पुलिस थाना स्टाफ के अधीन 3 कुजुपाथर क्षेत्र में अभियान चलाया गया, जब अभियान चल रहा था तो संदिग्ध उल्फा(आई) काडरों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाते हुए अपने स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्परूप सुरक्षा बलों और उल्फा(आई) काडरों के बीच घनघोर बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई। उल्फा(आई) काडरों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी के दौरान उपनिरीक्षक भास्कर कलिता, ओ/सी बोरडुम्सा पुलिस थाना को सीने और पेट में गोली लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत ही एलजीबी सिविल अस्पताल ले जाया गया किंतु डॉक्टर ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया। संदिग्ध उल्फा(आई) काडर मैग्जीन और गोलाबारूद के साथ उप निरीक्षक भास्कर किलता के एके 47 राइफल के साथ अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल हो गया। अभियान समाप्त होने के बाद तथा तलाशी के दौरान 04 किट बैग, 13 एके 47 राउंड, 01 उल्फा लेटरपैड, मोबाइल हैंडसेट आदि पीओ में पाए गए।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, बोरडुम्सा पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(ख)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/307/302/379 के अधीन मामला संख्या 31/2018, पेंगारी पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/307 के अधीन मामला संख्या 89/15 दर्ज किए गए और उनकी जांच की गई। बाद में, मामले को जांच के लिए एनआईए को अंतरित कर दिया गया। इस समय, मामले की जांच एनआईए द्वारा की जा रही है। प्रदर्श 163 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है और प्रदर्श 164 (दो पृष्ठों में) जांच को एनआईए को सौंपे जाने/उसके द्वारा जांच अपने जिम्मे लिए जाने की प्रमाणित प्रति है।

(v) लेखापानी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 5 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121(क)/122/353/307 के अधीन मामला संख्या 113/2018.

संक्षेप में मामला यह है कि शिकायतकर्ता श्री दाभी फते सिंह (सूबेदार), पुत्र श्री आभे सिंह, जागुन आर्मी कैम्प सी/ओ 99 एपीओ, जयरामपुर, अरुणाचल प्रदेश ने इस बारे में एक इजहार दर्ज कराया कि दिनांक 24.09.2018 को लगभग अपराह्न 6 बजे यह सूचना प्राप्त हुई कि उल्फा(आई) के 10 काडरों का एक समूह कोखोरानी गांव के पास के जंगलों में छिपा हुआ है। अपराह्न 7.45 बजे जागून सीओबी के 9वीं राजपुताना राइफल्स की टुक़डियों का सामाना विद्रोहियों से हुआ और गोलीबारी शुरू हो गई। सैन्य कार्मिकों की जवाबी कार्रवाई के परिणामस्परूप विद्रोही अंधेरे में भाग

खड़े हुए तथा कोंबिंग ऑपरेशन शुरू किए जाने से घटनास्थल से विस्फोटक और युद्ध में प्रयोग की जाने वाली अन्य वस्तुएं बरामद की गईं। आरंभिक रिपोर्ट से पता चला कि कुछ विद्रोही घायल हुए थे किंतु उस समय इसका पता नहीं लगाया जा सका था। इस संबंध में, सैन्य कार्मिकों ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह स्वीकार किया गया कि एक काडर मारा गया और दूसरा काडर घायल हुआ। प्रदर्श 166 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर लेखापानी पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 5 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121(क)/122/353/307 के अधीन मामला संख्या 113/2018 दर्ज किया गया और जांच के लिए उप निरीक्षक गोलप बेलूंग को पृष्ठांकित किया गया। दिनांक 27 सितंबर, 2018 को, पेंगरी पुलिस थाने के अधीन देहिंग नदी से एक उल्फा(आई) काडर का शव बरामद किया गया। इस शव की पहचान जन असोम उर्फ रूद्रेश्वर बरुआह, कुजुपाथर, बोरडुम्सा पुलिस थाना के रूप में की गई। शव की पहचान उसकी मां ने की। इसका संदर्भ पेंगरी पुलिस थाने में यूडी मामला संख्या 03/2018 के रूप में है और उक्त मामले का निपटान कर दिया गया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और शिकायतकर्ता श्री दाभी फतेह सिन्ह (सूबेदार) तथा गवाह श्री धर्मेन्द कुमार, श्री नीतू गोगोई, श्री तिलोक बरुआह, श्री नुमई मोरान, श्री शांतनु गोगोई, श्री रंजीत छुटिया चेतिया और श्री सत्यजीत बरुआह से पूछताछ की। जांच अधिकारी ने विस्फोटक और युद्ध में प्रयोग की जाने वाली अन्य वस्तुओं को भी जब्त किया। प्रदर्श 167 जब्ती सूची की प्रमाणित प्रति है। चूंकि सक्रिया उल्फा(आई) काडर जन असोम उर्फ रूद्रेश्वर बरुआह के शव को दिनांक 27.09.2018 को देहिंग नदी से बरामद किया गया था इसलिए यह स्पष्ट है कि प्रतिबंधित संगठन इस जिले में लोगों के मन में आतंक फैलाकर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से गोलीबारी के पीछे था।

(vi) पेंगारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121(क)/307/307/326 के अधीन दर्ज मामला संख्या 51/2015.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 15.07.2015 को, शिकायतकर्ता श्री जोय शंकर वारी, पुलिस उप निरीक्षक ने पेंगारी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 14.07.2015 को उनको बुजीलिबान नातुंग मेथोंग के गांव बुरा ने सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर, वह एस.डी.पी.ओ मार्गेरेटा के नेतृत्व में स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि 2 से 3 संदिग्ध उल्फा काडर हथियार से लैस होकर बुलिजानबॉन नातुग मेथोंग के श्री नन्दलाल शाह के घर में घुस गए और परिवार के सदस्यों को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। नन्दलाल शाह की मृत्यु घायल होने के बाद घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि उनके परिवार के 5 सदस्यों अर्थात् (1) मांती देवी शाह (2) श्री मनोज शाह (3) श्री अक्षय लाल शाह (4) श्री अजय शाह और (5) श्रीमती काजोल शाह को गोली लगी। घायल काजोल शाह को सिविल अस्पताल तिनुसकिया में मृत लाया घोषित कर दिया गया।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर पेंगारी पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/ 302/307/326 के अधीन मामला संख्या 51/2015 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। प्रदर्श 188 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है। जांच के दौरान जांच अधिकारी पीओ गए और शिकायतकर्ता तथा उपलब्ध गवाहों से पूछताछ की। जांच अधिकारी ने अभियुक्त अर्थात (1) श्री मुहीधर मोरान उर्फ रावण उर्फ जॉन असोम और (2) श्री सुरजीत मोरान को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से कुछ हथियार और गोलाबारूद, विस्फोटक बरामद किए तथा उनसे पूरी तरह पूछताछ करने के उपरांत उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया । प्रदर्श 190 से 193 जब्ती सूचियों की प्रमाणित प्रति हैं। प्रदर्श 197 से 200 जब्त किए गए हथियारों और गोलाबारूद की फोरेंसिक रिपोर्टों की प्रमाणित प्रतियां है। दोनों अभियुक्तों ने मामले में अपनी भागीदारी को स्वीकार किया। बरामद किए गए हथियारों और गोलाबारूद, विस्फोटक आदि की जांच विशेषज्ञ राय के लिए एफ.एस.एल गुवाहाटी, असम में की गई। अभियुक्तों के बयान से यह स्पष्ट है कि प्रतिबंधित उल्फा(आई) राष्ट्र के विरुद्ध अपने कथित युद्ध के लिए जिले के निर्दोष लोगों की हत्या कर रहा है और धन वसूली संबंधी अपनी मांगों को पूरा करने के लिए स्थानीय लोगों को आतंकित कर रहा है।

(vii) काकोपाथर पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 4 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/392 के अधीन मामला संख्या 54/2015.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 01.10.2015 को, शिकायतकर्ता उप निरीक्षक बदन सिंगपो, ओ/सी काकोपाथर पुलिस थाना ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह आरोप लगाया गया कि दिनांक 30.09.2015 को अपराह्न लगभग 7.45 बजे, 4 (चार) संदिग्ध उल्फा(आई) काडर सेना की वर्दी में आकर स्थानीय लोगों में आतंक फैलाने के लिए हवा में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में शिकायतकर्ता ने भी एपीआरजी पार्टी के साथ मिलकर, दस राउंड गोलियां चलाई। बाद में, उग्रवादी समूह 02 समूहों में बंटकर घटनास्थल से भाग गए। भागते समय उग्रवादी समूह ने गेलगेली पट्टी के कमल डेका के होंडा एक्टिवा वाहन, जिसका पंजीकरण संख्या AS-23-L-5120 था, को जबरदस्ती ले लिया जबकि, एक दूसरे काडर ने बंदूक की नोक पर हेमंगो गोहेन के टीवीएस स्कूटी, जिसका पंजीकरण संख्या AS-06-J-8143 था, ले गया। कुछ देर बाद, शिकायतकर्ता और उसकी पार्टी ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और 06 राउंड खाली कारतूस और एक संदिग्ध रॉकेट जैसे गोलाबारूद को जब्त किया। दिनांक 01.10.2015 को सुबह लगभग 6 बजे, पंजीकरण संख्या AS-23-L-5120 वाला होंडा एक्टिवा काथोरबस्ती तेजी रोड से बरामद किया गया।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, काकोपाथर पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 15/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 4 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/392 के अधीन मामला संख्या 54/2015 दर्ज किया गया और जांच के लिए उप निरीक्षक चंदन राउत को सौंपा गया। प्रदर्श 210 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए, एक बिना विस्फोट हुए रॉकेट जैसी वस्तु और एके 47 सिरीज राइफल के 06 खाली खोखे जब्त किए। जांच अधिकारी ने पंजीकरण संख्या AS-23-L-5120 स्कूटी को भी बरामद किया। जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और साथ ही कुछ अन्य गवाहों के बयान को दर्ज किया जिससे यह खुलासा हुआ कि उल्फा(आई) समूह के सदस्य अपने अस्तित्व को दिखाने और स्थानीय लोगों के मन में भय पैदा करने के इरादे से घटना में संलिप्त थे। प्रदर्श 212 और 213 जब्ती सूचियों की प्रमाणित प्रतियां हैं। जांच के क्रम में जांच अधिकारी ने अभियुक्त अर्थात (1) श्री लख्यजीत मोरान उर्फ मोइना उर्फ तुषार असोम 27 वर्ष, पुत्र श्री अनेश्वर मोरान, 1 काचीजान, पुलिस थाना, तोंगाना, जिला- तिनसुकिया और (2) श्री भरत चुटिया उर्फ अभिजीत असोम उर्फ भीम, पुत्र स्वर्गीय लोकेश्वर चुटिया, लेसेंगा, पुलिस थाना बारेकुरी, जिला-तिनसुकिया, असम की गिरफ्तारी को भी दर्शाया था। अभियुक्तों के बयान से यह खुलासा होता है कि वे उल्फा(आई) के निर्देश पर जिले के लोगों के मन में आतंक फैलाकर सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से प्रतिबंधित संगठन उल्फा(आई) के लिए सक्रिय रूप से दुष्प्रचार कर रहे थे।

(viii) फिलोबारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27(ख) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/307 के अधीन मामला संख्या 23/2016.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 13.08.2016 को अपराह्न 6.30 बजे, शिकायतकर्ता श्री अरबिंद शाह, पुत्र श्री किशोरी शाह, 11 बामुन गांव, पुलिस थाना फिलोबारी ने इस बारे में फिलोबारी पुलिस थाने में एक इजहार दर्ज कराया कि दिनांक 12.08.2016 को अपराह्न लगभग 7.30 बजे उल्फा के अज्ञात काडरों का एक समूह शिकायतकर्ता के घर पर आया और अपने हथियारों से अंधाधुंध गोली चलाई, जिसके परिणामस्परूप उनके पिता किशोरी शाह, भाई राजेश शाह तथा उनके रिश्तेदार श्री जितेंद्र चौधान, श्री राबन गढ़, श्री रंजीत शाह और श्रीमती प्रतिभा देवी गोलियों से गंभीर रूप से घायह हुए। शिकायतकर्ता के पिता, घायल किशोर शाह की मृत्यु मौके पर ही हो गई और राजेश शाह की मृत्यु दुमदुमा सिविल अस्पताल में हुई। गोली से गंभीर रूप से घायल हुए एक अन्य व्यक्ति को उपचार के लिए असम मेडिकल कॉलेज डिब्रूगढ़ में भर्ती कराया गया। गोलीबारी के कारण 02 मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हुई। अपराध करने के बाद संदिग्ध उल्फा काडर पीओ से भाग खड़े हुए। प्रदर्श 235 प्राथमिकी की प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर फिलोबारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27(ख) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/307 के अधीन मामला संख्या 23/2016 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने गवाहों की मौजूदगी में पीओ से आवश्यक जब्तियां की तथा शिकायतकर्ता और कुछ अन्य गवाहों से भी पूछताछ की। प्रदर्श 336 से 241 जब्ती सूचियों की प्रमाणित प्रतियां हैं। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने ऐसे पर्याप्त साक्ष्य संग्रह किए जिससे जिससे अपराध किए जाने में उल्फा(आई) की सीधी भूमिका का पता चलता है। इस प्रकार,

उपर्युक्त विवरण से यह बहुत ही स्पष्ट है कि प्रतिबंधित संगठन अपने अनुचित फायदे के लिए निर्दोष लोगों को मार कर समाज में आतंक फैला रहा है।

(ix) पेंगारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 /4 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/341/353/427/302/326/307/179 के अधीन मामला संख्या 63/16.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 20.11.16 को अपराह्न 3.00 बजे, शिकायतकर्ता स्वर्गीय नन्दूरी साईं प्रसून, 15 कुआऊं (इंदोर) आर्मी, सी/ओ 99 एपीओ कैम्प पेंगारी ने इस बारे में पेंगारी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई कि दिनांक 19.11.16 को जब एक पार्टी जिप्सी वाहन (BA No. 098-102865 A) और 2.5 टन वाहन (BA No. 14C-100892P) पेंगारी से डिगबोई की ओर जा रहे थे तो लगभग 0600 बजे एक आईईडी से आगे की जिप्सी पर धमाका कराया गया और बाद में 2 आरपीएफ, 3 यूबीजीएल पर धमाका कराया गया और विद्रोहियों के एक समूह द्वारा जिप्सी तथा 2.5 टन वाहन पर भारी गोलीबारी की गई। घटना में जानें गईं, हथियारों और गोलाबारूद का नुकसान हुआ तथा वाहन एवं उपकरण क्षतिग्रसत हुए। प्रदर्श 260 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, पेंगारी पुलिस थाने में, पेंगारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 /4 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/341/353/427/302/326/307/179 के अधीन मामला संख्या 63/16 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए तथा शिकायतकर्ता और अन्य गवाहों से पूछताछ की। जांच अधिकारी ने गवाहों की मौजूदगी में पीओ से आवश्यक जब्तियां की। प्रदर्श 262 और 263 जब्ती सूचियों की प्रताणित प्रतियां है। जांच अधिकारी ने संदिग्ध अभियुक्त अर्थात श्री लाकेश्वर बरुआह, आयु 23 वर्ष, उर्फ लबांग, पुत्र श्री पदेश्वर बरुआह, दिराक सुंजन गांव, पुलिस थाना बोरडुम्सा, जिला- तिनसुकिया, असम को भी गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता, गवाह और अभियुक्त के बयान से यह ज्ञात हुआ कि उल्फा(आई) काडर सैन्य टुक़डियों पर हमले के पीछे थे।

(x) बोरडुम्सा पुलिस थाने में पेंगारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27(2) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/ 447/307/427/34 के अधीन मामला संख्या 48/2017.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 13.12.2017 को अपराह्न 01:40 बजे, शिकायतकर्ता श्री कुमार माउगलम पेटेल, वाणिज्यिक प्रबंधक, सतरूपा टी फैक्ट्री एमकेबी (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड ने इस पुलिस थाने में यह प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि दिनांक 08.12.2017 को लगभग 19:30 बजे, आतंकवादियों/उग्रवादियों के 06 से 08 सदस्यों का एक गैंग उक्त गार्डन के कार्यालय गेट के माध्यम से प्रवेश किया और गेट पर मौजूद सभी चौकीदारों, ड्राइवरों और अन्य व्यक्तियों को बंदूक की नोक पर ले गया। उनको कब्जे में लेने के बाद उक्त आतंकवादियों ने गार्डन के कार्यालय में 20 से अधिक राउंड गोलियां चलाईं, इस समय कार्यालय में शिकायतकर्ता 03 अन्य कार्यालय स्टाफ के साथ मौजूद थे। उसके उपरांत, सभी आतंकवादी मौके से फरार हो गए और भाग्यवश कोई हताहत नहीं हुआ, गेट के सामने पार्क की गई कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसके बाद, उक्त आतंकवादी कब्जे में लिए गए सभी व्यक्तियों को अपने साथ बंदूक की नोक पर ले गए और फैक्ट्री की तरफ बढ़े और दोबारा फैक्ट्री के परिसर में खड़े ट्रक तथा फैक्ट्री भवन पर 20 से अधिक राउंड गोलियां चलाईं और इसके परिणामस्परूप वे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उसके उपरांत, उक्त आतंकवादी प्रबंधक के बंगले की ओर बढ़े और उस पर गोली चलाई तथा बंगले के एक कमरे में हैंड ग्रेनेड फेंका। यह पूरी घटना आतंकवादियों द्वारा आधे घंटे अर्थात 19:30 बजे से लेकर 20:00 बजे तक चली और वे गेट नंबर 9 से होकर गार्डन से चलते हुए बाहर चले गए। प्रभारी रिजर्व पुलिस 21:15 बजे गार्डन के कार्यालय में पहुंचे। प्रदर्श 287 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, बोरडुम्सा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क)/27(2) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/447/307/427/34 के अधीन मामला संख्या 48/2017 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। मामले की जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और पीओ का स्केच मैप बनाया तथा आवश्यक जब्तियां कीं। प्रदर्श 288, 289 और 290 जब्ती सूचियों की प्रमाणित प्रतियां हैं। शिकायतकर्ता तथा अन्य गवाहों से पूछताछ के बाद, जांच अधिकारी को पता चला कि अपराध में शामिल व्यक्ति उल्फा(आई) काडर थे। जांच अधिकारी को अन्य स्रोतों से बातचीत

के बाद यह भी पता चला कि रूपम असोम के कमांड के अधीन कुछ अन्य उल्फा(आई) अर्थात जान अक्सोम उर्फ रूद्र बरुआह, नातुन गांव, विवेक असोम, ग्यान असोम तथा मोनी असोम अत्याधुनिक हथियारों के साथ पीओ आए और फैक्ट्री के परिसर तथा भवन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। सूचना प्राप्त होने के बाद, जांच अधिकारी अन्य सशस्त्र बलों के साथ तुरंत पीओ पहुंचे और उल्फा(आई) काडरों को पकड़ने के लिए आसपास के क्षेत्रों की तलाशी ली। उपर्युक्त से यह खुलासा होता है कि उपर्युक्त उल्फा काडर प्रतिबंधित संगठन के निर्देश पर आम जनता के मन में भय पैदा करने के लिए और आगे भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए धन एकत्र करने हेतु उनसे जबरन धन वसूलने के लिए स्वयं को इन विघटनकारी गतिविधियों में शामिल कर रहे हैं।

(xi) बोरडुम्सा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27(3) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/447/302/34 के अधीन मामला संख्या 47/2017.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 12.12.2017 को, शिकायतकर्ता श्री कमलेश्वर महंत, पुत्र स्वर्गीय ब्रितेन महंत, दिरक हुन्जान, सिमूलूगुरी, पुलिस थाना बोरडुम्सा, जिला तिनसुकिया ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 11.12.17 लगभग अपराह्न 6:40 बजे, जब उनके बड़े भाई श्री अंतेश्वर महंत और उनके पुत्र करुण महंत अपने घर में थे तो उस समय लगभग 3/ 4 उल्फा काडर उनके घर में आए। उल्फा काडरों ने बहुत निकट से उन पर गोली चलाई जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको उपचार के लिए तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया किंतु उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया गया। प्रदर्श 304 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, बोरडुम्सा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27(3) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/447/302/34 के अधीन मामला संख्या 47/2017 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। मामले की जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए, पीओ का स्केच मैप बनाया और आवश्यक जब्तियां कीं। प्रदर्श 305 जब्ती सूची की प्रमाणित प्रति है। जांच अधिकारी को अन्य स्रोत से बातचीत के बाद यह पता चला कि रूपम असोम के कमांड के अधीन उल्फा(आई) बाबुल असोम, मोनीकांता असोम, ज्ञान असोम, जान असोम और दिगांता चेतिया अत्याधुनिक हथियारों के साथ पीओ आए और पीड़ितों पर अंधाधुंध रूप से गोली चलाईं। सूचना प्राप्त होने के उपरांत, जांच अधिकारी सशस्त्र बलों के साथ पीओ पर पहुंचे तथा उल्फा(आई) काडरों को पकड़ने के लिए आसपास के क्षेत्रों की तलाशी ली। घटना घटित होने के बाद, कई संदिग्ध गांवों में तलाशी अभियान चलाया गया। गवाहों के बयान से यह खुलासा हुआ कि उल्फा(आई) के निर्देश पर उपर्युक्त काडर जिले के लोगों के मन में आतंक फैलाकर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से प्रतिबंधित संगठन के लिए सक्रिय रूप से दुष्प्रचार कर रहे थे।

(xii) लेखापानी पुलिस थाने में, आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/341/436/427/384/379/323 के अधीन मामला संख्या 11/2018.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 17.01.2018 को, शिकायतकर्ता श्री चरित्र राम डेका, पुत्र स्वर्गीय रानु राम डेका, ओआईएल (ईए) ने एक इजहार दर्ज करवाया जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 16.01.2018 को, कच्चे तेल से भरे 10 तेल टेंकर खारसांग से डिग्बोई की ओर आ रहे थे। नामचिक गेट से लगभग 500 मीटर आगे बढ़ने के बाद, 10 से 16 उग्रवादी सदस्यों का एक समूह हथियारों के साथ आया और टेंकरों का रास्ता रोक लिया तथा ड्राइवरों को उनके वाहनों से उतरने के लिए कहा। उसके बाद, उन्होंने ड्राइवरों से पर्स, वाहन के दस्तावेज तथा मोबाइल फोन आदि छीन लिए और उन पर शारीरिक रूप से से भी हमला किया। बाद में, उपद्रवियों ने तेल टेंकरों में आम लगा दी तथा कुल आठ तेल टेंकरों ने आग पकड़ ली और वे क्षतिग्रस्त हो गए। प्रदर्श 322 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने के उपरांत, लेखापानी पुलिस थाने में, आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/341/436/427/384/379/323 के अधीन मामला संख्या 11/2018 दर्ज किया गया और जांच के लिए उप निरीक्षक पुलक कुमार को सौंपा गया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और शिकायतकर्ता तथा उपलब्ध गवाहों से पूछताछ की। जांच अधिकारी ने उग्रवादियों द्वारा आग के हवाले किए गए 08 टेंकरों को अपने कब्जे में लिया। गवाहों के बयान से यह पता चलता है कि उग्रवादी संगठन भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से ऐसी आतंकवादी गतिविधियां करते हैं।

(xiii) बोरडुम्सा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 447/364(क) के अधीन मामला संख्या 37/2017.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 02.09.2017 को, शिकायतकर्ता श्री सोमेन बोरडोलोई, प्रबंधन दिहिंग्या टीई, रितुबोन गांव, पुलिस थान- बोरडुम्सा ने इस पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि उसी दिन शाम लगभग 6:30 बजे, एक अज्ञात व्यक्ति हथियार के साथ मुख्य द्वारा से कूद कर दिहिंग्या टीई कार्यालय सह-आवास के परिसर में घुसा तथा इस मामले के शिकायतकर्ता गार्डन के प्रबंधक को मुख्य द्वार से बाहर आने के लिए कहा। अज्ञात व्यक्ति ने शिकायतकर्ता से गार्डन के मालिक, श्री राजीव फुकन का मोबाइल नंबर भी पूछा। हथियार से लैस उस अज्ञात व्यक्ति ने मालिक से संपर्क किया और 20 लाख से रुपए की मांग की। उस समय, शिकायतकर्ता ने 06 बंदूकधारियों को देखा था जिन्होंने अपनी पहचान उल्फा(आई) के सदस्यों के रूप में बताई थी। उसी समय उन्होंने टीई के परिसर से श्री सैलिया दोहितिया, आयु 35 वर्ष, पुत्र श्री जगत दोहोतिया, गांव- मिहोलिरितु, पुलिस थाना- बोरडुम्सा, जिला- तिनसुकिया का फिरौती के लिए अपहरण कर लिया। श्री सैलिया दोहोतिया उक्त टी एस्टेट के लिपिक थे। प्रदर्श 335 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, बोरडुम्सा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27(3) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/447/302/34 के अधीन मामला संख्या 47/2017 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। मामले की जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए, पीओ का स्केच मैप बनाया, शिकायतकर्ता तथा अन्य गवाहों से पूछताछ की तथा उनके बयान का दर्ज किया। पूछताछ के दौरान, यह पता चला कि हथियार से लैस व्यक्ति उल्फा(आई) काडर थे और वे रूपम असोम के निर्देश पर वहां आए थे। यह भी पता चला कि अन्य काडर जन असोम उर्फ रूद्र बरुआह, नातुन गांव, हिरण्य मोरान उर्फ गोडा, हाथी गढ़, ज्ञान तथा मोनीकांत थे और उन सभी के पास टी एस्टेट में आने के समय अत्याधुनिक हथियार थे। सूचना प्राप्त होने के बाद, जांच अधिकारी सशस्त्र बल के साथ पीओ पहुंचे और पीड़ित का पता लगाने तथा उल्फा(आई) काडरों को पकड़ने के लिए आसपास के क्षेत्रों की तलाशी ली तथा उसके उपरांत यह अभियान सभी छिपने के संदिग्ध स्थानों में अगले कुछ दिनों तक चला। दिनांक 05.10.2017 को अपराह्न 8 बजे, पीड़ित व्यक्ति श्री सैलिया दोहोतिया को उल्फा(आई) के अपहरणकर्ताओं ने छोड़ दिया जिनको उक्त टी एस्टेट कार्यालय के परिसर से वापस लाया गया। पूछताछ के बाद, पीड़ित सैलिया दोहोतिया ने उनके छिपने के स्थानों तथा उपर्युक्त उल्फा(आई) काडरों के नाम का खुलासा किया। 23 पंजाब रेजिमेंट, ए210 कोबरा और एपी बटालियन कार्मिकों की मदद से अपराधियों को पकड़ने के लिए संदिग्ध स्थानों में तलाशी अभियान जारी रहा। जांच के क्रम में, जांच अधिकारी ने सीसीटीवी फुटेज की एक सीडी जब्त की और उसके आधार पर एक अभियुक्त अर्थात श्री संतोष मोरान उर्फ श्री हिरण्य असोम उर्फ पोकुल, पुत्र श्री बुद्धेश्वर मोरान, ग्राम संख्या 4 काकोजान, पुलिस थाना- फिलाबारी, जिला- तिनसुकिया को गिरफ्तार किया गया। प्रदर्श 336 जब्ती सूची की प्रमाणित प्रति है। अभियुक्त के बयान से यह पता चला कि वे उल्फा(आई) के निर्देश पर लोगों को जान व माल की धमकी देकर उनसे पैसे वसूलने के लिए जिले के लोगों के मन में आतंक फैलाकर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से प्रतिबंधित संगठन के लिए सक्रिय रूप से दुष्प्रचार का कार्य कर रहे थे।

(xiv) लेखापानी पुलिस थाने में, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख)(क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/363(क) के अधीन मामला संख्या 54/2018.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 09.06.2018 को, शिकायतकर्ता श्री प्रताप उपाध्याय, पुत्र श्री दीनानाथ उपाध्याय, संख्या 3 उदयपुर, लेखापानी पुलिस थाना ने इस बारे में एक इजहार दर्ज करवाया कि दिनांक 08.06.2018 को पूर्वाह्न लगभग 11 बजे, 6-7 उपद्रवियों का एक समूह हथियारों से लैस होकर फनेंग गांव स्थित श्री राधा चेतिया के चाय बागान में आया और शिकायतकर्ता के पिता श्री दीनानाथ उपाध्याय का अपहरण कर लिया। प्रदर्श 353 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख)(क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/363(क) के अधीन मामला संख्या 54/2018 के अधीन लेखापानी पुलिस थाने में मामला संख्या 54/2018 दर्ज किया गया और जांच के लिए उप निरीक्षक पुलक कुमार को सौंपा गया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और शिकायतकर्ता तथा उपलब्ध गवाहों से पूछताछ की। जांच अधिकारी ने संदिग्ध अभियुक्त श्री हेम कांता बासुमतारी, पुत्र श्री चंद्र कांत बासुमतारी, फेनंग गांव, पुलिस थाना- लेखापानी को गिरफ्तार भी किया। दिनांक 25.06.2018 को, पीड़ित श्री दीनानाथ

उपाध्याय को अरुणाचल प्रदेश से लाया गया। पीड़ित के बयान के अनुसार, उनका अपहरण उल्फा काडर उदय असोम तथा इस संगठन के चार अन्य काडरों द्वारा किया गया था। पीड़ित और गवाहों के बयान से यह स्पष्ट है कि उल्फा(आई) भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से जबरन धन वसूली करने के उद्देश्य से लोगों को आतंकित करने के लिए इस प्रकार की गतिविधियां कर रहा है।

(xv) लेखापानी पुलिस थाने में, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख)(क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/365 के अधीन मामला संख्या 140/2018.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 20.11.2018 को शिकायतकर्ता श्री विजय बोराह पुत्र स्वर्गीय धनन्जय बोरा, 10 माइल जागून, पुलिस थाना- लेखापानी ने इस बारे में एक इजहार दर्ज करवाया कि दिनांक 19.11.2018 को लगभग अपराह्न 5.30 बजे, हथियार से लैस तीन उपद्रवियों के एक समूह ने शिकायतकर्ता के प्रबंधक श्री अपूर्वा काकोती को उनके 10 माइल जागून स्थित क्रसर मिल से अपहृत कर लिया। प्रदर्श 363 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने के उपरांत, लेखापानी पुलिस थाने में, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख)(क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/365 के अधीन दर्ज मामला संख्या 140/2018 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और शिकायतकर्ता तथा उपलब्ध गवाहों से पूछताछ की। जांच अधिकारी ने संदिग्ध अभियुक्त श्री हेमकांत बासुमतारी को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाद में पीड़ित श्री अपूर्वा काकोती को वापस ले आया गया और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत उनके बयान का दर्ज किया गया। उनके अनुसार, दिनांक 19.11.2018 को हथियार से लैस तीन व्यक्तियों ने श्री बिजय बोराह के क्रसर मिल से उनका अपहरण कर लिया था। उन्होंने अपना परिचय उल्फा काडरों के रूप में दिया तथा उनके अनुदेशों को नहीं माने जाने पर हत्या करने की धमकी दी। बाद में, सक्रिय उल्फा काडर श्री टूटू बोराह उर्फ हंडुक ने एक अन्य खुले रूप से सक्रिय कार्यकर्ता श्री जुमोन बोराह को इस मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया। अपने बयान में श्री टूटू बोराह ने स्वीकार किया कि वह उदय एक्सोम, जान एक्सोम और धोनी एक्सोम के साथ श्री अपूर्वा काकोती के अपहरण में शामिल था। पीड़ित और अभियुक्त के बयान से यह पता चलता है कि वे लोग भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से जबरन धन वसूलने के उद्देश्य के लिए स्थानीय लोगों को आतंकित करने हेतु इस प्रकार का अपराध लगातार कर रहे हैं।

(xvi) विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 447/364(क)/34 के अधीन दर्ज मामला संख्या 353/2019.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 11.10.2019 को, शिकायतकर्ता सुनितपाल भुयान, पुत्र दिम्बेश्वर भुयान, प्रबंधक, शंकर टी एस्टेट, पुलिस थाना- दुमदुमा ने तालप ओपी, पुलिस थाना दुमदुमा में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि उसी दिन अपराह्न लगभग 06:05 बजे, काली पोशाक पहने और एके 47 जैसे खतरनाक हथियारों से लैस चार (4) युवक शंकर टी एस्टेट फैक्ट्री के परिसर में घुसे और उनसे बात की। कुछ समय बाद, शंकर टी एस्टेट हेड फिटर, श्री गोरांग देब फैक्ट्री से बाहर आया तो उक्त युवकों ने फिरौती लेने के दृष्टिकोण से उसका अपहरण कर लिया। सूचना है कि युवकों ने स्वयं का परिचय उल्फा के सदस्यों के रूप में दिया। प्रदर्श 383 प्राथिमकी की सत्यापित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने के उपरांत, दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 447/364(क)/34 के अधीन मामला संख्या 353/2019 दर्ज किया गया और जांच के लिए उप निरीक्षक जयंत डेका को सौंपा गया। जांच के दौरान, घटना के तुरंत बाद, आईसी, तालप ओपी ने अपहरणकर्ताओं को पकड़ने तथा श्री गोरांग डे को उनके चंगुल से बाहर निकालने के लिए विभिन्न स्थानों में तालप ओपी स्टाफ और सीआईजेडब्ल्यू कार्मिकों के साथ मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया किंतु इसका कोई परिणाम नहीं निकला। उसके बाद, जांच की अगली कार्रवाई के दौरान जांच अधिकारी ने घटना से संबंधित कई गवाहों से पूछताछ की और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत उनके बयान को दर्ज किया। उपर्युक्त गवाहों के बयान से यह स्पष्ट रूप से यह बात सामने आई कि पीड़ित श्री गोरांग डे का अपहरण काली पोशाक पहले हथियार से लैस कम से कम चार व्यक्तियों, जिन्होंने घटना के चश्चदीद दो गवाहों की उपस्थिति में प्रतिबंधित उल्फा(आई) से जुड़े होने के रूप में स्वयं का परिचय दिया था, द्वारा दिनांक 11.10.2019 की शाम में शंकर टी स्टेट फैक्ट्री के परिसरों से किया गया था। जांच अधिकारी ने जब्ती की कार्रवाई के गवाहों की उपस्थिति में शंकर टी एस्टेट परिसरों से घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को भी जब्त कर लिया था। जब्त किए गए सीसीटीवी फुटेज से उपर्युक्त सभी गवाहों के बयानों की पुष्टि होती है। प्रदर्श 386 और 387 जब्ती सूचियों की प्रमाणित प्रतियां हैं। जब्त किए गए सीसीटीवी फुटेज के

विश्लेषण से चार ज्ञात उल्फा(आई) काडरों अर्थात (1) रूपोम असोम (2) ज्ञान असोम (3) यांखू असोम और (4) ज्ञान असोम की पहचान काली पोशाक में घातक हथियारों से लैस होकर दिनांक 11.10.2019 को शंकर टी एस्टेट से श्री गोरांग डे के अपहरण में भाग लेने वाले व्यक्तियों के रूप में की गई। हथियार से लैस अपहरणकर्ताओं द्वारा छोड़ दिए जाने तथा सुरक्षित घर पहुंचने के बाद, पीड़ित श्री गोरांग देब, शंकर टी एस्टेट, पुत्र स्वर्गीय दिनेश देब, मोघुली, पुलिस थाना- बोरडुबी, जिला- तिनसुकिया से पुछताछ की गई जिसमें उन्होंने दिनांक 23.10.2019 को छोड़े जाने तक अन्य गवाहों द्वारा बताए गए अनुसार शंकर टी एस्टेट के भीतर दिनांक 11.10.2019 की घटनाओं की पुष्टि की। पीड़ित के बयान को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के अधीन भी दर्ज किया गया। प्रदर्श 409 (चार पृष्ठ) पीड़ित का उक्त बयान है।

मामले से संबंधित उपर्युक्त तथ्यों और परिस्थितियों, गवाहों के बयानों, पीड़ित के बयान तथा शंकर टी एस्टेट से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट रूप ये यह पता चलता है कि श्री गोरांग देब का अपहरण नियोजित ढंग से फिरौती की राशि वसूलने के उद्देश्य से की गई थी और फिरौती की इस राशि का उपयोग विधिवत रूप से निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद 'संप्रभु सोशलिस्ट असम' स्थापित करने के लिए सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से भारत संघ से असम आजाद करवाने के अपने घोषित उद्देश्य को प्राप्त करने के कार्यों में किए जाने की संभावना थी।

(xvii) तिनसुकिया पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/427 के अधीन दर्ज मामला संख्या 456/2016.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 28.04.2016 को, शिकायतकर्ता श्री प्रवास चंद्र पारिक, पुत्र स्वर्गीय सोहन लाल पारिक, पदुमनी टी एस्टेट, पुलिस थाना- तिनसुकिया ने गुइजन ओपी के माध्यम से तिनसुकिया पुलिस थाने में एक लिखित प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि दिनांक 28.04.2016 को पूर्वाह्न लगभग 01.25 बजे, वह और उनके साथ रहने वाले अन्य व्यक्ति आवास के अगले गेट के ठीक बाहर बम धमाके की आवाज से जग गए। देखने पर उन्होंने पाया कि धमाके के कारण गेट से सटी पुलिया और सड़क का भाग क्षतिग्रस्त हो गया था तथा गेट और दीवार पर छिद्र देखे जा सकते थे। प्रदर्श 413 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

उपर्युक्त प्राथमिकी प्राप्त होने पर, तिनसुकिया पुलिस थाने में, ईएस अधिनियम की धारा 3/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/427 के अधीन मामला संख्या 456/2016 इस घटना के बारे में दर्ज किया गया और जांच के लिए उप निरीक्षक टुचन चेतिया को सौंपा गया।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और स्केच मैप बनाया और इसका संक्षिप्त ब्योरा तैयार किया। पीओ तिनसुकिया में श्री बिबेक अग्रवाल के आवास के सामने गुइजन पीडब्ल्यूडी रोड पर स्थित है। जांच अधिकारी ने धमाके वाले स्थल से मिट्टी के कुछ नमूने, टूटी ईंटों के नमूने आदि को लिया तथा इनको मौजूदा मामले के संबंध में, अपने पास रख लिया। जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत की जा रही कुछ और वस्तुओं को भी अपने पास ले लिया जिनमें पीओ के निकट लगाए गए कैमरे का सीसीटीवी फुटेज शामिल है। जांच अधिकारी ने इस मामले के संबंध में, कई पीओ गवाहों अर्थात 1. श्री बिबेक अग्रवाल, 2. प्रवेश चंद्र पारेक, 3. दिनेश गोगोई, 4. मंगल महाली, 5. कृष्णा पनिका, 6. दिपेन बेजबोरुआह और 7. प्रिया गोगोई से पूछताछ की और उनका बयान दंड प्रकिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत दर्ज किया।

आगे की जांच के दौरान, गवाहों के बयानों तथा स्रोत की जानकारी के आधार पर, जांच अधिकारी पांच व्यक्तियों, जिनकी अपराध में भागीदारी और संलिप्तता परिस्थितिजन्य साक्ष्य द्वारा स्थापित हो चुका था अर्थात 1. बाबुल दिहिंग्या, 34 वर्ष, पुत्र श्री कगेन दिहिंग्या, बीवीएफसीएल टाइप III क्वार्टर नंबर 570, पुलिस थाना नामपूरू, 2. पनक फुकन, 26 वर्ष, पुत्र श्री कुमुद फुकन, ना-मेथांग गांव, पुलिस थाना काकोपाथर, 3. नकुल गोगोई उर्फ नोक्ता, 28 वर्ष, पुत्र श्री माधव गोगोई, घिलागुरी गांव, पुलिस थाना नामरूप, 4. जीतू दोहोतिया उर्फ अनिल दोहोतिया, 34 वर्ष, पुत्र श्री अनेश्वर दोहोतिया, नंबर 1, सारूमाची कुरकाकानी गांव, पुलिस थाना काकोपाथर, 5. अशोक भूजल, 50 वर्ष, पुत्र श्री अमर भुजाल, कोइलाशपुर गांव, पुलिस थाना बोरडुम्सा को पकड़ने, उनसे पूछताछ करने और उनको गिरफ्तार करने में सफल रहे। जांच अधिकारी ने जब्त किए गए सभी प्रदर्शों को विशेषज्ञ राय के लिए एफएसएल, गुवाहाटी भेज दिया था। जांच के उपरांत, एफएसएल गुवाहाटी के विशेषज्ञों ने राय दी की मिट्टी के नमूनों में विस्फोटक की कम मात्रा है और यह कि संग्रह किए गए और फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए धातु के टुकड़े आईईडी के प्रोजेक्टाइल्स हो सकते हैं।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने सीसीटीवी फुटेज द्वारा दिखाए गए अनुसार, अपराध में शामिल मारूति वेन का पता लगाने का प्रयास किया तथा उक्त् मारूति वेन के पंजीकरण संख्या का पता लगाने के लिए एमवीआई से संपर्क किया। इस संबंध में, अपठनीय सीसीटीवी फुटेज के कारण, जांच अधिकारी वाहन के पंजीकरण संख्या का पता नहीं लगा सके। .

जांच के क्रम में, आईओ को यह पता चला कि मौजूदा मामले से संबंधित बम दो लोगों अर्थात जिन्तू दोहोतिया और विकास गोगोई को ज्ञात उल्फा अरुणोदय दोहोतिया द्वारा सौंपा गया था जिसे तिनसुकिया के भीतर फोड़ा जाना था। तथापि, गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पर्याप्त ठोस साक्ष्य नहीं रहने के कारण दुर्भाग्यवश मामले को तिनसुकिया पुलिस थाना में दिनांक 30.06.2019 के एफआर संख्या 309 के तहत, एफआर में वापस कर दिया गया।

यद्यपि, जांच अधिकारी ठोस साक्ष्य के आभाव में उपर्युक्त गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप साबित नहीं कर सके तथापि, जांच से यह बात सामने आई कि मौजूदा मामले से संबंधित बम को जिले में लोगों को आतंकित करने और लोगों में असुरक्षा का भाव पैदा करने की दृष्टि से उल्फा(आई) काडर अरुणोदय दोहोतिया के निर्देश पर फोड़ा गया था ताकि भय दिखाकर उल्फा(आई) की जबरन धन वसूलने संबंधी मांग पूरी की जा सके। यह कृत्य कानूनी रूप से स्थापित भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने और भारत से असम को अलग करने के उल्फा(आई) के घोषित उद्देश्य को पूरा करने के लिए था।

(xviii) तिनसुकिया पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/326/307/427 के अधीन दर्ज मामला संख्या 459/2016.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 28.04.2016 को, तिनसुकिया पुलिस थाने के शिकायतकर्ता उप निरीक्षक नबाजीत दास बागरी ने इस पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 28.04.2016 को अपराह्न लगभग 7:33 बजे, अरुणोदय असोम के अनुदेश से अभि असोम उर्फ भीम उर्फ भारत चेतिया, सभी प्रतिबंधित उल्फा(आई) के सदस्य, द्वारा तिनसुकिया शहर के देवीपुखरी पाच अली पर बम धमाका कराया गया। इसके परिणामस्वरूप, 14-15 व्यक्ति गंभीर रूप से और हल्के–फुल्के रूप से घायल हुए और पीओ पर पार्क किया गया मोटर साइकिल तथा पास की कुछ दुकानें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रदर्श 424 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, तिनसुकिया पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/326/307/427 के अधीन मामला संख्या 459/2016 दर्ज किया गया और जांच के लिए तिनसुकिया पुलिस थाने के उप निरीक्षक अजय दास को सौंपा गया। जांच अधिकारी, जांच के दौरान पीओ गए, घायलों को इलाज के लिए भेजा तथा पीओ पर आवश्यक जब्तियां कीं जिनमें ग्रेनेड लेवर, स्प्लिंटर्स आदि शामिल हैं। प्रदर्श 425 और 426 जब्ती सूचियों की प्रमाणित प्रति हैं। जांच के दौरान, जांच अधिकारी यह जान सके कि प्राथमिकी में नामित अभियुक्त अर्थात अभि असोम उर्फ भीम उर्फ भारत चेतिया को बाद में शिमालूगुरी पुलिस थाने के आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क) के अधीन मामला संख्या 46/2016 के संबंध में शिमालूगुरी पुलिस थाने द्वारा गिरफ्तार किया गया था। जांच अधिकारी ने मौजूदा मामले के संबंध में, अभि असोम को गिरफ्तार किया और उससे पूरी पूछताछ की। जांच के दौरान, अभि असोम ने खुलासा किया कि वह उल्फा(आई) का सक्रिय काडर है और वह प्रतिबंधित संगठन में शामिल होने के लिए तिबराजीत असोम से प्रभावित हुआ और उसने म्यांमार में प्रशिक्षण लिया। उसने कहा कि वह वर्ष 2016 में, काकोपाथर पुलिस थाने पर हुए रॉकेट लॉन्चर हमले में शामिल था किंतु उक्त रॉकेट लॉन्चर विस्फोट नहीं हो सका था। आगे की पूछताछ के दौरान, उन्होंने कहा कि यद्यपि वह देवीपुखुरी पाच अली पर हुए ग्रेनेड हमले में सीधे शामिल नहीं था तथापि उसने ग्रेनेड को तिनसुकिया शहर में फेंकने के लिए पेंगरी पुलिस थाने के अधीन टेकरी गांव के पूनाकॉन चेतिया को ग्रेनेड दिया था। तदनुसार, पुनाकॉन चेतिया ने ग्रेनेड दुवीपुखुरी पंच अली में फेंका था। अभियुक्त के बयान से यह साबित होता है कि ग्रेनेड फेंकने की घटना का उद्देश्य जिले के लोगों के मन में आतंक फैला कर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के व्यापक उद्देश्य से तिनसुकिया जिले में अलगाववादी गतिविधियों को आगे बढ़ाना था।

(xix) फिलोबारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 /4 के अधीन दर्ज मामला संख्या 24/16.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 15.08.2016 को, श्री गुणाकांत हजारिका, असम पुलिस का हेड कांस्टेबल, पुत्र श्री सुकेश्वर हजारिका, फिलोबारी ने इस पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि दिनांक

15.08.2016 को लगभग सुबह 08:00 बजे, संख्या 11 बामुनगांव राजेन दुकान तिनाली में, संदिग्ध उल्फा काडर द्वारा बम धमाका कराया गया था जिससे किसी को चोट और हानि नहीं पहुंची थी। प्रतिबंधित संगठन उल्फा ने स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के दौरान, भय पैदा करने के इरादे से बम धमाका कराया था। प्रदर्श 447 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, फिलोबारी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 /4 के अधीन मामला संख्या 24/16 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने विस्फोट के स्थान से मिट्टी के कुछ नमूने लिए और शिकायतकर्ता तथा अन्य गवाहों के बयानों को दर्ज किया। जांच अधिकारी ने स्रोतों से बातचीत करके अभियुक्तों की पहचान की तथा किशोर अपराधियों अर्थात श्री मानव डेका उर्फ दत्त, 16 वर्ष तथा श्री बिचित्र मोरान उर्फ उम्र 16 वर्ष को पकड़ा तथा उनको माननीय प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, जेजेबी तिनसुकिया के समक्ष प्रस्तुत किया। उनको उल्फा कार्यकर्ता हरेन डेका उर्फ अखिल असोम द्वारा मदद किए जाने के कारण पकड़ा जा सका जिसको पहले ही मौजूदा मामले के संबंध में गिरफ्तार दिखाया गया था। जांच के दौरान, यह खुलासा हुआ कि प्रतिबंधित संगठन उल्फा भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से जिले के लोगों को आतंकित करने के लिए स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के पहले तोड़फोड़ की ये गतिविधियां कर रहा है।

(xx) दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 /4 के अधीन मामला संख्या 299/2016 .

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 15.08.2016 को, शिकायतकर्ता निरीक्षक मोनी मोहन सिंघा, ओ.सी. दुमदुमा पुलिस थाना, ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि दिनांक 15.08.2016 को पूर्वाह्न लगभग 07:56 बजे, जब वह काकोजन सड़क के किनारे नंबर 6 लाइन, बुदलाबेटा टी एस्टेट पर हुई विस्फोट की घटना के स्थल पर जा रहे थे तो दुमदुमा शहर की ओर से विस्फोट की तेज आवाज सुनाई दे रही थी। उसके तुरंत बाद, उनको जीआरईएफ तिनियाली प्वाइंट के निकट सड़के किनारे नाले में नंबर 8 सूकरेटिंग पर बम धमाके के बारे में सूचना प्राप्त हुई। उन्होंने तुरंत ही उप निरीक्षक जितेन गोहेन को घटनास्थल पर जाने का निदेश दिया और वह भी नंबर 8 सुकरेटिंग की ओर चल पड़े। पहुंचने पर शिकायतकर्ता ने यह देखा कि जीआरईएफ तिनियाली प्वाइंट नंबर 8, सूकरेटिंग के निकट नाले में संदिग्ध आईईडी का विस्फोट कराया गया था। इसकी अत्यधिक आशंका थी कि धमाका उल्फा(आई) द्वारा कराया गया थाऔर पूर्व में प्राप्त जानकारी के आधार पर, उल्फा काडर रूपम, बिबिर, उमेश मोरान, उदय तथा एक और अज्ञात काडर का इस विस्फोट में संलिप्त होने का संदेह था। उल्फा द्वारा स्वतंत्रता दिवस से पहले ऐसी गतिविधियों की योजना बनाए जाने की जानकारी थी। प्रदर्श 465 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 /4 के अधीन मामला संख्या 299/2016 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और स्केच मैप तैयार किया। जांच अधिकारी ने पीओ से मिट्टी के कुछ नमूने लिए और शिकायतकर्ता तथा कुछ अन्य गवाहों का बयान दर्ज किया। जांच अधिकारी ने स्रोतों से मदद लेकर अभियुक्तों का पता लगाया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने निम्नलिखित किशोर अभियुक्तों अर्थात (i) श्री बिचित्र मोरान (16 वर्ष), पुत्र श्री पुलीन मोरान, निवासी नंबर 3 काकोजान, पुलिस थाना फिलोबारी, जिला तिनसुकिया और (ii) श्री मानब मोरान (16 वर्ष), पुत्र श्री धनेश्वर मोरान, निवासी नंबर 4 काकोजान, पुलिस थाना फिलोबारी, जिला तिनसुकिया को पकड़ा। पूरी पूछताछ के बाद, उन्होंने इस अपराध को किए जाने में अपनी भूमिका का खुलासा किया। अन्य अभियुक्त श्री बितुल मोरान उर्फ तितुल (22 वर्ष), पुत्र श्री अरना मोरान, निवासी नंबर 1 काकोजान, पुलिस थाना फिलोबारी, जिला तिनसुकिया को सैन्य कार्मिकों द्वारा पकड़ा गया था तथा पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि उसने दो अन्य व्यक्तियों अर्थात श्री बिचित्र मोचार और श्री मानव मोरान के साथ मिलकर आईईडी को रखा था। बाद में, यह भी खुलासा किया गया कि उनको उल्फा काडर रूपम असोम, उदय असोम, निबिर उमेश मोरान तथा अन्य अज्ञान उल्फा काडर द्वारा आईईडी सौंपा गया था।

(xxi) दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3/4 के अधीन मामला संख्या 298/2016.

संक्षेप में ममला यह है कि दिनांक 15.08.2016 को, शिकायतकर्ता उप निरीक्षक ज्योतिस्मान नियोग, पुत्र श्री नरेन नियोग, दुमदुमा पुलिस थाना, जिला- तिनसुकिया में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि दिनांक 15.08.2016 को जब वह अपने स्टाफ के साथ बाई-पास रोड पर गश्त ड्यूटी कर रहे थे और सेमडंग टी एस्टेट की ओर जा

रहे थे तो उन्होंने देखा कि कई लोग बुदलामेटा टी एस्टेट नं 6 लाइन के निकट एकत्र हुए थे। तब उन्होंने अपने वाहन को बुदलामेटा टी एस्टेट की ओर मोड़ दिया। पहुंचने पर उन्होंने पाया कि लगभग सुबह 06.55 बजे काकोजान रोड के किनारे नं. 6 लाइन, बुदलामेटा टी एस्टेट में संदिग्ध आईईडी विस्फोट कराया गया था। उन्होंने तुरंत निरीक्षक एम.एम. सिंह, ओसी दुमदुमा पुलिस थाने को विस्फोट की घटना के बारे में बताया। कुछ देर बाद, ओसी दुमदुमा पुलिस थाना वहां पहुंचे। उस समय स्रोत से उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस बात की अत्यधिक आशंका हुई कि विस्फोट प्रतिबंधित उल्फा संगठन के काडरों अर्थात् रूपम, निबिर उमेश मोरान, उदय तथा अन्य काडरों द्वारा किया गया था। इसके अतिरिक्त, इस बात की पुख्ता जानकारी थी कि तोड़फोड़ की ऐसी गतिविधियां उल्फा आतंकवादियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस से पहले की जातीं। प्रदर्श 492 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियमककी धारा 3/4 के अधीन मामला संख्या 298/2016 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और पीओ का स्केच मैप बनाया। जांच अधिकारी ने पीओ पर पाए गए संदिग्ध टूटे मोबाइल हैंडसेट के कुछ टुकड़ों तथा विस्फोटक के स्थान से मिट्टी के नमूने को अपने कब्जे में लिया। जाचं अधिकारी ने शिकायतकर्ता और कुछ अन्य गवाहों के बयान को दर्ज किया। पांच अधिकारी ने स्रोतों से संपर्क करके अभियुक्तों की पहचान की। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने अग्रलिखित किशोर अभियुक्तों अर्थात् (i) श्री बिचित्र मोरान (16 वर्ष), पुत्र श्री पुलिन मोरान, निवासी- नंबर 3 काकोजान, पुलिस थाना- फिलोबारी, जिला- तिनसुकिया और (ii) श्री मानब मोरान (16 वर्ष), पुत्र श्री धनेश्वर मोरान, निवासी नंबर 04 काकोजान, पुलिस थाना-फिलोबारी, जिला-तिनसुकिया को उनके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर पकड़ा। पूछताछ किए जाने पर उन्होंने अपराध में अपनी भूमिका का खुलासा किया। श्री बितुल मोरान उर्फ तितुल (22 वर्ष), पुत्र श्री अरना मोरान, निवासी नंबर 1 काकोजान, पुलिस थाना- फिलोबारी, जिला- तिनसुकिया को दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3/4 के अधीन मामला संख्या 299/2016 के संबंध में गिरफ्तार दिखाया गया। पूरी पूछताछ के दौरान, उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने दो अन्य सह अभियुक्तों के साथ मिलकर आईईडी रखा था और यह भी खुलासा किया कि यह आईईडी उनको उल्फा काडर रूपम असोम, उदय असोम, निबिर उमेश मोरान और अन्य उल्फा काडर द्वारा सौंपा गया था, जिनमें से सभी को अभी गिरफ्तार किया जाना है। प्रदर्श 494 जब्ती सूची की प्रमाणित प्रति है।

(xxii) तिनसुकिया पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3/4/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 121/121(क)/122/427 की धारा के अधीन मामला संख्या 907/16.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 15.08.2016 को, शिकायतकर्ता पुलिस निरीक्षक पुष्पाकांत हजारिका, आईसी पानीटोला ओपी ने तिनसुकिया पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि उस दिन लगभग पूर्वाह्न 7 बजे, लैपुली तिनसुकिया में एनएच-37 के निकट बम धमाका कराया गया। शिकायतकर्ता ने संदेह किया कि विस्फोट उल्फा(आई) द्वारा कराया गया था क्योंकि ऐसी सूचना थी कि उल्फा(आई) तिनसुकिया में तोड़फोड़ की ऐसी गतिविधियां करा सकता है। प्रदर्श 517 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, तिनसुकिया पुलिस थाना में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3/4/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 121/121(क)/122/427 की धारा के अधीन मामला संख्या 907/16 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए, गवाहों से पूछताछ की और आवश्यक जब्तियां कीं जिनमें ग्रेनेड के टुकड़े शामिल थे। प्रदर्श 519 जब्ती सूची की प्रमाणित प्रति है। जांच के क्रम में, जांच अधिकारी ने दो व्यक्तियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर उनको गिरफ्तार किया। अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान, उन्होंने खुलासा किया कि कुछ अज्ञात उल्फा(आई) काडरों ने लोगों को आतंकित करने के लिए तिनसुकिया शहर के विभिन्न भागों में बम रखने के लिए उनको 4 बम सौंपे थे। ऐसा एक बम लैपुली में रखा गया था आर इसका विस्फोट उल्फा(आई) द्वारा बनाई गई योजना के अनुसार कराया गया था। अभियुक्तों के बयानों से यह तथ्य साबित होता है कि वे उल्फा(आई) के निर्देशों पर कार्य कर रहे थे तथा उन्होंने जिले के लोगों के बीच आतंक फैलाकर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से उल्फा(आई) के नेतृत्व द्वारा उकने दिए गए निर्देश के अनुसार तोड़फोड़ की गतिविधियां चलाई थीं।

(xxiii) लेखापानी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121(क)/122 के अधीन मामला संख्या 13/2018.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 26.01.2018 को, शिकायतकर्ता उप निरीक्षक पुलक कुमार, पुत्र श्री रत्नेश्वर कुमार, जागुन चौकी, लेखापानी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 26.01.2018 को सुबह 9.00 बजे, जागुन बाजार में एक बम धमाका हुआ। वहां पहुंचने पर उन्होंने पाया कि धमाका बाजार परिसर क महिला शौचालय के पास हुआ था। पूछताछ करने पर उनको ज्ञात हुआ कि बम का विस्फोट गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को लोगों को आतंकित करने के लिए लिंकमैन के माध्यम से रखे गए बम को प्रतिबंधित संगठन उल्फा(आई) द्वारा कराया गया था। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रदर्श 534 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी के आधार पर, लेखापानी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121(क)/122 के अधीन मामला संख्या 13/2018 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए, गवाहों से पूछताछ की और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत उनके बयान को दर्ज किया। गवाहों से पूछताछ किए जाने तथा स्रोतों से संपर्क करने पर जांच अधिकारी ने पाया कि दिनांक 26.01.2018 को सुबह 9.00 बजे, उल्फा ने अपने लिंकमैन की सहायता से गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या को लोगों को आतंकित करने के लिए जागुन बाजार में बम रखवाया था। यद्यपि अपराध में लिप्त व्यक्ति का पता लगाने के लिए स्रोतों से संकर्प किया गया और सभी संदिग्ध अवस्थानों की तलाशी की गई। जांच अधिकारी को अभियुक्तों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल सका। इसलिए, मामले को लेखापानी पुलिस थाने में दिनांक 01.08.2018 के एफआर संख्या 26/2018 के तहत एफआर में वापस कर दिया गया।

यद्यपि अभियुक्त का पता नहीं लगाया जा सका, तथापि, उपर्युक्त अपराध जिले के लोगों को आतंकित करने, जनता के मन में असुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए उल्फा(आई) के निर्देश पर किया गया था ताकि भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए जन वसूली संबंधी अपनी मांगों को पूरा कर सकें।

(xxiv) मार्गेरीटा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122 के अधीन मामला संख्या 21/18.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 27.01.2018 को, पूर्वाह्न 11.30 बजे, शिकायतकर्ता श्री अमर ज्योति बेलुंग, पुत्र श्री अमूल्य बेलुंग, आई/सी लेडो ओपी, पुलिस थाना-मार्गेरीटा ने इस पुलिस थाने में एक इजहार दर्ज कराया जिसमें कहा गया कि दिनांक 26.01.2018 को जब वह एपी बटालियन कार्मिकों के साथ लेडो चौकी क्षेत्र में गश्त ड्यूटी कर रहे थे तो सुबह लगभग 9 बजे उनको तिरु कोलियरी साइट, लेडोसे तेज आवाज सुनाई दी। आवाज सुनने के बाद, स्टाफ कार्मिकों के साथ तुरंत तिरप कोलियरी क्षेत्र में पहुंचे और तिनसुकिया जागुन रोड में सड़क के किनारे पुलिया पर किए गए धमाके को देखा। धमाका कुछ अज्ञात उपद्रवियों द्वारा किया गया था किंतु कोई हताहत नहीं हुआ था। प्रदर्श 545 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, मार्गेरीटा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित ईएस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122 के अधीन मामला संख्या दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, पीओ (विस्फोट स्थल) से मिट्टी के कुछ नमूने एकत्र किए गए और कब्जे में लिए गए तथा जांच एवं विशेषज्ञ राय के लिए उनको एफएसएल भेजा गया, शिकायतकर्ता तथा अन्य गवाहों के बयान को दर्ज किया गया जिससे यह खुलासा हुआ कि कुछ संदिग्ध उल्फा(आई) काडरों ने एनएससीएन काडरों के साथ मिलकर स्थानीय लोगों के मन में भय पैदा करने तथा गणतंत्र दिवस समारोह का विरोध करने के लिए विस्फोट करवाया है। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने श्री बिक्रम चकमा, आयु 19 वर्ष उर्फ शोंती कुमार, पुत्र शुक्र सूर्य चकमा, निवासी नंबर 2 ज्योत्सनापुर, पुलिस थाना- दियुंग, जिला- चांगलांक, अरुणाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया जो प्रतिबंधित उल्फा(आई) समूह का घनिष्ठ सहयोगी था। उसी दिन, कुछ अन्य विस्फोट दूसरे जिलों में हुए थे जो प्रतिबंधित उग्रवादी समूह उल्फा(आई) द्वारा अपनी मौजूदगी दिखाने तथा समाज में भय पैदा करने के लिए कराया गया था।

(xxv) बारेकुरी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 387 के अधीन मामला संख्या 03/2015.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 03.02.2015 को, शिकायतकर्ता श्री मोहन लाल गुप्ता, पुत्र श्री भरत भूषण गुप्ता, सेंट्रल नामघर रोड, दुलियाजान, पुलिस थाना दुलियाजान, जिला-डिब्रुगढ़ ने इस बारे में प्राथमिकी दर्ज करवाई कि वह बारेकुरी डेन्का ओसीएस में ऑयल इंडिया लिमिटेड के अधीन एक संविदात्मक कार्य कर रहे थे। शिकायतकर्ता को दिनांक 21.08.2014 को मोबाइल नंबर 9615986079 से एसएमएस प्राप्त हुआ जिसमें 10,00,000/- रु. की मांग की गई तथा उनकी मांग पूरी न होने पर गंभीर परिणाम की धमकी भी दी गई। उसके उपरांत, उल्फा काडरों ने शिकायतकर्ता को कई बार कॉल किए और अपना परिचय पबित्र असोम तथा अरुणोदय दोहोतिया के रूप में दिया। उन्होंने डिमांड कॉल करने के लिए दूसरे फोन नंबर अर्थात 9615924420 का भी प्रयोग किया था। वे 2,00,000/- रु. लेने के लिए सहमत हो गए तथा दिनांक 03.02.2015 तक की समय-सीमा भी दी। प्रदर्श 568 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, बारेकुरी पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 387 के अधीन मामला संख्या 03/2015 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए, गवाहों से पूछताछ की तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अधीन उनके बयान दर्ज किए। जांच अधिकारी ने, उग्रवादी द्वारा धन वसूली की मांग करने के लिए प्रयोग में लाए गए मोबाइल नंबर 9615986079, 9615924420, 9508143969, 9954513188 की सीडीआर संग्रह किए। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने तीन उल्फा काडरों तथा लिंक मैन अर्थात (i) श्री रुकनोई चेतिया, पुत्र हलीराम चेतिया, पुरोनी मोटापुंग गांव (2) श्री बितुपन मोरान उर्फ दत्ता, पुत्र मोनेश्वर मोरान, फिलोबारी एमगुरी, पुलिस थाना फिलोबारी, तथा (3) श्री लोका भास्कर बोराह उर्फ बापू, पुत्र श्री भूपेन बरुआह, टोंगाना बाजार को गिरुफ्तार किया। अभियुक्तों के बयान से यह स्पष्ट है कि गिरफ्तार व्यक्ति उल्फा(आई) के निर्देश पर भारत संघ के विरुद्ध अपने तथाकथित युद्ध के लिए धन जुटाने हेतु जन-सामान्य से जबरन धन वसूल रहे थे। प्रदर्श 594 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

(xxvi) डिगबोई पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 365/511/395 के अधीन मामला संख्या 230/2017.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 21.10.2017 को, शिकायतकर्ता श्री उमेश त्यागी, श्री कृष्णा चाय बागान के प्रबंधक ने डिगबोई पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 21.11.2017 को अपराह्न 7.50 बजे, सेना की पोशाक में 2 (दो) व्यक्ति उनके बंगला में आए तथा अपना परिचय प्रतिबंधित उल्फा(आई) के सदस्य के रूप में दिया तथा उनको अपने साथ चलने के लिए कहा। त्यागी ने यह उत्तर दिया कि वह केवल एक अतिथि हैं न कि प्रबंधक तथा बाद में वह वहां से भाग खड़े हुए तथा स्वयं चाय की झाड़ियों में छिप गया। उल्फा(आई) काडरों ने लगभग 5 बार पूरे बंगले की तलाशी ली। अपराह्न लगभग 9.45 बजे, शिकायतकर्ता तब अपने छिपने के स्थान से धीरे-धीरे बाहर आए जब उन्होंने अपने बंगले के बाहर एकत्र हुए कुछ बागान निवासियों की आवाज सुनी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उग्रवादी समूह में पांच व्यक्ति थे तथा उन्होंने उनके दो मोबाइल फोन तथा उनके कार्यालय की अलमारी से 20,000.00 रु. की नकद राशि ले ली। प्रदर्श 594 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रित है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, डिगबोई पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 365/511/395 के अधीन मामला संख्या 230/2017 दर्ज किया गया और जांच के लिए उप निरीक्षक जतिन सेकिया को सौंप दिया गया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए, गवाहों से पूछताछ की तथा उनके बयान दर्ज किए जिससे यह खुलासा हुआ कि पांच उल्फा(आई) काडरों का एक समूह प्रबंधक का अपहरण करने के लिए बागान में आए थे और जब वह नहीं पाए गए तो वहां डकैती कर ली। जांच के दौरान, उल्फा काडर संतोष मोरान उर्फ हिरण्य असोम, पुत्र बुधेश्वर मोरान को इस मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया जिसने पूछताछ के दौरान यह खुलासा किया कि वह अपने सहयोगियों अर्थात (1) रूपम असोम (2) जान असोम उर्फ रूद्र बरुआह तथा (3) मोनीराम असोम और अन्य के साथ इस मामले में लिप्त थे। इसलिए, उपर्युक्त तथ्यों और परिस्थितियों से यह स्पष्ट है कि उपर्युक्त उल्फा(आई) समूह चाय बागान के प्रबंधक उमेश त्यागी का अपहरण उनको छोड़े जाने के लिए फिरौती लेने के उद्देश्य से करने हेतु आया था। फिरौती की राशि का उपयोग भारत संघ से असम को आजाद करने तथा लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के उल्फा(आई) के घोषित उद्देश्य को आगे बढ़ाने में किया जाता।

(xxvii) दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 448/365/511/387 के अधीन मामला संख्या 342/2017.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 22.11.2017 को अपरह्न 9.00 बजे, शिकायतकर्ता श्री मोनीमोहन कोच, पुत्र श्री थोगीराम कोच, दुमदुमा पुलिस थाना, ने इस पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 21.11.2017 कोअपराह्न लगभग 06.45 बजे पांच/छह उल्फा(आई) काडर अत्याधिक आग्नेयास्त्रों से लैस होकर जबरदस्ती सेमडांग चाय बागान कार्यालय में घुस आए तथा उल्फा(आई) के नाम से चाय बागान के अधिकारी से पैसे की मांग की तथा उन्होंने सेमडांग चाय बागान के सहायक प्रबंधक श्री मुश्लीहुर रहमान का अपहरण करने का भी प्रयास किया। प्रदर्श 608 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, दुमदुमा पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 448/365/511/387 के अधीन मामला संख्या 342/2017 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए और पीओ का सकेच मैप बनाया। जांच अधिकारी ने, (1) जियोनी मोबाइल हैंडसेट जिसका आईएमईआई नं. 868702020400612 और 868702023400619 तथा सिम नंबर 9854208588 था, जिस पर श्री मुश्लीहुर रहमान को मोबाइल नंबर 7085896407 से व्हाट्सअप पर धन लेने संबंधी मेसेज प्राप्त हुआ था और (2) ब्रिगेडियर जिबोन असोम, फाइनेंस सक्रेटरी, उल्फा (I) द्वारा हस्ताक्षरित उल्फा(आई) के एक्सटोरसन पेड की एक प्रति जब्त की। जांच अधिकारी ने, शिकायतकर्ता तथा कुछ अन्य गवाहों के बयान को दर्ज किया। जांच अधिकारी ने, सीईआर/एसडीआर/पीटीएल/सीएएफ के लिए एक निवेदन प्रस्तुत किया तथा तदनुसार इसे प्राप्त किया और इसका विश्लेषण किया। जांच अधिकारी ने स्रोतों से संपर्क करके अभियुक्तों की पहचान की। जांच के दौरान, अभियुक्त श्री संतोष मोरान उर्फ पाकुल उर्फ हिरण्य असोम (23 वर्ष), पुत्र श्री बुधेश्वर मोरान, निवासी काकोजान नंबर 4, पुलिस थाना फिलोबारी, जिला तिनसुकिया को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूरी पूछताछ के दौरान, उसने यह खुलासा किया कि वह उल्फा(आई) का एक सक्रिय सदस्य है तथा दिनांक 21.11.2017 को, वह अपने सहयोगियों अर्थात रूपम असोम, ज्ञान असोम, जान असोम, बिबेक असोम और मुनीराम असोम के साथ असॉल्ट राइफल से लैस होकर सेमडांग चाय बागान कार्यालय में आया था तथा उल्फा(आई) के नाम से चाय बागान प्राधिकारी से पैसे की मांग की थी। पूछताछ के दौरान,अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर डिगबोई पुलिस थाने के अधीन श्री कृष्ण चाय बागान से पैसे की मांग की थी तथा बोरडुम्सा पुलिस थाने के अधीन काथलगुरी से फिरौती के लिए एक व्यक्ति का अपहरण भी किया था।

(xxviii) डिगबोई पुलिस थाने में आईपीसी की धारा 387 के अधीन मामला संख्या 132/2018

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 9.06.2018 को अपराह्न 12:30 बजे, शिकायतकर्ता श्री सज्जन गोयल, पुत्र मोनी राम अग्रवाल, मूलीबारी बिहुटोली पुलिस थाना डिगबोई ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि लगभग 20:23 बजे, उनको मोबाइल नंबर 9774272531 से एक एसएमएस प्राप्त हुआ जिसमें उनसे 20,00000/- रु. की नकद राशि की मांग की गई। एसएमएस में, रोक्तिम असोम, उल्फा(आई) संगठन का समूह प्रभारी का नाम था। प्रदर्श 626 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, डिगबोई पुलिस थाने में, आईपीसी की धारा 387 के अधीन मामला संख्या 132/2018 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए, शिकायतकर्ता तथा अन्य गवाहों से पूछताछ की तथा उनके बयान दर्ज किए, शिकायतकर्ता के मोबाइल हैंडसेट से मेसेज का स्क्रीनशॉट अपने कब्जे में लिया। सीडीआर की ध्यानपूर्वक जांच करने के बाद, अपराध में लिप्त अभियुक्तों अर्थात (i) श्री अतुल बोरडोलोई (ii) श्री बालेश्वर प्रसाद राय तथा (iii) श्रीमती मिंटू सेकिया उर्फ माधोबी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पूछताछ के दौरान, अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि 6,00,000/- रु. की मांग करने और यह राशि लेने का कार्य उनके द्वारा व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने, 2 लाख रु. की नकद राशि, जो जबरन वसूले गए धन का एक भाग थी, तथा अपराध में प्रयोग किए गए मोबाइल हैंडसेट को बरामद किया। जांच अधिकारी ने मौजूदा मामले से संबंधित, धनराशि और मोबाइल दोनों जब्त किए। जांच के अंत में, जांच अधिकारी ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध

आईपीसी की धारा 387 के अधीन सीएस नं. 116/2018 दिनांक 31.08.2018 के तहत मामले को सीएस में प्रस्तुत कर दिया।

(xxix) लेखापानी पुलिस थाने में, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख) (क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/365/392 के अधीन मामला संख्या 27/2020

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 12.02.2020 को, शिकायतकर्ता श्री राजू खान ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमे कहा गया कि दिनांक 11.02.2020 को अपराह्न 12:00 बजे, उनका एक श्रमिक अर्थात बेकुंठ हेंडीक्यू, वारा घाट का अपहरण हथियार से लैस 3 व्यक्तियों द्वारा तब किया गया जब वह अपना दोपहर का खाना खा रहे थे। सशस्त्र काडर उनके सभी मोबाइल फोन लेकर भी चले गए। जब शिकायतकर्ता को अपराह्न लगभग 3:00 बजे यह समाचार मिला तो कुछ समय बाद उन्होंने सैन्य अधिकारी तथा लेखापानी पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी को सूचित किया और इसलिए यह मामला दर्ज हुआ। प्राथमिकी के आधार पर, लेखापनी पुलिस थाने में, आयुध अधिनियम की धारा 25(1-ख) (क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/365/392 के अधीन मामला संख्या 27/2020 दिनांक 12.02.2020 को दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। प्रदर्श 659 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

जांच के दौरान, तिनसुकिया पुलिस द्वारा, 210 बटालियन, 9आरआर की सेना और 13 असम राइफल्स के साथ मिलकर जागून के सटे वन क्षेत्रों, अरुणाचल प्रदेश की सीमा तथा लुंगवी और अरुणाचल प्रदेश के हेटलोंग गावों में तलाशी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने कुछ गवाहों से पूरी पूछताछ की और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अधीन उनके बयान दर्ज किए। उपर्युक्त जांच से यह पता चला कि उल्फा(आई) विगत 2017 से ही जागून क्षेत्र से लोगों का अपहरण करता रहा है और अब तक पांच लोगों का अपहरण किया जा चुका है। अपहरण किए गए सभी व्यक्ति जागून क्षेत्र में स्थित स्टॉन क्रसर्स/चाय बागानों के कर्मचारी थे। गवाहों तथा पूर्व में अपहरण किए गए व्यक्तियों से पूछताछ के दौरान, यह ज्ञात हुआ कि उल्फा (I) उदय असोम, धोनी असोम, यांगपू असोम और गुंजन असोम सभी अपरहणों में शामिल थे। यह भी ज्ञात हुआ कि एक वृद्ध नागा व्यक्ति तथा पूर्व एनएससीएन काडर अर्थात बाबा, जो भारत म्यांमार सीमा पर रहता है, विद्रोही समूह को संभारतंत्र संबंधी आवश्यक सहायता प्रदान करने में मदद करता है तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा को सुरक्षित रूप से पार कराने में भी मदद करता है। दिनांक 19.02.2020 को, राजू खान को अपहृत व्यक्ति बेकुंठ हेंडीक्यू को छोड़े जाने के लिए 1.2 करोड़ रु. की राशि की मांग करते हुए उल्फा(आई) काडर रूपम असोम से कॉल प्राप्त हुआ। दिनांक 04.03.2020 को, बेकुंठ हेंडीक्यू को अरुणाचल प्रदेश के लुंगवी गांव से लाया गया तथा उनसे पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि उल्फा(आई) काडर रूपम असोम, उदय असोम, विवेक, ज्ञान, यांगकू, पारसमनी असोम और सौरव असोम उनके अपहरण में शामिल थे और वे उनको म्यांमार के काफी अंदर ले गए।

जांच से यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि उल्फा(आई) वर्ष 2017 से ही जागून लेखापानी क्षेत्र से अपहरण में लिप्त है और ये सभी अपहरण उन मालिकों/कारोबारियों से फिरौती की बड़ी राशि लेने के लिए किए गए थे, जिनके व्यक्तियों/श्रमिकों का अपहरण जिले के लोगों में आतंक फैला कर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध करने के लिए अपने संगठन का वित्तपोषण करने के इरादे से किया गया था।

(xxx) तिनसुकिया पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121/121(क) के अधीन मामला संख्या 1866/2019.

संक्षेप में मामला यह है कि दिनांक 28.11.2019 को, शिकायतकर्ता, यूबीसी/37 रोबिन सोनोवाल, पुत्र स्वर्गीय सुनाराम सोनोवाल, पानीटोल ओपी, पुलिस थाना तिनसुकिया ने इस पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि जब वह अपने स्टाफ के साथ दिनांक 27.11.2019 की रात्रि में गश्त ड्यूटी कर रहे थे तो उन्होंने प्रतिबंधित उल्फा(आई) संगठन के 3 झंडों को पानीटोला ओपी के अधीन पानीटोला उच्च विद्यालय के सामने फहरते हुए देखा। प्रदर्श 679 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, तिनसुकिया पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121/121(क) के अधीन मामला संख्या 1866/2019 दर्ज किया गया तथा उसकी जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने उल्फा(आई) के झंडों को जब्त किया तथा शिकायतकर्ता तथा कुछ अन्य गवाहों के बयानों को दर्ज किया। जांच अधिकारी ने स्रोतों से संपर्क करके और सीडीआर के विश्लेषण से अभियुक्तों की पहचान की। जांच के दौरान, अभियुक्तों ने अपराध में अपराध में अपनी भूमिका स्वीकार की। उसके

उपरांत, जांच अधिकारी ने अभियुक्तों (i) हीरकज्योति फुकन, 22 वर्ष, पुत्र श्री अनुल्य फुकन, निवासी पानीटोला रेलवे गेट, पुलिस थाना तिनसुकिया (ii) हिमाद्री गोगोई, 21 वर्ष निवासी पानाटोला नौगांव, पुलिस थाना तिनसुकिया और (iii) हीरकज्योति बरुआ, 22 वर्ष, पुत्र श्री मोनुज बरुआ, निवासी पानीटोला नौगांव, पुलिस थाना तिनसुकिया को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ के दौरान यह भी खुलासा किया कि वे सोशल मीडिया एप्प पर उल्फा(आई) काडर मुन्ना बुरुआ उर्फ रूप असोम के संपर्क में थे और यह कि उसने उन लोगों को उल्फा(आई) का झंडा तैयार करने तथा इसको कुछ प्रमुख स्थानों पर फहराने के लिए कहा था। अभियुक्तों के बयानों से यह पता चलता है कि वे जिले के लोगों के मन में आतंक फैला कर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से प्रतिबंधित संगठन हेतु सक्रिय रूप से दुष्प्रचार कर रहे थे।

27. श्री भंवर लाल मीणा जो इस समय सादिया जिले के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं, ने शपथपत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया है:

दिनांक 01.11.2018 को अपराह्न लगभग 08 बजे, सी/आई, धोला (आई/सी ओ/सी सेखोवाघाट पुलिस थाना) को मोबाइल नंबर 6001290038 से एक सूचना प्राप्त हुई कि सेखोवाघाट पुलिस थाने के अधीन खेरबारी में गोलीबारी की एक घटना हुई है तथा पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। सूचना प्राप्त होने पर सी/आई, धोला पुलिस थाना, खेरबारी गांव पहुंचे और पाया कि पांच व्यक्ति अर्थात (i) श्यामल बिश्वास (आयु 55 वर्ष), पुत्र कुशाल बिश्वास, (2) अभिनव बिश्वास (आयु 22 वर्ष), पुत्र मोहनलाल बिश्वास, (3) अनंत बिश्वास (उम्र 18 वर्ष) पुत्र मोहनलाल बिश्वास (4) सुबल दास (आयु 50 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय गिरिन्द्र दास (5) धनन्जय नामशुद्र (आयु 22 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय जुगेन्द्र नामशुद्र, जो सभी खेरबारी गांव, पुलिस थाना सेकोवाघाट, जिला तिनसुकिया (पुलिस जिला सादिया) के थे, को अज्ञात उपद्रवियों द्वारा मार गिराया गया था। दिनांक 02.11.2018 ओ/सी, सेखोवाघाट पुलिस थाने ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 01.11.2018 को अपराह्न लगभग 7.30 छह अज्ञात बंदूकधारी सेना की पोशाक में खेरबारी गांव में घुसे तथा छह ग्रामीणों को स्टील ब्रिज पर लाए तथा उनमें से पांच को अंधाधुंध गोली चलाकर मार दिया। उनमें से एक व्यक्ति सहादेव नामशुद्र घटना से स्वयं का बचा पाने में समर्थ रहा। यह आशंका की गई कि यह घटना सक्रिय उल्फा आतंकवादियों द्वारा करवाई गई है। प्रदर्श 700 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है।

प्राथमिकी प्राप्त होने पर, सेखोवाघाट पुलिस थाने में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/302/307 के अधीन मामला संख्या 36/18 दर्ज किया गया और इस मामले को दिनांक 03.11.2018 के ज्ञापन संख्या एसडीवाई/सीबी/क्राइम/2697 के तहत दिनांक 03.11.2018 को एक राजपत्रित अधिकारी अर्थात पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) सादिया पुलिस जिला को जांच के लिए सौंपा गया।

जांच अधिकारी पीओ गए और चश्मदीद गवाह सहदेव नामशुद्र द्वारा बताए गए अनुसार, संपूर्ण क्षेत्र की तलाशी ली। जांच अधिकारी ने पीओ का मैप बनाया तथा 32 खाली कारतूस, 05 चप्पल और रक्त से सने 01 परिधान जब्त किए। जांच अधिकारी ने सर्किल ऑफिसर, सादिया द्वारा 05 शवों के बारे में पड़ताल का प्रबंध किया और तिनसुकिया सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम जाचं के लिए शवों को भेज दिया। जांच अधिकारी ने माननीय एसडीजेएमा, सादिया द्वारा देखे जाने के लिए जब्त की गई सामग्री भेजने का प्रबंध किया। जब्त किए गए कारतूसों को भी जांच तथा विशेषज्ञ राय के लिए एफएसएल भेजा गया।

जांच अधिकारी ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 तथा 164 के अधीन चश्मदीद गवाह सहदेव नामशुद्र तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अधीन अन्य स्थानीय गवाहों के बयान दर्ज किए। गवाहों के बयान से यह पाया गया कि छह उपद्रवी लाओपानी गांव की ओर से पैदल सेना की वर्दी में खेरबारी आए। उन्होंने श्यामलाल बिश्वास की दुकान से छह व्यक्तियों को अपने पीछे आने के लिए आदेश दिया तथा बिल्कुल निकट से उन पर गोली चला दी। उपद्रवी ने हिंदी में बात की तथा अंधेरे का फायदा उठाकर उस स्थान से चले गए।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने स्थानीय गवाहों के बयान के आधार पर एक उल्फा लिंक मैन अर्थात जिन्तु गोगोई उर्फ डिकला को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी ने अपराधियों का पता लगाने के लिए स्रोतों से संपर्क किया। मामले की जांच चल रही है।

जांच अधिकारी ने इस मामले के संबंध में, जिन्तु गोगोई उर्फ डिकला, उम्र लगभग 32 वर्ष, पुत्र मोहुदार गोगोई, बोचा गांव, पुलिस थाना सादिया को दोषी बताया और पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि वह उल्फा के साथ विधिविरुद्ध गतिविधियों में शामिल था।

28. श्री बेदांता माधव राजखोआ जो इस समय पुलिस उपायुक्त (एस एंड आई), गुवाहाटी, पानबाजार, पुलिस कमिश्नरेट गुवाहाटी, असम के रूप में कार्य रहे हैं, ने शपथपत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया:

(i) दिनांक 24.07.2018 को श्री कमल हरललका, पुत्र रामस्वरूप हरललका, निवासी श्री सदन, बीके फुकन रोड, कुमारपाड़ा, पुलिस थाना भारालुमुख ने मौखिक रूप से भारालुमुख पुलिस थाना को सूचित किया कि उनके भाई संतोष हरललका जो धुबरी में ठहरे हुए थे, को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फोन पर लगातार धमकी दी जा रही थी और धमकी देने वालों ने उल्फा संगठन के सदस्य होने का दावा किया तथा उनसे पैसे की मांग की। शिकायतकर्ता ने सूचित किया कि उनको फोन नंबर 6901158471 से पुलिस कॉल आया था तथा कॉल करने वाले ने जी.एस. रोड से, मांगी गई धनराशि संग्रह की। इस प्रकार, भारालुमुख पुलिस थाना जीडीई नंबर 1051, दिनांक 24.07.2018 के तहत दर्ज सूचना के आधार पर, उप निरीक्षक के. महंत के नेतृत्व में एक टीम ने जी.एस. रोड की ओर प्रस्थान किया। शिकायतकर्ता के एक कर्मचारी अर्थात अशोक चौधरी अपराधी द्वारा मांगी गई एक लाख रुपए की राशि साथ ले गए तथा वह पूर्व में निर्धारित अनुसार मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने जी.एस. रोड पर सोहुम शोपी के निकट अपराधी को पकड़ा तथा उसके पास से कई आपत्तिजनक चीजें जब्त कीं और एक लाख रुपए की राशि जो अशोक चौधरी के पास थी, को जब्त कर लिया।

शिकायतकर्ता श्री कमल हरललका ने बारालुमुख पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई (प्रदर्श 725) जिसके आधार पर, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निववारण अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 387 के अधीन मामला संख्या 599/18 दर्ज किया गया। .

मामले की जांच के दौरान, गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान दिपेन दास (उम्र 37 वर्ष), पुत्र कालीचरण दास, कुकुरमरा, राजपाड़ा, पुलिस थाना- बोको के रूप में की गई। अभियुक्त से पूरी पूछताछ की गई और उसके बयान को दर्ज किया गया।

उसने अपने बयान में कहा कि वह वर्ष 2003 में उल्फा लिंकमैन के रूप में शामिल हुआ था। उसके बाद, उसकी मुलाकात उल्फा नेता दृष्टि राजखोआ तथा सीमांत राभा से हुई जो भी उसके साथ था। उसने वर्ष 2009 में आत्मसमर्पण किया। इससे पहले उसे बोको पुलिस थानो द्वारा गिरफ्तार किया गया था और उसका एक मामला अभी भी बाघमारा न्यायालय में लंबित था। दिनांक 20.07.18 को सीमांत राभा ने उसे फोन नं. 9435558149 प्रदान किया और उसे धनराशि लेने के लिए गुवाहाटी जाने के लिए कहा। उसने उसे कहा कि वह अपना परिचय रतन के रूप में दे। तदनुसार, फोन पर संपर्क करने के बाद, वह गुवाहाटी में पूर्व निर्धारित स्थान पर धनराशि लेने आया। उसने कहा कि उसने फोन नं. 6901158471 से शिकायतकर्ता को कॉल किया था। कॉल करने के बाद, उसने सिम कार्ड को जीएमसी नाले में फेंक दिया था। वहां से लौटने के बाद, पुलिस ने उसे जीएस रोड पर सोहुम शोप्पी के निकट पकड़ लिया।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता श्री कमल हरललका (उम्र 60 वर्ष) तथा अशोक चौधरी, पुत्र कमलप्रीत चौधरी, नारायण नगर, पुलिस थाना- बारालुमुख से पूछताछ की और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत उसके बयान को दर्ज किया। पीड़ित संतोष हरललका का बयान भी दर्ज किया गया। .

दिनांक 25.07.2018 को, दूसरा अभियुक्त सीमांत कुमार राभा (उम्र 31 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय दिनेश चंद्र राभा, ग्राम-बनियापाड़ा, पुलिस थाना- रोंगजुली, जिला- गोलपाड़ा को रोंगजुली पुलिस थाने से पकड़ा गया। पूरी पूछताछ के बाद, उसके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाया गया और उसे वर्तमान मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया । उसके बयान को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत दर्ज किया गया।

अपने बयान में उसने कहा कि वह दिपेन दास को तब से जानता है जब वह बिकली कॉलेज, धूपधोरा का जीएस था। उसने यह स्वीकार किया कि वह वर्ष 1996/97 से उल्फा के लिंकमैन के रूप में कार्य कर रहा है। उस दौरान, उल्फा नेता प्राय: उसके घर पर आते थे और दोपहर का खाना खाते थे। वह दृष्टि राजखोआ को भी जानता था और उसके लिए काम किया करता था। दिनांक 18.07.2018 को दृष्टि राजखोआ ने उसे फोन पर कॉल किया और उसे कुछ धनराशि लेने के लिए गुवाहाटी जाने के लिए कहा।

अभियोजन स्वीकृति प्राप्त करने के लिए लिए मामला लंबित है।

(ii) दिनांक 16.05.2019 को सुबह गीतानगर पुलिस थाने के उप निरीक्षक मुकुट चंद्र डेका ने गीतानगर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई (प्रदर्श 783) जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 15.05.2019 को शाम में उसे पापा 17 स्टाफ और एसएसबी पार्टी के साथ अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 10 बजे तक गुवाहाटी सेंट्रल मॉल के सामने नाका चेकिंग ड्यूटी के लिए लगाया गया। तदनुसार, जब वह अपराह्न लगभग 7.40 अपने साथी स्टाफ के साथ चेकिंग ड्यूटी पर थे तो कुछ अज्ञात उग्रवादियों ने पुलिस चेकिंग पार्टी पर निशाना साधते हुए सामने से ग्रेनेड फेंका जो चेक प्वाइंट के पास फटा। परिणामस्परूप, 02 एसएसबी जवान और पापा ड्राइवर सहित 12 व्यक्ति हल्के-फुल्के/गंभीर रूप से घायल हुए। घायल व्यक्तियों को तुरंत गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और दूसरे अस्पताल में जांच और उपचार के लिए भेजा गया। तदनुसार, उपर्युक्त मामला दर्ज किया गया और जांच की गई। .

यह उल्लेखनीय है कि अवर सचिव, भारत सरकार, गृह मंत्रालय से दिनांक 24.06.2019 को सीटीसीआर डिविजन के आदेश संख्या 11011/22/2019/एनआईए के अनुसार, गीतानगर पुलिस थाने के मामला संख्या 210/2019 और सतगांव पुलिस थाने का मामला संख्या 147/2019 की जांच को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को अंतरित किया गया तथा तदनुसार सभी रिकॉर्डों सहित सीडी को मामले के तत्कालीन जांच अधिकारी ने एनआईए के संबंधित अधिकारी को सौंप दिया।

(iii) दिनांक 28.11.2018 को, शिकायतकर्ता सहायक उप निरीक्षक उमेश उपाध्याय ने दिसपुर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी (प्रदर्श 736) दर्ज करवाई। जिसमें यह कहा गया कि जब वह दिसपुर पुलिस थाने के पापा V के स्टाफ के साथ दिसपुर पुलिस थाने के अधीन हेंग्राबारी और बोरबारी क्षेत्र में गश्त ड्यूटी कर रहे थे तो उनको पुलिस थाने के फोन ड्यूटी अधिकारी से सूचना प्राप्त हुई कि 01 झंडा अपर हेंग्राबारी, हिल्स किला तथा दूसरा झंडा हेंग्राबारी एलपी स्कूल कैंपस जो दिसपुर पुलिस थाना अधिकार क्षेत्र में आता है, में फहराया गया था और झंडों पर उल्फा(आई), स्प्रिंग यूक्यूनोक्स लिखा हुआ था। सूचना प्राप्त होने पर वह स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उपर्युक्त झंडों को नीचे उतारा और स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में इनको अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने आरंभिक जांच की तथा स्वतंत्र भरोसेमंद स्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह पाया गया कि उग्रवादी संगठन के समर्थकों ने प्रतिबंधित संगठन के प्रभाव और मौजूदगी को दिखाने के लिए झंडे फहराया करते हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए देश के विरुद्ध संघर्ष छेड़ने के कट्टर इरादे से राजधानी शहर गुवाहाटी में और उसके आसपास उल्फा(आई) द्वारा झंडे फहराए जाते थे। इसलिए, मामले को दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और उपलब्ध गवाहों से पूछताछ की तथा उनके बयानो को दर्ज किया । जांच अधिकारी पीओ भी गए और इंडेक्स के साथ स्केच बनाया। जांच अधिकारी ने कुछ संदिग्ध कथित अभियुक्त अर्थात निलोत्पल गोस्वामी, जेहरुल इस्लाम, रोहित दत्ता, शहर अली, पुतुल दास, हिरक ज्योति गोहेन, लोजने शैकिया, पापू कलिता, सुनु ओझा, बितुपन भराली, हासिम अली, नितीश पातिर, ध्यान डोले को गिरफ्तार किया तथा उसने पूरी पूछताछ की गई और दंड प्रक्रिया संहित की धारा 41 (क) के अंतर्गत नोटिस जारी करने के बादस, उनको छोड़ दिया गया।

यह मामला अभियुक्त की गिरफ्तारी तथा आगे की जांच के लिए लंबित है।

(iv) दिनांक 13.10.2018 को अपराह्न 6 बजे शिकायतकर्ता श्री टोनमोय नाथ, पुलिस उप निरीक्षक, पानबाजार पुलिस थाना, कामरूप (एम), ने पानबाजार पुलिस थाने में एक प्राथमिकी (प्रदर्श 770) दर्ज करवाई। जिसमें कहा गया कि उसी दिन अर्थात 13.10.2018 को पूर्वाह्न लगभग 11.55 बजे एक जोर की आवाज सुनाई दी जिसके एमएमसी अस्पताल, पानबाजार, गुवाहाटी के पीछे एमजी रोड के नदी किनारे पगडंडी पर बम धमाका होने का संदेह था। इस धमाके के कारण पांच व्यक्ति अर्थात तैफुद्दीन अहमद, बिनिता दास, शंकु दास, कालपज्योति तालुकदार और शाहजहां घायल हुए और एक सिटी बस क्षतिग्रस्त हो गई। .

इस संबंध में, ई.एस. अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/325/427 के अधीन पानबाजार पुलिस थाने में मामला संख्या 687/2018 दर्ज किया गया। जांच के दौरान विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 को इस मामले में जोड़ा गया है।

कुछ मलबे और लोहे के अलग-अलग चार टुकड़े घटनास्थल से एकत्र/जब्त किए गए तथा इनको जांच और विशेषज्ञ राय के लिए एफएसएल, काहिलीपाड़ा भेज दिया गया। जब्त की गई वस्तुओं के बारे में फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट में स्पष्ट

रूप से यह कहा गया कि प्रदर्शों तथा आईईडी में प्रोजेक्टाइल्स के रूप में प्रयोग किए लोहे के टुकड़ों में हाई एक्सप्लोसिव (टीएनटी) पाया गया।

जांच के दौरान, अभियुक्त परेश दास (असम इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट, गुवाहाटी का ड्राइवर) पुत्र स्वर्गीय ललित दास, निवासी महादेव टोला पुलिस थाना- हाजो, जिला कामरूप (आर) को मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया और उससे पूरी पूछताछ की गई।

जांच के दौरान, गिरफ्तार अभियुक्त परेश दास के फोन नंबर 8399093046 की सीडीआर ली गई तथा इसका ध्यानपूर्वक विश्लेषण करने के बाद यह पाया गया कि उसने एक संदिग्ध फोन नंबर से संपर्क किया था जिसका उपयोग उल्फा के नेता श्री नयन मेधी उर्फ पाठक द्वारा किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त परेश दास से पूछताछ से यह भी खुलासा हुआ कि उसने उक्त बम धमाके में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उसने यह भी खुलासा किया कि उसे श्री नयन मेधी, कमांडर 28 बटालियन, उल्फा द्वारा वर्ष 2006 और 2009 में बम धमाका करवाने में सहायता दी गई थी।

बाद में, उल्फा के दो और लिंकमैन अर्थात बोलेन डेका, पुत्र श्री भोबेन डेका और दिम्बेश्वर डेका पुत्र श्री पुलेश्वर डेका, जो बरंगा बारी, पुलिस थाना- हरिसिंगा के थे, को इस मामले के संबंध में गिरफ्तार दिखाया गया।

अब तक, जांच कर ली गई है, अभियुक्त परेश दास के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाया गया है। उसने अपराध को साबित करने वाली सामग्री के बारे में भी प्रथम दृष्टया खुलासा किया और उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहित की धारा 120(ख)/124(क)/325 के तहत मामला दर्ज किया गया।

किंतु यहां यह उल्लेखनीय है कि अभियुक्त परेश दास की दिनांक 04.01.2019 को मृत्यु हो गई है।

मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों के नाम का पता लगाने के लिए तथा इस मामले के संबंध में कानून के अनुसार उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए परेश दास के बयान के अनुसार सह-अभियुक्त अर्थात नयन मेधी, कमांडर 28 बटालियन, उल्फा को पकड़ने हेतु मामले की जांच जारी है।

29. श्री राजवीर, आईपीएस जो इस समय दिनांक 18.12.2019 से लखीमपुर जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं, ने शपथपत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया है:

(i) दिनांक 20.10.2015 को, शिकायतकर्ता डम्ब्रूधर बोराह ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 15.10.2015 को एक युवक उनके घर आया और उल्फा लेटरपेड में लिखा पत्र सौंपा जिसमें दिनांक 20.10.2015 तक उल्फा के नाम से 30 लाख रुपए की राशि मांगी गई थी। उन्होंने इसके बारे में पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को भी मौखिक रूप से जानकारी दे दी थी। प्राथमिकी दर्ज करवाने के लिए पुलिस थाना आते समय उनको यह जानकारी मिली कि पुलिस ने इस संबंध में दो व्यक्तियों अर्थात मोहम्मद बाबुल अहमद, पुत्र मोहम्मद अबुति अहमद तथा मोहम्मद इलियस अली, पुत्र स्वर्गीय हस्मोत अली को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। उसके उपरांत, उन्होंने यह लिखित प्राथमिकी दर्ज करवाई। प्राथमिकी (प्रदर्श. 790) प्राप्त होने पर लालुक पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 384/34 के अंतर्गत मामला संख्या 233/2015 दर्ज किया गया और तदनुसार जांच की गई। .

जांच के दौरान, क्षेत्र के जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता श्री दम्ब्रूधर बोराह, पुत्र स्वर्गीय अकनमन बोराह, तुनीजान बाहबारी, पुलिस थाना लालुक, जिला लखीमपुर के बयानों को दर्ज किया तथा उपलब्ध गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए मांग पत्र को जब्त कर लिया। जांच अधिकारी ने जब्ती गवाहों: 1) श्री बिपुत सरमाह, पुत्र पद्म सरमाह, हरमुट्टी विवेकानंद कॉलेज, पुलिस थाना लालुक, 2) श्रीमती भोगोप्रवा बोराह, पत्नी श्री दम्ब्रूधर बोराह, तुनिजान बाहबारी पुलिस थाना लालुक के बयानों को भी दर्ज किया।

उन्होंने कहा कि दिनांक 15.10.2015 को, एक युवक शिकायतकर्ता के घर आया और उल्फा के लेटरपेड पर लिखा एक पत्र सौंपा जिसमें दिनांक 20.10.2015 तक उल्फा संगठन की सहायता के लिए 30 लाख रुपए की मांग की गई थी।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी पीओ गए तथा गवाह श्री भास्कर बोराह पुत्र श्री दम्ब्रूधर बोराह, तुनिजान बाहबारी, पुलिस थाना लालुक के बयान को दर्ज किया जिनको युवक ने मांग पत्र सौंपा था।

उन्होंने कहा कि दिनांक 15.10.2015 को अपराह्न लगभग 7 बजे उनके घर आया और उनको पत्र देकर वापस चला गया। उनको पत्र खोलने पर यह जानकारी मिली कि यह पत्र उल्फा के नाम से 30 लाख रुपए की राशि मांगे जाने के लिए है। उन्होंने यह पत्र तुरंत अपने पिता को दे दिया तथा उनके पिता ने इसको पुलिस को दे दिया।

जांच अधिकारी ने अभियुक्तों को पकड़ने की योजना बनाई। तदनुसार, दिनांक 20.10.2015 को, जांच अधिकारी ने दो अभियुक्तों को पदमापुर दियोरी गांव, लालुक पुलिस थाना में तब पकड़ लिया जब वे मांगी गई धनराशि लेने के लिए आ रहे थे। वे हैं, i) मोहम्मद बाबुल अहमद, पुत्र अबुति अहमद, पदमापुर मुस्लिम गांव, पुलिस थाना लालुक तथा 2) मोहम्मद इलियस अली, पुत्र मोहम्मद हजमोत अली, नं. 2 केहुटोली गांव, पुलिस थाना लालुक। जांच अधिकारी ने, गवाहों की मौजूदगी में दो मोबाइल नंबर 8256097386 और 8752994442 को अपने कब्जे में ले लिया, जिनका उपयोग डराने-धमकाने तथा शिकायतकर्ता से धनराशि लेने के लिए किया जाता था। जांच अधिकारी ने, जब्ती गवाहों, 1) श्री सोक्रेश्वर बोराह, पुत्र श्री गणेश बोराह, लिपखाना, पुलिस थाना लालुक, लखीमपुर तथा 2) बिपुत सरमाह, पुत्र श्री पदम सरमाह, हरमुटी, पुलिस थाना लालुक, लखीमपुर के बयान भी दर्ज किए।

उन्होंने कहा कि दिनांक, 20.10.2015 को, उपद्रवियों ने फोन पर शिकायतकर्ता से संपर्क किया तथा उनसे कहा कि वह मांगी गई धनराशि देने के लिए पदमापुर दियोरी गांव आए। पुलिस द्वारा बनाई गई योजना अनुसार, गवाहों भी पुलिस टीम के साथ मौके पर गए जब वे मांगी गई धनराशि लेने के लिए आए थे। .

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने मामले के संबंध में अभियुक्त i) मोहम्मद बाबुल अहमद, पुत्र अबुति अहमद, पदमापुर मुस्लिम गांव, पुलिस थाना लालुक तथा 2) मोहम्मद इलियस अली, पुत्र मोहम्मद हजमोत अली, नं. 2 केहुटोली गांव, पुलिस थाना लालुक को गिरफ्तार किया तथा उनके बयानों को दर्ज किया। मोहम्मद बाबुल अहमद ने कहा कि वह उल्फा का सदस्य है। उसे उत्तरी लखीमपुर शहर में ग्रेनेड फेंकने के मामले में गिरफ्तार किया गया था और नयायिक हिरासत में भेजा गया था। उल्फा का लेटरपेड उसके पास लंबे समय से था जब वह उल्फा संगठन में था। श्री दम्ब्रूधर बोराह, पदमापुर बाहबारी गांव ने उल्फा के लेटरपेड का प्रयोग करके धनराधि मांगने की योजना बनाई तथा इस विषय में मोहम्मद इलियस अली से चर्चा की। तदनुसार, उसने दम्ब्रूधर बोराह को मांग पत्र सौंपा जिसमें दिनांक 20.10.2015 तक 30 रुपए की राशि मांगी गई थी। दिनांक 20.10.2015 को, पुलिस ने उसे पदमापुर देयोरी में उस समय पकड़ लिया जब वे मांगी गई धनराशि लेने के लिए आए थे। यह खुलासा किया गया कि मोहम्मद बाबुल अहमद उर्फ रोबी असोम उल्फा का सदस्य है। उसे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 3 /4 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/326/307/427 के अधीन उत्तरी लखीमपुर पुलिस थाने में मामला संख्या 519/2013 के संबंध में उत्तरी लखीमपुर शहर में बम धमाके की घटना के लिए गिरफ्तार किया गया।

(ii) दिनांक 28.11.2018 को, शिकायतकर्ता श्री नीलकंठ सोनोवाल, सहायक उप निरीक्षक, धालपुर ओपी ने एक लिखित इजहार प्रस्तुत किया जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 28.11.2018 को पूर्वाह्न 08.10 बजे सी/30 बटालियन, सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर ने फोन पर उन्हें सूचित किया कि उल्फा(आई) संगठन के झंडे से मिलते-जुलते एक झंडा धालपुर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल के मैदान के गोल पोस्ट पर फहरता हुआ पाया गया। तदनुसार, कंपनी कमांडर, सीआरपीएफ द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुसार, झंडे को पीओ में गवाहों की मौजूदगी में जब्त कर लिया गया। यह संदेह है कि इस झंडे को आम लोगों में आतंक फैलाने के षड्यंत्र के भाग के रूप में उल्फा लिंकमैन या किसी अज्ञात अलगाववादी व्यक्तियों द्वारा टांगा गया था जो कि एक देश द्रोह का कृत्य है। .

शिकायतकर्ता सहायक उप निरीक्षक नीलकंठ सोनोवाल से प्राथमिकी (प्रदर्श. 817) प्राप्त होने पर, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120ख/121 के अधीन बिहपुरिया पुलिस थाने में मामला संख्या 761/2018 दर्ज किया गया।

जांच के दौरान, मामले के जांच अधिकारी ने श्री टी. थ्वांगलियानलाल जोउ, कंपनी कमांडर, सी/30 बटालियन सीआरपीएफ, जो धालपुर ओपी के कैंप में है, द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर उल्फा के झंडों से मिलते-जुलते झंडे को उपलब्ध गवाहों की मौजूदगी में कब्जे में लिया है। जांच अधिकारी ने, शिकायतकर्ता तथा चौकी पर उपलब्ध जब्ती गवाहों; 1) श्री टी. थ्वांगलियानलाल जोउ पुत्र स्वर्गीय लिम्जाडोंग जोउ, सी/30 बटालियन सीआरपीएफ, कैंप धालपुर ओपी, पुलिस थाना- बिहपुरिया 2) श्रीमती जूनू बोरुआह हजारिका पत्नी स्वर्गीय प्रदीप हजारिका ग्राम- कछुआ, पुलिस थाना- बिहपुरिया और 3) श्री राजेन फुकन पुत्र निर्मल फुकन, ग्राम- कछुआ उरियमगुरी (धालपुर), पुलिस थान- बिहपुरिया के बयानों को भी दर्ज किया।

उन सभी ने यह कहा कि दिनांक 28.11.2018 को पूर्वाह्न लगभग 6.30 बजे सीआरपीएफ कार्मिक दिनांक 29.11.2018 को कम्प्यूटर वितरण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अठाबारी प्लेग्राउंड को साफ कर रहे थे तो उन्होंने दक्षिण धालपुर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय प्लेग्राउंड के गोल पोस्ट पर उल्फा के प्रतीक और एक आधे उगते सूर्य के चिन्ह वाले एक झंडे को फहरते हुए देखा। तदनुसार, शिकायतकर्ता ने बांस के पोस्ट तथा झंडे को ले लिया और उसे चौकी पर ले आया तथा उसे जांच अधिकारी द्वारा ओपी में कब्जे में ले लिया गया।

जांच अधिकारी ने मामले के संबंध में, पूछताछ के लिए निम्नलिखित संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा है। 1) श्री दिलीप बोरा 2) श्री प्रशांत बोराह 3) जुगल दास पुत्र कमल दास 4) श्री प्रवीण बोराह 5) श्री संजीव दोवाराह और 6) श्री पूर्णा गोगोई।

पूछताछ के दौरान, यह खुलासा हुआ कि दो संदिग्ध व्यक्तियों अर्थात पूर्णो गोगोई पुत्र श्री सोनाराम गोगोई, डिब्रूवालगांव तथा संजीव दोवाराह पुत्र श्री प्रफुल्ल दोवाराह, भीटोरडोलोनी गांव, बिहपुरिया को विगत में उल्फा के संदिग्ध लिंकमैन के रूप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। किंतु उन्होंने मौजूदा मामले में अपनी भागीदारी से इंकार किया। इन दो संदिग्ध व्यक्तियों को चार अन्य संदिग्धों के साथ बाद में जांच अधिकारी द्वारा पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया क्योंकि उनके विरुद्ध कोई ठोस साक्ष्य नहीं पाया गया।

30. श्री सुशांत बिश्व शर्मा, एपीएस, जो दिनांक 23.01.2019 से पुलिस अधीक्षक, गोलपाड़ा जिला, असम के रूप में कार्यरत हैं, ने शपथ-पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया है:

(i) भारत की अखंडता और सौहार्द को नष्ट करने के उद्देश्य से हरिनाथ राभा उर्फ लांबू, तारीनिन पाथर, सेलापाड़ा पहाड़ के नेतृत्व में, उल्फा सदस्यों के एक समूह के कैंप होने के बारे में ओसी, क्रिष्णई पुलिस थाना को एक सूचना प्राप्त हुई। शीघ्र ही, शिकायतकर्ता ने कमांडो बटालियन के बल के साथ क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। लगभग पूर्वाह्न 9.00 बजे तलाशी दल उल्फा के कैंप पर पहुंचा और उसे घेर लिया। शीघ्र ही, उल्फा के उग्रवादी समूह ने तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। स्वरक्षा में पुलिस दल को उन पर जवाबी गोलीबारी करनी थी। गोलीबारी के समाप्त होने के बाद, कैंप से दो बैग, एक कंबल, बर्तन तथा कुछ कपड़े बरामद हुए और तदनुसार उनको जब्त कर लिया गया। बाद में, यह पुष्टि की गई कि यह उग्रवादी समूह उल्फा नेता दृष्टिराजखोआ उर्फ मनोज राभा के अनुदेशों के अनुसार, कार्य कर रहा था। इस संबंध में, मामला संख्या 35/16 को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120ख/121/121A/122/124क/353/307 कृष्णई पुलिस थाना में दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। प्रदर्श 857 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जो उल्फा के सदस्य हैं - i) हरिनाथ राभा उर्फ लांबू उर्फ अपारोय, पुत्र भूपेंद्र राभा, ग्राम- सेलापाड़ा, पुलिस थाना- कृष्णई और ii) सेनबाथ के संगमा उर्फ निनांकग, पुत्र बिलापसोन मोमिन, ग्राम- डोरांगटिप, पुलिस थाना- कृष्णई को गिरफ्तार किया। उक्त मामले में उनकी संलिप्तता के बारे में पर्याप्त साक्ष्य की पुष्टि हो गई है।

जांच के पूरा होने के बाद, उक्त मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(A)/122/124(क)/353/307 के तहत कृष्णई पुलिस थाने में मामला संख्या 239/16 के तहत आरोप-पत्र दाखिल किया गया।

(ii) दिनांक 08.01.2015 को, गुवाहाटी तथा गोलपाड़ा में गणतंत्र दिवस से पहले विघटनकारी गतिविधियां करने के लिए बोरझोरा गांव में 3-4 संदिग्ध उल्फा आतंकवादियों की आवाजाही और उनके छिपे होने के बारे में सूचना प्राप्त हुई जिसके आधार पर गोलापाड़ा के पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस द्वारा तलाशी अभियान चलाया गया। अपराह्न 0200 बजे सप्लेंगकाटा गांव में एक घने जंगल के बीच पहाड़ की चोटी में छिपने के स्थान का पता चला और उसके बाद क्षेत्र की घेराबंदी की गई। उस समय 3 से 4 संदिग्ध उल्फा काडरों ने पुलिस तलाशी दल का सामना किया। जब पुलिस दल ने उनको पहचान के लिए रुकने को कहा तो उन लोगों ने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी की। स्वरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की। एक दूसरे के बीच गोलीबारी के दौरान दो काडर भाग खड़े हुए और जब गोलीबारी बंद हो गई तो स्थान की तलाशी ली गई। पीओ में एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति 7.65 एमएम पिस्टल और सात राउंड जिंदा कारतूस तथा कुछ अन्य लेख बरामद किए। घायल को तुरंत अगिया पीएचसी भेजा गया जहां इलाज कर रहे डॉक्टर ने उसे मृत लाया हुआ घोषित किया। मृत की पहचान स्रोत द्वारा उल्फा निर्देश असोम उर्फ कोनोक राभा, गांव- बामुनडांगा, लखीमपुर पुलिस थाना के एसएएल/सीपीआई के रूप में की गई। क्षेत्र की तलाशी के दौरान, 7 राउंड खाला 9 एमएम वाले गोलाबारूद, 6 राउंड एके-47 गोलाबारूद, 6 मोबाइल हैंडसेट, 12 सिमकार्ड बरामद किए गए। मृत शरीर पर इन्क्वेस्ट कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा

किया गया तथा उसके बाद मृत शरीर को पोस्टमार्टम जांच के लिए सिविल अस्पताल गोलापाड़ा भेज दिया गया। इस संबंध में, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-क)/27 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120ख/121/121क/353/307 के अधीन अगिया पुलिस थाने में एक मामला संख्या 06/2015 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और कुछ गवाहों से पूछताछ की। इन बयानों के आधार पर, एक दूसरे के बीच गोलीबारी की घटना तथा अभियुक्त/मृत उल्फा सदस्य की पहचान की जा सकी। समुचित जांच के बाद, दिनांक 12.11.2018 को मामले को अगिया पुलिस थाने के एफआर नंबर 87/18 के तहत एफआर में वापस कर दिया गया। .

(iii) दिनांक 05.04.2016 को, ओ/सी कृष्णई पुलिस थाना ने एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह आरोप लगाया गया कि दिनांक 05.04.2016 को, ओसी, कृष्णई पुलिस थाना के नेतृत्व में असम पुलिस कमांडों तथा सुरक्षा बल कार्मिक की एक टीम खुफिया जानकारी पर कार्य करते हुए जिरागारो बस्ती क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाया गया। जब दोपहर लगभग 1 बजे तलाशी चल रही थी तो दल ने बंद दरवाजे वाले एक मकान को घेर लिया। टीम ने जब यह पूछा कि क्या मकान के अंदर कोई है, तो किसी ने कुछ उत्तर नहीं दिया। इस प्रकार कांस्टेबल नंबर 202 स्वपन नाथ, कमांडो बटालियन ने दरवाजे पर धक्का मारा और अंदर चला गया। उस समय मकान के अंदर संदिग्ध हथियार से लैस उल्फा उग्रवादी थे। जिन्होंने कांस्टेबल स्वपन नाथ को देखकर गोली चला दी। कांस्टेबल स्वपन नाथ ने, तुरंत ही अपने सर्विस एके-47 राइफल से जवाबी गोलीबारी की। इस मुठभेड़ के दौरान, कांस्टेबल स्वपन नाथ को गोली लगी और वह वहीं गिर पड़े। संदिग्ध उल्फा काडरों ने पुलिस तथा सुरक्षा बल दल पर अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस ने भी जवाब में अपने सर्विस हथियारों से गोली चलाई। एक संदिग्ध उल्फा काडर को गोली लगी और वह घायल हुआ तथा दो काडर पेड़ पौधों की आड़ में भाग निकलने में सफल रहे। जब गोलीबारी रुकी तो पुलिस /सुरक्षा बल दल ने मकान की तलाशी ली तथा मृत कांस्टेबल स्वपन नाथ तथा एक अज्ञात आतंकवादी के शव को प्राप्त किया। पुलिस /सुरक्षा बल ने 36 ग्रेनेड, 03 पिस्तौल और उनके साथ 19 राउंड गोलाबारूद, एम20 पिस्तौल का खाली मैग्जीन, 02 एके-56 खाली मैग्जीन, 01 एके-47 के 21 राउंड जिंदा गोलाबारूद, 05 डेटोनेटर सेट, 21 राउंउ खाली कारतूस, 02 राउंड 7.65 जिंदा गोलाबारूद, 02 रिमोट कंट्रोल डिवाइस, जिसका प्रयोग आईईडी के विस्फोट के लिए किया गया था, 05 मोबाइल हैंडसेट, 24 बैटरी, 02 टॉर्च लाइट, 04 बांग्लादेश के सिम कार्ड (आरओबीआई प्रीपेड), उल्फा से संबंधित अपराध को साबित करने वाले दस्तावेज आदि बरामद किए। यह भी आरोप है कि एक सर्विस एके-47 राइफल तथा एक मैग्जीन गोलाबारूद के साथ घटना में खो गया। शीघ्र ही पुलिस अधीक्षक, गोलपाड़ा एएसपी (मुख्यालय) गोलपाड़ा डीआईजी डब्ल्यू.आर. बोंगईगांव, कमांडेंट 6/5 जीआर, सेना तथा कमांडेंट, 152 बटालियन सीआपीएफ घटनास्थल पर पहुंचे और भाग खड़े हुए आतंकवादियों की तलाशी में असम पुलिस तथा नॉर्थ गारो हिल्स पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से गहन तलाशी अभियान चलाया गया।

घटना के संबंध में, कृष्णई पुलिस थाने में आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-क)/27, ईएस अधिनियम की धारा 4/5 तथा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120ख/121/121क/122/353/307/302/34 के अधीन मामला संख्या 99/2016 दर्ज किया गया और जांच की गई। प्रदर्श 884 प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति है। जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने सेफ्टी चाबी के साथ डेटोनेटर से युक्त एक 36 जिंदा ग्रेनेड, एक 7.65 एमएम पिस्तौल जिसके साथ मैग्जीन और 02 जिंदा गोलाबारूद था, मैग्जीन के साथ 9 एमएम पिस्तौल और 10 आरडी जिंदा गोलाबारूद, 21 जिंदा गोलाबारूदों के साथ एके मैग्जीन और अपराध में प्रयोग किए जाने वाली कुछ अन्य वस्तुएं जब्त कीं जिनका ब्यौरा जब्ती सूची में दिया गया है। प्रदर्श 886, 887 और 888 जब्ती सूची की प्रमाणित प्रति हैं।

जांच के दौरान, पुलिस ने अभियुक्त हरिनाथ राभा उर्फ लांबू उर्फ अपोरोय, पुत्र भुपने राभा, गांव सेलापाड़ा, पुलिस थाना- कृष्णई, जिला गोलपाड़ा (असम) तथा सेनबाथ के मारक उर्फ निनांग, पुत्र श्री बिलापसोन मोमिन, गांव डोरांगटिप, पुलिस थाना- कृष्णई, जिला गोलापाड़ा (असम) को गिरफ्तार किया जो उल्फा के सदस्य हैं।

जांच के दौरान यह पाया गया कि जांच अधिकारी द्वारा संग्रह की गई पर्याप्त सामग्री हैं जो अपराध करने में उल्फा के सदस्यों की संलिप्तता तथा गोलपाड़ा के लोगों में आतंकवादी गतिविधियां फैलाकर भारत संघ के विरुद्ध छेड़ने के उनके इरादे को दर्शाता है। जांच के पूरा होने के बाद, अभियुक्तों अर्थात् हरिनाथ राभा उर्फ लांबू उर्फ अपोरोय, पुत्र भुपने राभा, गांव सेलापाड़ा, पुलिस थाना- कृष्णई, जिला गोलपाड़ा (असम) तथा सेनबाथ के मारक उर्फ निनांग, पुत्र श्री बिलापसोन

मोमिन, गांव डोरांगटिप, पुलिस थाना- कृष्णई, जिला गोलापाड़ा (असम) के विरुद्ध आरोप-पत्र दाखिल किए गए जो उल्फा के सदस्य हैं। यह आरोप पत्र संख्या ULFA 43/2018, दिनांक 2.04.2018 को आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-क)/27, ईएस अधिनियम की धारा 4/5 तथा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120ख/121/121क/122/353/307/302/34 के अधीन दाखिल किया गया था।

(iv) दिनांक 04.04.2016 को, सूचना देने वाले उप निरीक्षक हमिदुल रहमान, दुधनोई पुलिस थाना ने, एक प्राथमिकी (प्रदर्श 905) दर्ज करवाई जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह आरोप लगाया गया है कि दिनांक 04.04.2016 को अपराह्न लगभग 7.20 बजे दुधनोई चरियाली में एक आईईडी धमाका हुआ जहां 29 लोग घायल हो गए जिनमें से दो व्यक्तियों अर्थात बापन शाहा और अजीत दत्ता की दुधनोई एफआरयू और गोलपाड़ा सिविल अस्पताल में मृत्यु हो गई। घायल व्यक्तियों को गोलपाड़ा सिविल अस्पताल भेजा गया। एक उप निरीक्षक राजेंद्र तालुकदार, हेड कांस्टेबल सेलेश तिवारी, यूबीसी 90 गणेश दास तथा एचजी जादूमणी नाथ धमाके में घायल हुए थे जो दुधनोई चरियाली ट्रैफिक प्वाइंट पर ड्यूटी पर थे। इस धमाके में उल्फा की भूमिका होने का संदेह था। भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के प्रयास में व्यक्तियों का एक समूह हथियार, गोलाबारूद एकत्र करता रहा है और कुछ समूह यूनाइटेड लिब्रिशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा) नाम संगठन के सदस्यों द्वारा युद्ध छेड़ने के कार्य को सुगम बना रहे थे। यह भी आरोप है कि ऐसे व्यक्ति सामान्यतया गोलपाड़ा जिले में और विशेषकर दुधनोई क्षेत्र में फिरौती के लिए अपहरण के कार्य को सुगम बनाते रहे हैं।

इस घटना के संबंध में, दुधनोई पुलिस थाने में ईएस अधिनियम की धारा 3/4/5 विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 121 क/122/124क/353/307/302 के तहत मामला संख्या 44/2016 दर्ज किया गया और उसकी जांच की जा रही है। जाचं के दौरान, जांच अधिकारी ने अच्छी खासी संख्या में जब्ती की है जिनका ब्यौरा जब्ती सूची में दिया गया है।

यह उल्लेखनीय है कि घटना के दिन धमाके के परिणामस्वरूप दो व्यक्तियों अर्थात बपन शाहा और अजीत दत्ता की मृत्यु हो गई थी। बाद में, उपचार के दौरान दो और व्यक्तियें, जो उसी धमाके में घायल हुए थे, अर्थात महंत दास और दिपांकर शाहा की मृत्यु हो गई। शवों का इन्क्वेस्ट किया गया और उनको पोस्टमार्टम जांच के लिए भेजा गया। जांच अधिकारी ने 12 घायल रिपोर्टें प्राप्त कीं। जाचं अधिकारी ने इस घटना के संबंध में घायल व्यक्तियों तथा कुछ गवाहों से पूछताछ की।

जांच के दौरान, घटनास्थल पर फोरेंसिक साइंस, असम काहिलीपाडा, के निदेशक गुवाहाटी आए थे और मौके पर आने के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिससे यह पता चला है कि विस्फोट के स्थान पर एक शक्तिशाली आईईडी का विस्फोट कराया गया तथा आईईडी को इलेक्ट्रिक पोल के पीछे पगडंडी के बगल में रखा गया था।

आगे जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने i) पूर्णा राभा उर्फ पूर्णा संगमा, पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर राभा, गांव- थापा डांगरी, पुलिस थाना- मेंदीपाथर, नॉथ गारो हिल्स, मेघायल ii) मुकुंद राभा, पुत्र भुपेन राभा, गांव- सीतुकोना, पुलिस थाना- मेंदीपाथर, नॉर्थ गारो हिल्स iii) अपूर्बा राभा, पुत्र खगेंद्र राभा, गांव- सीतुकोना, पुलिस थाना- मेंदीपाथर, नॉर्थ गारो हिल्स iv) नरेश्वर राभा उर्फ तलत, पुत्र भरत राभा, गांव- सीतुकोना, पुलिस थाना- मेंदीपाथर, नॉर्थ गारो हिल्स v) फरिनाथ राभा उर्फ अपरोल राभा उर्फ हरि काला उर्फ लांबू, पुत्र भुपेन राभा, गांव चीलपाड़ा, पुलिस थाना- कृष्णई, जिला- असम vi) सेंगबार्थ के. मारक उर्फ निंगन उर्फ लेंगरा, पुत्र ओलिपसोन मोमिन, गांव- टोरोंगथोप, पुलिस थाना- कृष्णई, vii) खगेन रे उर्फ पाथन असोम उर्फ अनिल, पुत्र स्वर्गीय टिकेन चंद्र रे, गांव- कलितापाड़ा, बकियाटारे, पुलिस थाना-मटिया, जिला- गोलपाड़ा (असम) को गिरफ्तार किया और उनके बयान को दर्ज किया। गिरफ्तार अभियुक्त पूर्णा राभा उर्फ पूर्णा संगमा जो उल्फा का सदस्य था, ने जांच अधिकारी के समक्ष स्पष्ट रूप से कहा कि वह उल्फा के सदस्य फरिनाथ राभा उर्फ अपरोल राभा उर्फ हरि काला उर्फ लांबू, पुत्र भुपेन राभा, गांव चीलपाड़ा, पुलिस थाना- कृष्णई, जिला- असम को जानता था और उसका प्रशिक्षण बांग्लादेश में हुआ था। उसने उसे दुधनोई पुलिस थाना के निकट बम रखने के लिए कहा था। बम स्कूल बैग में रखा गया था और जब उसने बम को रखने से इंकार कर दिया तो उसने पूर्णा राभा से यह अनुरोध किया कि वह इस मामले का खुलासा पुलिस को न करे तथा उसने फिल्ड में अजमल नामक एक व्यक्ति को बुलाया तथा उसके पहुंचने पर उसे बैग सौंप दिया गया। बम वाले बैग को सौंपने के चार दिन बाद दुधनोई में धमाका हुआ।

गिरफ्तार अभियुक्तों के बयान से यह पुष्टि हुई कि बम धमाके की घटना गोलपाड़ा के लोगों में आतंक फैलाकर भारत संघ के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के इरादे से उल्फा कार्यकर्ता द्वारा किया गया था। तथापि, मामला अभी लंबित है क्योंकि कुछ अभियुक्त फरार हैं।

(31) श्री आनंद मिश्रा, आईपीएस, जो इस समय दिनांक 23 जनवरी, 2019 से चराइदेव जिला, असम में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं, ने शपथ-पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया है:

(i) दिनांक 02.02.2018 को पूर्वाह्न 10:00 बजे, शिकायतकर्ता उप निरीक्षक नरेंद्र नाथ बारिक, ओ/सी, सापेखाटी पुलिस थाना, ने इस पुलिस थाने में एक इजहार दाखिल किया (प्रदर्श 950) जिसमें कहा गया है कि दिनांक 31.01.2018 को अपराह्न लगभग 09:05 बजे उल्फा(आई) काडर के संदिग्ध दो सशस्त्र उपद्रवी सापेखाटी टीई फैक्ट्री के गेट के पास आए और एक बड़ा बैग फैक्ट्री गेट पर तैनात चौकीदार को यह निदेश देते हुए दिया कि इसे फैक्ट्री के परिसर के अंदर रख दिया जाए। किंतु चौकीदार ने बैग को पास के धान के खेत में फेंक दिया और फैक्ट्री की ओर भाग गया। कुछ समय बाद, उपद्रवियों ने सापेखाटी टीई फैक्ट्री और कार्यालय पर निशाना साधते हुए लगभग 20/30 राउंड गोलियां चलाईं। कुछ राउंड गोलियां ऑफिस और फैक्ट्री में आकर लगीं किंतु कोई हताहत नहीं हुआ। घटनास्थल और पास के क्षेत्र की तलाशी के दौरान, 16 राउंड खाली खोखे तथा एके सीरीज का एक जिंदा कारतूस बारामद किया गया और जब्त कर लिया गया। पीओ के निकट के स्थान से आईईडी से भरा एक बैग भी बरामद किया गया तथा बम विशेषज्ञ द्वारा इसे निष्क्रिय कराने के बाद इसे जब्त कर लिया गया। विश्वसनीय स्रोतों से यह ज्ञात हुआ है कि उल्फा(आई) काडर गणेश लाहोन लंबे समय से कानूबारी चाय बागान प्रबंधन से बड़ी धनाशि की मांग कर रहा था। किंतु कोई भुगतान नहीं किया गया था। इसके लिए प्रतिबंधित उल्फा(आई) के गणेश लाहोन के निर्देश के अनुसार उक्त कार्रवाई उसके सहयोगी अर्थात श्री अपूर्वा गोगोई, तुपिधर गोगोई और अन्य द्वारा की गई थी। विश्वसनीय स्रोतों से यह भी ज्ञात हुआ है कि कुछ उल्फा(आई) काडर सापेखाटी पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन विभिन्न कारोबारियों से धनराशि की मांग कर रहे हैं।

जांच के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं -

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और स्केच मैप बनाया। जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और गवाहों से पूछताछ की।
2. जांच अधिकारी ने 16 राउंड खाली कारतूस तथा एक राउंड जिंदा कारतूस जिनके एके सीरीज का होने का संदेह है, एक आईईडी बम जिसका वजन लगभग 500 ग्राम था, एक हल्के हरे रंग का प्लास्टिक केरी बैग को जब्त किया।
3. दोषियों के पकड़ने के उद्देश्य से सेना, सीआरपीएफ की मदद से असम-अरुणाचल प्रदेश तथा नागालैंड सीमावर्ती क्षेत्र को कवर करते हुए संपूर्ण क्षेत्र की तलाशी ली लेकिन कुछ भी लाभ नहीं हुआ।
4. जांच अधिकारी ने विशेषज्ञ की राय के लिए जब्त किए गए प्रदर्शों को प्रथम एपी बटालियन, लिगिरीपुखिरी, नाजिरा, शिवसागर को भेजा तथा रिपोर्ट प्राप्त की। विशेषज्ञ ने राय दी कि "प्रदर्श-"क" अर्थात 16 राउंड खाली कारतूस बोर 7.62 एमएम X 39, प्रदर्श-"ख" अर्थात एक राउंड जिंदा गोलाबारूद तथा 7.62 एमएम X 39 है और यह प्रदर्श -"क" से मिलता जुलता है। .
5. जांच अधिकारी ने विशेषज्ञ की सहायता से जब्त किए गए आईईडी बम को निष्क्रिय किया और नष्ट किए जाने संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

(ii) दिनांक 24.04.2018 को शिकायतकर्ता उप निरीक्षक नरेंद्र नाथ बारिक, सापेखाटी पुलिस थाना ने एक प्राथमिकी (प्रदर्श 988) उसी थाने में दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया है कि दिनांक 23.04.2018 को अपराह्न लगभग 8:10 बजे कुछ संदिग्ध उल्फा(आई) काडरों ने ब्रम्हपुत्र ईंधन केंद्र, सापेखाटी पर गोली चला दी तथा ग्रेनेड भी फेंक दिया। सूचना प्राप्त होने पर, सुरक्षा कार्मिकों ने उपद्रवियों का पीछा करना शुरू किया तथा उक्त क्षेत्र में तलाशी अभियान और नाका जांच की। उस समय 6/7 संदिग्ध उल्फा(आई) काडरों ने कानूबारी फैक्ट्री के निकट सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की। जांच के दौरान यह पता चला कि उल्फा(आई) काडर गणेश लाहोन के निदेश के अनुसार उसके सहयोगियों अपूर्वा गोगोई, तुपिधर गोगोई तथा अन्य ने अपराध किए।

जांच के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं -

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और उसक स्केच मैप बनाया। जांच अधिकारी ने चीन में बने एक ग्रेनेड को भी बरामद किया तथा उसे जब्त कर लिया।
2. जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और गवाहों से पूछताछ की तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत उनके बयानों को दर्ज किया।

3. जांच अधिकारी ने उल्फा(आई) काडरों अर्थात (क) श्री निर्मल खाकलारी उर्फ निर्मल असोम, पुत्र श्री रूपेन खाकलारी, सारूपाथर गांव, पुलिस थाना- सोनारी, जिला- चरियादेव तथा (ख) श्री बिजीत कोनवार, पुत्र श्री दम्ब्रूधर कोनवार, बाहलहाबी गांव, पुलिस थाना- सापेखाटी, जिला- चराइदेव को गिरफ्तार किया और उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

4. जांच अधिकारी ने 05 खाली कारतूस, एक एके-56 राइफल और साथ में एक मैग्जीन तथा एक एमक्यू-81 असॉल्ट राइफल मैग्जीन के साथ, 78 राउंड जिंदा गोलाबारूद, एक चीनी ग्रेनेड, 03 आईईडी, 7 सर्किट, 3 डेटोनेटर, 9 वोल्ट वाली तीन बैटरी, एक रिमोट कंट्रोल तथा एक मैग्जीन पोस्ट को बरामद किया तथा उनको विधिवत रूप से जब्त कर लिया।

5. जांच अधिकारी ने जब्त प्रदर्शों अर्थात एक एमक्यू-81 असॉल्ट राइफल, 2 मैग्जीन, 4 राउंड गोलाबारूद, एक एके-56 राइफल, एक मैग्जीन, 5 राउंड गोलाबारूद, 5 राउंड खाली कारतूस तथा 2 राउंड जिंदा गोलाबारूद को विशेषज्ञ जांच के लिए भेजा तथा उनकी राय संबंधी रिपोर्ट प्राप्त की। पहली एपी बटालियन लिगीरीपुखुरी, नाजिरा के हेड आर्मर ने राय दी कि "एकक्यू-81 राइफल् तथा एके-56 फैक्ट्री मेड हैं और ये सर्विसेबल हैं, ये लोगों को मार सकती हैं। दोनों मैग्जीन उपयोग किए जाने योग्य हैं तथा जब्त किए गए सर्विसेबल जिंदा गोलाबारूद फैक्ट्री मेड हैं और सर्विसेबल हैं।"

6. जांच अधिकारी ने माननीय न्यायालय के आदेश के अनुसार आईईडी को निष्क्रिय कराया तथा नष्ट किए जाने संबंधी प्रामाण-पत्र प्राप्त किया।

(iii) दिनांक 21/11/2018 को शिकायतकर्ता सुश्री मोनिमा बरुआह, पत्नी श्री नुमल चंद्र बरुआह, टिमोन हाबी चाय बागान, पुलिस थाना- बोरहाट, जिला- चराइदेव (असम) ने बोरहाट पुलिस थाने में एक प्राथमिकी (प्रदर्श. 1042) करवाई जिसमें यह कहा गया कि उसके पति का अपहरण दिनांक 20/11/2018 को अपराह्न लगभग 7:35 बजे सशस्त्र उपद्रवियों के एक समूह द्वारा किया गया था। बोरहाट पुलिस थाने में प्राथमिकी के आधार पर आईपीसी की धारा 265 के अंतर्गत मामला संख्या 54/2018 दर्ज किया गया और उसकी जांच की गई। दिनांक 11/01/2019 को श्री नुमल चौधरी बरुआह को प्रतिबंधित उल्फा(आई) काडर द्वारा नागालैंड के मोन जिले में छोड़ दिया गया। नए खुलासे के आधार पर, आईपीसी की धारा 387 तथा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा10/13 को मामले में जोड़ा गया। उसके उपरांत, आगे की जांच के दौरान, यह ज्ञात हुआ कि श्री नूमल चौधरी बरुआह का अपहरण फिरौती के लिए किया गया था। अंतत: आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 25(1-क) तथा विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 17/18 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/364(क) को जोड़ा गया है और मामले की जांच की जा रही है।

जांच के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं -

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और उसक स्केच मैप बनाया। उन्होंने शिकायतकर्ता तथा गवाहों से भी पूछताछ की।

2. जांच अधिकारी को निरीक्षक दिपांत फुकन, ओ/सी सेनारी पुलिस थाना से यह ज्ञात हुआ कि कोई श्री नित्यानंद दत्ता, पुत्र श्री जयराम दत्ता, थुपुबिल, पुलिस थाना- सोनारी, जिला- चराइदेव (असम) ने उल्फा(आई) काडर अर्थात स्वदेश असोम उर्फ बिनंदा दोहुतिया को फिरौती की राशि सौंपी। .

3. श्री नित्यानंद दत्ता से पूछताछ की गई और उसने कहा कि उसे उल्फा(आई) अरुणोदय असोम उर्फ दोहुतिया के अनुदेश के अनुसार, फिरौती की राशि मिली थी और उसने यह राशि स्वदेश असोम उर्फ बिनंदा दोहुतिया को सौंप दिया था।

4. स्वदेश असोम बिनंदा दोहुतिया दिनांक 18/06/2019 के एनआईए मामला संख्या आरसी-09/2018/एनआईए/जीओडब्ल्यू/483 के संबंध में गुवाहाटी केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में था। माननीय एडीजेएम, चराइदेव, सोनारी न्यायालय द्वारा जारी किए गए वारंट को प्रस्तुत करने के आधार पर स्वदेश असोम उर्फ बिनंदा दोहुतिया को गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

5. स्वतंत्र गवाहों के सामने जांच के दौरान, की गई अतिरिक्त न्यायिक प्रक्रिया में श्री नित्यानंद दत्ता ने स्वदेश असोम उर्फ बिनंदा दोहुतिया की पहचान ऐसे व्यक्ति के रूप में की जिसको उन्होंने फेंनेंग बस्ती, मार्गेरीता,

तिनसुकिया में फिरौती राशि सौंप दी। स्वदेश असोम उर्फ बिनंदा दोहुतिया ने गवाहों के सामने यह स्वीकार किया कि उन्होंने इसको उल्फा(आई) के काडर अरुणोदय असोम उर्फ अरुणोदय दोहुतिया के अनुदेश के अनुसार प्राप्त किया।

6. जांच के दौरान, श्री नित्यानंद दत्ता ने यह भी खुलासा किया कि उसने मोरनहाट में फिरौती की राशि प्राप्त् करने के बाद एक मोबाइल हैंडसेट खरीदा था। उसके बाद क्रम संख्या 6301 से 6400 क्रम संख्या वाले कैश मेमो बुक साईं इलेक्ट्रोनिक्स, गरुडिया भवन, एटी रोड, मोरनहाट, जिला- डिब्रूगढ़ (असम) से जब्त किया गया था। क्रम संख्या 6366 का उपयोग श्री नित्यानंद दत्ता को मोबाइल फोन की बिक्री के समय किया गया था।

7. श्री देबा गोगोई, पुत्र स्वर्गीय टीलू गोगोई, खरियाभेटा बरुआह नगर, पुलिस थाना- बोरहाटा, जिला- चराइदेव (असम) से पूछताछ की गई और उन्होंने कहा कि उल्फा(आई) काडर ने सुश्री मोनिमा बरुआह (शिकायतकर्ता) से फोन पर श्री नुमल चौधरी बरुआह के अपहरण के बाद बातचीत की। .

8. जांच अधिकारी को पता चला कि आत्मसमर्पण करने वाले उल्फा(आई) काडर श्री शशांक नाथ उर्फ ज्ञान ज्योति असोमस, पुलिस थाना- कोलईगांव, जिला- उदलगुरी (असम) को श्री नुमल चौधरी बरुआह का अपहरण करने वाले व्यक्तियों के बारे में बहुत कुछ पता है। श्री शशांक नाथ उर्फ ज्ञान ज्योति असोम से पूछताछ की गई और उसने कहा कि उल्फा(आई) काडर (i) जिंतु कोटोकी, पुत्र श्री हेमो कोटोकी, कचारीपाथर गांव, बोरहाट पुलिस थाना (ii) दिप्तो असोम उर्फ सामांत गोगोई उर्फ मैना, पुत्र श्री हेमा कांत गोगोई, हलुआ, चराईपुंज पुलिस थाना (iii) आरोहण असोम उर्फ अपूर्वा गोगोई, पुत्र श्री रोबिन गोगोई, तराई, सापेखाटी पुलिस थाना (iv) उदिप्तो असोम उर्फ तुपिधर गोगोई, पुत्र श्री नरेंद्र गोगोई, तराई, सापेखाटी पुलिस थाना तथा (v) दिब्य असोम उर्फ दीपक हातीबरुआह, पुत्र देबेन हातीबरुआह, 2 नं. टोकोनी, पुलिस थाना डिग्बोई, जिला तिनसुकिया इस अपहरण में शामिल थे।

9. श्री शशांक नाथ उर्फ ज्ञानज्योति असोम के बयान को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 एवं 164 के तहत दर्ज किया गया।

10. उदिप्तो असोम उर्फ तुपिधर गोगोई को मामले के संबंध में गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

11. उल्फा(आई) काडर दिप्तो असोम उर्फ सामांत गोगोई उर्फ मैना और आरोहण असोम उर्फ अपूर्वा गोगोई को भी जल्द ही इस मामले के संबंध में गिरफ्तार किया जाएगा क्योंकि उनको सापेखाटी पुलिस थाने में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा10/13 और ईएस अधिनियम की धारा 5 तथा आयुध अधिनियम की धारा 25(1-क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/123/124क/212 के अधीन मामला संख्या 37/2020 के संबंध में पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

(iv) दिनांक 15.08.2016 को शिकायतकर्ता श्री नारायण दोवाराह, पुत्र स्वर्गीय सुरेन दोवाराह, चारीमुठिया गांव, पुलिस थाना- मथुरापुर, जिला- चराइदेव (असम) ने मथुरापुर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी (प्रदर्श. 1118) दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि उसी दिन अर्थात 15/08/2016 को पूर्वाह्न लगभग 7 बजे गरियापाथर को जोड़ने वाली सड़के के किनारे पथालीगढ़ चरियाली के निकट एक बम धमाक हुआ। धमाके की आवाज सुनकर शिकायतकर्ता घटनास्थल रवाना हो गए और उन्होंने धमाके से लगभग 1 फुट गहरा और 1.5 फुट चौड़ा खाई देखा। जांच के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और उसका स्केच मैप बनाया। उन्होंने शिकायतकर्ता तथा गवाहों से भी पूछताछ की।

2. जांच अधिकारी ने धातु के 04 टुकड़े, जिनके क्षतिग्रस्त पेंसिल बैट्री होने का संदेह था, तथा लगभग 1 किलाग्राम आईईडी ब्लास्टिंग स्वाइल को गवाहों की मौजूदगी में जब्ती ज्ञापन तैयार करके घटनास्थल से जब्त किया।

3. जांच अधिकारी ने जब्त किए गए प्रदर्शों को जांच के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय, चराइदेव के माध्यम से दिनांक 06/09/2016 के ज्ञापन संख्या एसपी/सीआरडी/एसएनआर/16/920-22 के तहत एफएसएल, काहिलिपाड़ा, गुवाहाटी को भेज दिया।

(v) दिनांक 26/01/2017 को शिकायतकर्ता श्री बिजोय दोवाराह, ओ/सी मथुरापुर पुलिस थाना ने इस थाने में एक प्राथमिकी (प्रदर्श. 1141) दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि उसी दिन पूर्वाह्न लगभग 8:00 बजे पानीजान में एक साथ दो धमाके क्रमश: इसार पैट्रोलपंप और लंगीबार तिनियाली के बगल में हुआ। इस संबंध में, शिकायतकर्ता तुरंत ही दोनों घटनास्थलों पर पहुंचे। यह ज्ञात हुआ कि दोनों धमाके आईईडी विस्फोट थे। प्रारंभिक जांच के दौरान और विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह बात सामने आई कि प्रतिबंधित उल्फा(आई) के सदस्य काडर गणेश लाहोन, पंकज मालिया तथा संगठन के अन्य लिंकमैन अपराध की घटना में शामिल थे। जांच के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं-

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और उसका स्केच मैप बनाया। उन्होंने शिकायतकर्ता तथा गवाहों से भी पूछताछ की।
2. जांच अधिकारी ने एक मोबाइल हैंडसेट जिसका आईईएमआई नं. क्रमश: 356490063063880 और 356490063063898 थे, तथा लगभग 1 किलोग्राम आईईडी ब्लास्टिंग स्वाइल घटनास्थल से जब्त किया।
3. जांच अधिकारी ने अभियुक्तों अर्थात् (i) श्री बिपुल सैकिया उर्फ नित्या, पुत्र कमल सैकिया, टिपोमिया गांव, पुलिस थाना- सिमालुगुड़ी, जिला- शिवसागर (ii) श्री वांगखा कोन्यक, पुत्र स्वर्गीय टोनवांज कोन्यक, नामथई, पुलिस थाना- नागिनीमोरा, जिला- मोन (नागालैंड) तथा (iii) श्री मनफा कोन्यक, पुत्र स्वर्गीय वानज्योन कोन्यक, ओटिंग तिरु बस्ती, पुलिस थाना- नागिनीमोरा, जिला- मोन (नागालैंड) के गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
4. जांच अधिकारी ने जब्त किए गए प्रदर्शों को जांच और विशेषज्ञ राय के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय, चराइदेव के माध्यम से दिनांक 03/02/2017 के ज्ञापन संख्या एसपी/सीआरडी/एसएनआर/17/75-77 के तहत एफएसएल, काहिलिपाड़ा, गुवाहाटी को भेज दिया तथा विशेषज्ञ संबंधी रिपोर्ट भी प्राप्त की इस रिपोर्ट के अनुसार, "प्रदर्श "क" और "ख" में टीएनटी एवं एनजी-एनसी की मात्रा है जो अत्यधिक विस्फोटक माने जाते हैं।"

(vi) दिनांक 28/05/2017 को शिकायतकर्ता श्री बितुल चलीहा, असम गैस कंपनी लिमिटेड, बोरमथुरापुर शाखा ने सोनारी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी (प्रदर्श. 1176) दर्ज करवाई जिसमें जिसमें यह कहा गया कि दिनांक 27/05/2017 को अपराह्न लगभग 07:45 बजे अदियोबारी तथा अदियोपुखुरी की गैस पाइपलाइन के पास के क्षेत्र में एक धमाका हुआ। जांच के दौरान, निम्नलिखित कदम उठाए गए -

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और उसका स्केच मैप बनाया। उन्होंने शिकायतकर्ता और गवाहों के से भी पूछताछ की।
2. जांच अधिकारी ने गवाहों की मौजूदगी में जब्ती ज्ञापन तैयार करके घटनास्थल से टूटे हुए गैस पाइप के दो टुकड़े तथा नारियल की रस्सी के एक टुकड़े को जब्त किया।
3. जांच अधिकारी ने इस मामले के संबंध में उल्फा(आई) काडर पुतुल असोम उर्फ देबाजीत गोगोई उर्फ मदन, पुत्र श्री तिलक गोगोई, 1 नंबर हाओफाओ, सोनारी- पुलिस थानाको गिरफ्तार किया।

(vii) मामले का ब्यौरा: दिनांक 26/01/2020 को अपराह्न 06:55 बजे शिकायतकर्ता उप निरक्षक नितुल सोनोवाल, आई/सी, तिंगालिबाम पुलिस चौकी, पुलिस थाना- सोनारी, जिला- चराइदेव (असम) ने सोनारी पुलिस थाने में एक लिखित प्राथमिकी (प्रदर्श. 1191) दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि उसी दिन पूर्वाह्न लगभग 8:05 बजे तियोघाट की ओर से धमाके की आवाज सुनाई देने के बाद शिकायतकर्ता अपने ओपी स्टाफ के साथ तियोघाट गए और देखा कि एक बम धमाका मोहम्मद मिलिक अली की दुकान के सामने हुआ है। शिकायतकर्ता को संदेह था कि प्रतिबंधित संगठन उल्फा(आई) ने गणतंत्र दिवस 2020 के विरोध में बम धमाका किया था। उक्त प्रतिबंधित संगठन अवैध रूप से भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ रहा है और जानकारी यह भी मिली कि उक्त प्रतिबंधित संगठन से धमाके की जिम्मेदारी ली है। जांच के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं -

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और उसका स्केच मैप बनाया। उन्होंने शिकायतकर्ता और गवाहों के से भी पूछताछ की तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत उनके बयानों को दर्ज किया।

2. जांच अधिकारी ने घटनास्थल से कुछ मिट्टी, वृक्ष के छालें और धमाके के कई टुकड़े जब्त किए।

3. जांच अधिकारी ने नायब सूबेदार रामसिंह राउत, 244 फील्ड रेजिमेंट, सापेखाटी सीओबी, द्वारा तैयार किए गए एक मूल जब्ती ज्ञापन, 01 5.56 एचके- 33 असॉल्ट राइफल, 02 एचके- 33 मैग्जीन, 30 राउंड 5.56 गोलाबारूद, उल्फ(I) के 02 बैज जब्त किए। .

4. जांच अधिकारी ने उल्फा(आई) के काडर (1) श्री मानस पतमौत उर्फ बास्ताब असोम (2) चाओ लाखी लोंगनो उर्फ रुबुल असोम तथा सहयोगी (3) श्री हेमंत बोरुआह उर्फ रोटे, पुत्र श्री सत्यन बोरुआह, कानूबारी बलिजान ग्रांट, पुलिस थाना- सोनारी (4) श्री सुमेश्वर सैकिया, पुत्र तुकांत सैकिया, सारुपाथर गांव, पुलिस थाना- सोनारी, (5) श्रीमती पुनिमा सैकिया, पत्नी– स्वर्गीय सुभन सैकिया, धनियापाथर गांव, पुलिस थाना- सापेखाटी (6) श्री बिश्वरजीत सैकिया, पुत्र स्वर्गीय सुभान सैकिया, धनियापाथर गांव, पुलिस थाना- सापेखाटी (7) श्री मिंटू चांगमई, पुत्र श्री जुराम चांगमई, अतलपाथर गांव, पुलिस थाना- सापेखाटी (8) श्री नोबिन गोगोई, पुत्र श्री तिलेश्वर गोगोई, तैरई गांव, पुलिस थाना- सापेखाटी (9) श्री उत्पल चेतिया उर्फ बाका, पुत्र श्री सुरेन चेतिया, कानुबारी बालीजान ग्रांट, पुलिस थाना- सोनारी को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

5. जांच अधिकारी ने जब्त किए गए प्रदर्शों अर्थात जब्त की गई मिट्टी और धमाके में प्राप्त टुकड़ों को जांच के लिए एफएसएल, काहिलिपाड़ा, गुवाहाटी को भेज दिया है।

(viii) दिनांक 23/04/2020 को शिकायतकर्ता उप निरीक्षक दिनेश डोले, ओ/सी सापेखाटी पुलिस थाना ने इस पुलिस थाने में एक लिखित प्राथमिकी (प्रदर्श. 1225) दर्ज करवाई जिसमें कहा गया कि दिनांक 22.04.2020 को अपराह्न लगभग 5:30 बजे एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित उल्फा(आई) के 5/6 काडरों का एक समूह ने असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड सीमा के पास सापेखाटी पुलिस थाने के अधीन तैरई और चाटियोनागुरी गांव में स्वयं को बंद कर लिया है। यह सूचना उच्च प्राधिकारियों को दी गई और शीघ्र ही पुलिस अधीक्षक, चराइदेव, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), चराइदेव, एसडीपीओ सोनारी, 244 फील्ड रेजिमेंट, कैंप सापेखाटी के सैन्य कर्मियों की एक टीम तथा सापेखाटी पुलिस थाने के स्टाफ ने तैरई और चाटियानागुरी क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान, कट्टर उल्फा(आई) उग्रवादियों अर्थात (1) श्री अपूर्बा गोगोई उर्फ आरोहण असोम (28 वर्ष), पुत्र श्री रोबिन गोगोई, तैरई गांव, पुलिस थाना- सापेखाटी, जिला-चरईदेब (असम), (2) श्री जुगेन गोगाई उर्फ बिराज असोम (28 वर्ष), पुत्र श्री धीरेन गोगोकई, डफाला गांव, पुलिस थाना- बोराहाट, जिला- चरईदेब (असम), (3) श्री सिद्धार्थ गोगोई उर्फ चिन्मय असोम (21 वर्ष), पुत्र श्री सोनाबार गोगोई, सारुपाथर गांव, पुलिस थाना- सोनारी, जिला- चरईदेब (असम), (4) श्री लख्यजीत गोगोई उर्फ ध्रुबा असोम (28 वर्ष), पुत्र श्री दिम्बेश्वर गोगोई, बोरबाम डंगालपाड़ा, पुलिस थाना- टिंगखोंग, जिला- डिब्रूगड़ (असम) (5) श्री श्यामांत गोगोई उर्फ दिप्तो असोम (30 वर्ष), पुत्र श्री हेमाकांत गोगोई, मध्य हलुआ, पुलिस थाना- चारीपुंग, जिला- चरईदेब (असम) को पकड़ा गया। पूछताछ किए जाने पर और उनके द्वारा अगुवाई किए जाने और दिखाए जाने पर (i) 3 एमक्यकू-81 असॉल्ट राइफल (ii) एमक्यकू-81 असॉल्ट राइफल का 8 मैग्जीन (iii) 323 राउंड एमक्यकू असॉल्ट राइफल गोलाबारूद (iv) एक 7.65 एमएम पिस्टल (v) एक.22 बोर फैक्ट्री मेड पिस्टल (vi) दो 7.65 एमएम गोलाबारूद (vii) दो .22 बोर गोलाबारूद (viii) दो किलोग्राम विस्फोटक जिसके जिलेटिन होने का संदेह था (ix) कोरडेक्स 3 मीटर (7 नग) (x) 16 डेटोनेटर आदि श्री नबीन गोगोई के चाय बागान से बरामद किए गए हैं और उनको जब्त कर लिया गया है। जांच के दौरान निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं -

1. जांच अधिकारी घटनास्थल पर गए और उसका स्केच मैप बनाया।

2. जांच अधिकारी ने इस मामले के संबंध में (i) 3 एमक्यकू-81 असॉल्ट राइफल (ii) एमक्यकू-81 असॉल्ट राइफल का 8 मैग्जीन (iii) 323 राउंड एमक्यकू असॉल्ट राइफल गोलाबारूद (iv) एक 7.65 एमएम पिस्टल (v) एक.22 बोर फैक्ट्री मेड पिस्टल (vi) दो 7.65 एमएम गोलाबारूद (vii) दो .22 बोर गोलाबारूद (viii) दो किलोग्राम विस्फोटक जिसके जिलेटिन होने का संदेह था (ix) कोरडेक्स 3 मीटर (7 नग) (x) 16 डेटोनेटर आदि को जब्त किया है।

3. जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और गवाहों से पूछताछ की है और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के अंतर्गत उनको बयानों को दर्ज किया है।

4. जांच अधिकारी ने इस मामले के संबंध में अभियुक्त उल्फा(आई) काडरों को गिरफ्तार किया है और उनको पुलिस रिमांड में लिया है।

32. श्री रिपुल दास, जो दिसंबर, 2019 से उदलगुरी जिला बीटीएडी, असम के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यरत हैं, ने शपथ-पत्र पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार बयान दिया है:

(i) दिनांक 21.10.2015 को अपराह्न 12.30 बजे, शिकायतकर्ता सतीश कुमार मिश्रा, लेफ्टिनेंस, 159 फील्ड रेजिमेंट, आर्मी कैंप- गोलोंडी, उदलगुरी ने कलाईगांव पुलिस थाने में एक लिखित प्राथमिकी (प्रदर्श. 947-ए) दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि उत्तर बारपुखुरी गांव में उल्फा(आई) आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर भारतीय सेना के 159 फील्ड रेजिमेंट तथा पुलिस का एक संयुक्त अभियान दिनांक 20.10.2015 को 2330 बजे से गांव में आरंभ किया गया। पूर्वाह्न लगभग 02.00 बजे, अभियान की टीम ने संदिग्ध मकान की घेराबंदी कर दी। पूर्वाह्न लगभग 02.30 घेराबंदी दल ने मकान में प्रवेश करने का प्रयास किया। इस दल को देखकर आतंकवादी ने उस पर गोली चलाई और एक ग्रेनेड फेंका जो नहीं फटा। अभियान की टीम ने आतंकवादी से कहा कि वह गोलीबारी न करे और आत्मसमर्पण कर दे। इस पर घर के अंदर मौजूद सिविलियन मकान से बाहर आ गए तथापि आतंकवादी लगातार गोलीबारी करते रहे। अभियान दल ने आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी की पूर्वाह्न 05.30 से 06.00 बजे के बीच अभियान दल ने नियंत्रित गोलीबारी करते हुए मकान में प्रवेश किया और पाया कि आतंकवादी मृत पड़ा हुआ है जिसको गोली लगी हुई है। उस मकान और आसपास के क्षेत्र की तलाशी ली गई तथा एक 9 एमएम पिस्तौल, एक 7.65 एमएम पिस्तौल, छह जिंदा गोलाबारूद, आठ गोलीबारी में प्रयुक्त कारतूस, एक फेंका गया चीनी ग्रेनेड जिसके साथ एक डेटोनेटर था, चौदह मोबाइल हैंडसेट, छह सिम कार्ड, कुछ टूटे सिम कार्ड, एक समसंग लैपटॉप, 23 जबरन धन वसूली शीट, एक उल्फा(एस) काडर में वांटेड पोस्टर, दीपक बोरा उर्फ बिक्रम असोम, दो उल्फा झंडे बरामद किए गए तथा इनको सभी प्रकार की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जब्त कर लिया गया। इस अभियान को पूर्वाह्न 08.30 बजे बंद कर दिया गया। श्री डी एन हजारिका, एसीएस, कार्यकाकरी मजिस्ट्रेट सह सर्किल ऑफिसर, कलाईगांव, एसडीपीओ, भेरगांव तथा पुलिस स्टाफ ने घर में प्रवेश किया जहां मृत आतंकवादी का शव पड़ा हुआ था। कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने सभी प्रकार की औचारिकताएं पूरी करने के बाद शव पर इन्वेस्ट किया। कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा इन्क्वेस्ट रिपोर्ट तैयार करने के बाद शव को उसके रिश्तेदारों/अभिभावकों द्वारा पहचान किए जाने के लिए कलाईगांव पुलिस थाना में लाया गया। स्थानीय गांव के मुखिया और स्थानीय लोगों तथा कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पीओ की पूरी तलाशी ली गई।

इसके अतिरिक्त, यह भी उल्लेखनीय है कि एक बिना विस्फोट हुए चीनी ग्रेनेड को सेना के बम डिस्पोजल स्क्वैड की मदद से सुरक्षित स्थान पर अंत-स्थाने नष्ट किया गया और सेना के विशेषज्ञ से इस बारे में एक प्रमाणपत्र लिया गया। मृत आतंकवादी के शव को मृत्यु के वास्तविक कारण का पता लगाने के लिए समुचित सुरक्षा के साथ पोस्टमार्टम जांच के लिए सिविल अस्पताल उदलगुरी भेजा गया।

इस बारे में, एक मोहम्मद शाहिदुल हक, पुत्र स्वर्गीय अरब अली, उत्तर बारपुखुरी गांव, पुलिस स्टेशन-कलाईगांव और मोहम्मद इनामुल हक, पुत्र स्वर्गीय किश्मत अली, उत्तर बारपुखुरी गांव, पुलिस थाना-कलाईगांव को गिरफ्तार किया गया जो प्रतिबंधित संगठन उल्फा के लिंकमैन थे। तथा जो उल्फा काडर को शरण देते थे।

(ii) दिनांक 18.05.2017 को, उदलगुरी पुलिस थाने के अधीन नलखामरा और सेनालीपारा गांव के सामान्य क्षेत्र में कुछ उल्फा(आई) काडरों की आवाजाही के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी प्राप्त होने पर, जिला पुलिस उदलगुरी तथा गोलंडी आर्मी कैंप, उदलगुरी के 14 डोगरा द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान टीम लगभग 16.10 बजे सोनालीपारा गांव पहुंची तथा क्षेत्र की घेराबंदी शुरू की। क्षेत्र की घेराबंदी करते समय इस अभियान टीम पर हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा भारी गोलीबारी की गई और हेंड ग्रेनेड भी फेंका गया। कोई विकल्प नहीं रहने के कारण, अभियान टीम ने आत्मरक्षा में गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी बंद होते ही, अभियान टीम ने क्षेत्र की गहन तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान, अभियान टीम को गंभीर रूप से घायल स्थिति में एक संदिग्ध उग्रवादी मिला। उसे तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल उदलगुरी भेजा गया। किंतु ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत लाया घोषित कर दिया। बाद में, मृत आतंकवादी की पहचान रमेश बाराह (उम्र लगभग 35 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय थानेश्वर बोराह, निवासी ग्राम- बेलगुरी,

पुलिस थाना- होवराघाट, जिला- कारबी आंगलोंग, असम के रूप में की गई जो प्रतिबंधित संगठन उल्फा(आई) का स्वयंभू मेजर था। पूरी तलाशी के बाद पीओ से मृत आतंकवादी के पास से निम्नलिखित सामग्री बरामद की गई।

i. 01 (एक) 9 एमएम फैक्ट्री मेड पिस्तौल ।

ii. 06 (छः) 9 एमएम जिंदा गोलाबारूद।

iii. 10 रु. मूल्य के 38 रीचार्ज कूपन (36 एयरटेल और 02 एयरसेल)।

iv. लगभग 6,10,370 भारतीय रुपए की करेंसी।

v. 01 वॉलेट।

vii. 04 पाउच।

vii. 9 एमएम गोलाबारूद के 02 खाली खोखे।

(iii) दिनांक 30.11.2017 को, अपराह्न 11.30 बजे, उदलगुरी जिले के कलाईगांव पुलिस थाने के अधीन, खोइरापारा के सामान्य क्षेत्र में अत्यधिक हथियारों से लैस उल्फ(I) आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस अधीक्षक उदलगुरी, श्री राजवीर, आईपीएस के नेतृत्व में और पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), उदलगुरी, श्री मेदुल इस्लाम, एपीएस की सहायता से उदलगुरी जिला पुलिस द्वारा तथा कैंप उदलगुरी की एपीआर टीम द्वारा संयक्त अभियान चलाया गया। गुप्त स्रोत के नेतृत्व में उकेश्वर डेका, खोयरापारा क्षेत्र, कलाईगांव पुलिस थाना के मकान की घेराबंदी पुलिस टीम द्वारा की गई जहां उल्फा(आई) आतंकवादी के घिरे जाने का संदेह था। मकान की घेराबंदी के दौरान, कमरे के अंदर से भारी गोलाबारी हुई तथा पुलिस टीम पर ग्रेनेड भी फेंके गए किंतु उन्होंने किसी न किसी प्रकार स्वयं को बचाया। कोई विकल्प न रहने के कारण पुलिस टीम ने अपने जीवन और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करने के लिए आत्मसुरक्षा में गोली चलाई तथा गोलीबारी सुबह तक चली। उसके बाद, सेना भी वहां पहुंच गई। दोतरफा गोलीबारी दिनांक 01.12.2017 को लगभग सुबह 7.00 बजे तक चली जिसके दौरान आतंकवादियेां ने दोबारा सुरक्षा बलों पर ग्रेनेड फेंका और लगातार गोलीबारी की। कोई विकल्प नहीं रहने के कारण सुरक्षा बल भी गोलीबारी करते रहे तथा कुछ समय बाद सुबह लगभग 7.30 संदिग्ध आतंकवादी की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। गोलीबारी बंद होते ही सुरक्षा बल ने उस मकान तथा खोयरापारा के सामान्य क्षेत्र की तलाशी ली। तलाशी के दौरान, कमरे में अज्ञात और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति मिला जिसे कलाईगांव राज्य औषधालय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत लाया घोषित कर दिया। कमरे की तलाशी के दौरान निम्नलिखित सामग्री बरामद की गई। 1) एके 56 राइफल 2) एके 56 के 3 मैग्जीन 3) एके 56 के 74 जिंदा राउंड 4) एके 56 के 31 गोलीबारी में प्रयुक्त खोखे, 5) एक 7.65 एमएम पिस्तौल (एमएफ), 6) 7.65 एमएम पिसतौल का एक मैग्जीन, 7) 7.65 एमएम पिस्तौल का एक मिसफायर्ड राउंड, 8) 6,980 रु. की भारतीय करेंसी तथा 500 करेंसी नोट (क्षतिग्रस्त), 9) सात मोबाइल फोन, 10) छह सिम कार्ड (क्षतिग्रस्त), 11) एक ब्लाइंड ग्रेनेड (अंत-स्थानिक रूप से नष्ट किया गया), 12) एक डेटोनेटर कॉर्ड सहित (अंत-स्थानिक रूप से नष्ट किया गया), 13) एक ग्रेनेड कैप, 14) एक ग्रेनेड कैप, 15) एक कॉम्बेट पाउच, 16) एक रेक्सीन पाउच, 17) एक पाउच, 18) एक क्लॉथ पाउच (छोटा), 19) एक केपरी (शॉर्ट्स), 20) एक टॉर्च, 21) एक सेविंग रेजर, 22) एक टूथपेस्ट, 23) एक हेडफोन (टूटा हुआ) प्रदर्श. 1336 कलाईगांव पुलिस थाने में मामला संख्या 122/2017 के रूप में दर्ज कराई गई प्राथमिकी की एक प्रमाणित प्रति है।

बाद में मृतक की पहचान उसके भाई प्रवीण डेका द्वारा स्वयंभू उल्फा(आई) काडर राजेन डेका उर्फ रिंकु कलिता, उम्र 40 वर्ष, पुत्र श्री रूद्र डेका, गांव- गरियापारा, पुलिस थाना- मंगलडोई, जिला- दरांग, असम के रूप में की गई। तदनुसार, शव को उसके परिवार के सदस्य को सौंप दिया गया।

मुठभेड़ के दौरान, कांस्टेबल रणदीप डेका (2) कांस्टेबल मेनुल हक तथा (3) उप पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), उदलगुरी मोईदुल इस्लाम घायल हुए।

मुठभेड़ के दौरान, 10वीं एपी बटालियन, गुवाहाटी के कांस्टेबल रणदीप डेका का सर्विस एके-47 राइफल उग्रवादियों की गोली लगने से क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त एके-47 राइफल को जब्त कर लिया गया तथा इसे विशेषज्ञ की राय के लिए 13वीं एपी बटालियन, लीलाबारी, लखीमपुर, असम भेज दिया गया है।

(iv) दिनांक 14.06.2015 को उप निरीक्षक दिपांक गोगोई, उदलगुरी डीईएफ ने कलाईगांव पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई जिसमें यह कहा गया कि उसी दिन अपरह्न 07.30 बजे कलाईगांव पुलिस थाने के अधीन डमारापोटा में उल्फा उग्रवादी के एक समूह की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर शिकायतकर्ता ने अपने स्टाफ के साथ भांगाबरुआह काठ पुल पर नाका चेकिंग ड्यूटी की। नाका चेकिंग ड्यूटी के दौरान एक उल्फा काडर मोटर साइकिल से डमारापोटा की ओर से आ रहा था। पुलिस दल ने उसे रुकने के लिए कहा किंतु उसने अचानक पुलिस दल की ओर ग्रेनेड फेंक दिया तथा अंधाधुंध गोलीबारी की। पुलिस दल ने भी आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की किंतु उग्रवादी घने जंगल तथा पास में ग्रामीणों के मकानों की आड़ में भागने में सफल हो गए तथा अपना मोटर साइकिल वहीं छोड़ गए।

33. श्री अमिताव सिन्हा, एपीएस, वर्तमान में 24 जनवरी, 2019 से शिवसागर जिले, असम में पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवारत हैं, ने अपने हलफ़नामे पर साक्ष्य में इस निम्न प्रकार कहा गया है:-

(i) दिनांक 10.08.2019 को शाम 5 बजे, शिकायतकर्ता डिमोक पुलिस स्टेशन, जिला शिवसागर के एसआई मिराज डोले सुपुत्र श्रीपुना डोले ने एक लिखित प्राथमिकी (प्रदर्श 1416) दर्ज की जिसमें यह कहा गया कि गुप्त सूचना के आधार पर बकाटा नेमुगूरी पुलिस स्टेशन के तहत बकाटा बोरपियाल हैबी गॉव में उल्फा (आई) कार्यकताओं ने शरण ले रखी है, 149 बटालियन के सैकेंड इन कमांड श्री पी के साहू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) शिवसागर के नेतृत्व में दिनांक 09.08.2019 को 149 बटालियन सीआरपीएफ,कैम्प-जोयसागर, शिवसागर और शिवसागर जिला पुलिस के संयुक्त दल द्वारा एक तलाशी अभियान चलाया गया था।

तलाशी अभियान के दौरान, उल्फा (आई) के एक कार्यकर्ता अर्थात श्री बीरेन चेतिया उर्फ रंटू असोम, पुत्र श्री लखी चेतिया, निवासी मोरन धेमजी, पुलिस स्टेशन मोरन, जिला डिब्रूगढ़, जो उल्फा (आई) का स्वंयभू पीटी था, को गिरफ्तार किया गया और उसके कब्जे से एक हैंडग्रेनेड, तीन मोबाइल हैंडसेट और एनएससीएन, जीपीआरएन द्वारा दिनांक 01.07.2019 का कमांडपास भी बरामद किया गया। प्राथमिकी प्राप्त होने पर बकाटा नेमुगुरी पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (बी) /121 के तहत मामला संख्या 55/2019 दर्ज किया गया और जांच की गई।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने पीओ का दौरा किया, एक रफ स्केच मैप खींचा और दिनांक 10.08.2019 को एक हैंडग्रेनेड, तीन मोबाइल सेट और एनएससीएन, जीपीआरएन द्वारा जारी दिनांक 01.07.2019 का कमांड पास जब्त किया।

जांच के दौरान, गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह उल्फा (आई) का कार्यकर्ता है और वह दिनांक 16.11.2018 को उल्फा (आई) संगठन में शामिल हुआ था और उसके बाद वह नागालैंड चला गया और म्यांमार में प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद वह चरसदेव जिले से एक हैंडग्रेनेड लेकर शिवसागर वापस लौटा और बोरपियाल गॉव में रुका। उसने 15 अगस्त, 2019 से पहले एक विधिविरुद्ध क्रियाकलाप के लिए उस ग्रेनेड को अपने पास रखा। उसने यह भी कहा कि उसने उल्फा (आई) संगठन में शामिल होने से पहले एक विस्फोट में डेमो पुलिस स्टेशन के तहत निताईपुखुरी ने एक ग्रेनेड फेंका था। बाद में, जब्त किए गए हैंड ग्रेनेड का दिनांक 09.11.2019 को निस्तारण कर दिया गया।

अभियुक्तों के बयान के साथ-साथ गवाहों ने यह स्थापित किया कि बरामद ग्रेनेड शिवसागर जिले में अलगाववादी गतिविधियों के लिए था, जिसका उद्देश्य जिले के लोगों के बीच आतंक फैलाकर भारत गणराज्य के विरुद्ध युद्ध छेड़ना था।

(ii) दिनांक 22.11.2018 को रात्रि 10.30 बजे श्री संजीब कुमार बरुआ सुपुत्र स्व. हेमाधर बरुआ गॉव पुलिस स्टेशन टेओक, जिला जोरहाट डेमो पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी (प्रदर्श 1431) दर्ज की कि उसी दिन शाम लगभग 5 बजे उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया कि विस्फोट की घटना श्री कमल अग्रवाल के हार्डवेयर स्टोर में हुई है और शिकायत के आधार पर डेमो पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 3/4/6 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(बी) के साथ आईपीसी की धारा 320 के तहत मामला संख्या 380/2018 दर्ज किया गया है।

सूचना मिलने पर, निरीक्षक संजीब कुमार बरुआ ओ/सी डेमो पुलिस स्टेशन उपलब्ध कर्मचारियों के साथ पीओ में पहुंचे। मौके पर पहुंचे पुलिस दल ने हार्डवेयर स्टोर के मालिक श्री कमल अग्रवाल को एक अन्य गैर व्यक्ति के साथ गंभीर हालत में पाया क्योंकि विस्फोट के कारण उन दोनों व्यक्तियों के शरीर में गंभीर चोटें आई थी। दोनों घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए तुरंत डेमो मॉडल अस्पताल भेजा गया। कुछ समय बाद अज्ञात व्यक्ति ने हस्पताल में दम तोड़ दिया जिसकी

बाद में अनूप गुप्ता उर्फ अहिरा गुप्ता, पुत्र स्वर्गीय प्रसाद गुप्ता, निवासी देहिंगमुख लाचन गाँव, पुलिस स्टेशन डेमो, जिला शिवसागर के रूप में पहचान की गई। गंभीर रूप से घायल अन्य व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए एएमसीएच, डिब्रूगढ़ भेजा गया जिसने भी एएमसीएच, डिब्रूगढ़ में दम तोड़ दिया।

जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी श्री बिरेन चेतिया उर्फ रंटू असोम, पुत्र श्री लाखी चेतिया, निवासी मोरन धेमाजी, पुलिस स्टेशन मोरन, जिला डिब्रूगढ़ के संबंध में बकाटा नेमुगुरी पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(बी)/121 के तहत मामला सं. 5/2019 दर्ज किया गया और उक्त मामले में गिरफ्तार किया गया भी दर्शाया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने कहा कि उसने कट्टर उल्फा (आई) काडर मोनीराम बोर्गोहाइन उर्फ आइडियमन असोम, निवासी नीताइपुखुरी नागांव, पुलिस स्टेशन डेमो, जिला शिवसागर के निर्देश पर टीवीएस अपाचे मोटरसाईकिल का उपयोग करके दिनांक 22.11.2018 को श्री कमल अग्रवाल के हार्डवेयर स्टोर पर डेमो-निताई रोड पर विस्फोट के लिए ग्रेनेड फेंका था।

(ii) दिनांक 10.05.2016 को शाम को लगभग 4 बजे एक विशिष्ट इनपुट के आधार पर कि एक कट्टर उल्फा (आई) काडर शिवसागर शहर से सोनारी की ओर जा रही एक बस में यात्रा कर रहा था, एसडीपीओ, नाजिरा, सीआरपीएफ कर्मी और सेना 63 फील्ड रेजिमेंट शिविर, मेबेला द्वारा सिमलुगुड़ी पुलिस स्टेशन के तहत गारमुर में नाका लगाया गया। तदनुसार, शाम लगभग 4.30 बजे एक 709 बस पंजीकरण सं. एएस-04 सी-7679 को रोका गया और गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया और पूछताछ करने पर उसने खुलासा किया कि वह उल्फा (आई) के सक्रिय कैडर का एक एस/एस कर्नल था और उसका नाम भरत चेतिया उर्फ अभि असोंग, पुत्र स्वर्गीय किखेश्वर चेतिया निवासी बरेकुरी रिचिंगा गाँव है जो तिनसुकिया के बरेकुरी पुलिस स्टेशन के तहत है। वह देश के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के आपराधिक साजिश में शामिल विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में शामिल था। आगे पूछताछ के दौरान उसने यह भी खुलासा किया कि दो लोग अर्थात श्री मोहन दत्ता, पुत्र दिम्बेश्वर दत्ता और श्रीमती मयूरी दत्ता, पत्नी मोहन दत्ता दोनों टोलापाथर, पुलिस स्टेशन बोर्डुम्सा, जिला तिनसुकिया उल्फा के कैडरो की सुविधा के लिए सोनारी के माध्यम से तिनसुकिया से म्यांमार तक भागने की कोशिश कर रहे थे। उनके कब्जे से छह मोबाइल हैंडसेट, कुछ भ्रामक दस्तावेज, एक बोतल ग्रेनेड और 40,000/- रु. नकद बरामद किए गए और उन्हें विधिवत रूप से जब्त किया गया। प्रदर्श 1456 जीडीई सिमलुगुड़ी पुलिस स्टेशन की दिनांक 10.05.2016 की प्रमाणित प्रति है।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता और गवाहों के बयान दर्ज किए गए। आरोपित व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके बयान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत दर्ज किए गए। आरोपी व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए कई महत्वपूर्ण सूचनाएं एकत्र की गई और उल्फा (आई) के कई कैडरों की भी पहचान की गई। आरोपी व्यक्ति अर्थात नामत: भरत चेतिया उर्फ अभि असोम एक कट्टर उल्फा कैडर का सदस्य है और उसके विरुद्ध नामरूप पुलिस स्टेशन (।) विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित, आयुध अधिनियम की धारा 25(।) (क) के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 184(क)/122/123/124(क)/447/325/326/307/427 के तहत मामला दर्ज है। (।।) बोर्डुमसा पुलिस स्टेशन में विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित, आयुध अधिनियम की धारा 25(।) (क) के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121/121(क)/122/307 के तहत मामला सं. 37/16 दर्ज है (।।।) तिनसुकिया पुलिस स्टेशन में ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित, आईपीसी की धारा 120 (ख)/121/121(क)/122/346/307/427 के तहत मामला सं. 459/16 दर्ज है, में शामिल था। आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, बाद में, जब्त की गई बोतल ग्रेनेड को नष्ट करने के लिए माननीय एसडीजेएम, नाजीरा न्यायालय में प्रार्थना करते हुए अर्जी प्रस्तुत की गई। तदनुसार माननीय न्यायालय ने बोतल ग्रेनेड को नष्ट करने का आदेश पारित किया लेकिन, ग्रेनेड को नष्ट किया जाना अभी बाकी है।

34. श्री मृणाल तालुकदार, एपीएस वर्तमान में 1 फरवरी, 2020 से जोरहाट जिले, असम के पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवारत हैं, उन्होंने हलफनामे पर अपने साक्ष्य में निम्नानुसार कहा है:

दिनांक 28.11.2018 को शिकायतकर्ता एसआई उत्पल दत्ता, मारियानी पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ उल्फा (आई) के दिनांक 27 नवंबर के प्रोटेस्ट डे के अवसर पर उनके सदस्यों द्वारा किसी भी गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने के लिए अपने क्षेत्राधिकार में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान लगभग 9.30 बजे, शिकायतकर्ता को गुप्त सूचना मिली कि कुछ अज्ञात उल्फा (आई) कार्यकर्ताओं ने नागधुली जनजातिओ हाई स्कूल की बांस की बाड़ में अपने संगठन का झंडा लटका दिया है। इनपुट प्राप्त होने पर शिकायतकर्ता अपने कर्मचारियों के साथ तुरंत स्कूल पहुंचा और स्कूल की बांस की बाड़ में उल्फा (आई) के झंडे को देखा। पुलिस टीम ने बाड से को झंडे से हटा दिया और गवाहों की मौजूदगी में उसे जब्त कर लिया। पुलिस टीम ने तुरंत शामिल उल्फा (आई) कार्यकर्ताओं को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। बाद में शिकायतकर्ता को पता लगा कि इस घटना में उल्फा (आई) के अन्य सदस्यों के साथ बिजॉयपुर गाँव के एक संदिग्ध श्री जिबोन पेगु शामिल है। संदिग्ध, मैरियानी पुलिस स्टेशन के एक अन्य मामले अर्थात मारियानी पुलिस स्टेशन में विधि विरुद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 387 के साथ मामला संख्या 125/2016 में भी शामिल था।

एफआईआर (प्रदर्श 1473) प्राप्त होने पर मरयानी पुलिस स्टेशन में विधि विरुद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के तहत मामला संख्या 251/2018 दर्ज किया गया और जांच की गई।

जांच के दौरान जांच अधिकारी ने इस मामले के सिलसिले में मौके पर निम्नलिखित गवाहों की जांच की

1. श्री बिलती तांती, 69 वर्ष पुत्र श्री स्वर्गीय फुलकोन तांती निवासी नगधुली गजेन गाँव, पुलिस स्टेशन मरियानी। साक्षी असम चाहा मजदूर संघ, जोरहाट जिले का अध्यक्ष, नागधौली ग्राम रक्षा दल के अध्यक्ष और नागधुली जनजतिओ हाई स्कूल के शासी निकाय का अध्यक्ष भी था। जांच के दौरान उसने बताया कि दिनांक 28.11.2018 को सुबह 8.30 बजे श्री शरत गोगोई, स्कूल के चौकीदार ने उन्हें फोन पर सूचित किया था कि उल्फा (आई) का एक झंडा स्कूल की बांस की बाड़ में लटका हुआ था और उन्हें स्कूल पहूंचने के लिए भी कहा था। वहां पहुंचने पर उन्होंने स्कूल की बांस की बाड़ में उल्फा (आई) का झंडा देखा था। बाद में पुलिस ने उनकी मौजूदगी में झंडे को जब्त कर लिया था।

2. श्री हामिद राजा, 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय टुन्नू अली निवासी नागदौली गेट, पुलिस स्टेशन मरियानी जिला जोरहाट। गवाह नागधुली वीडीपी की सचिव थीं। जांच के दौरान, उसने बताया कि दिनांक 28.11.2018 को प्रात: लगभग 8.30 बजे जब वह हाई स्कूल में आए थे तब उन्होंने स्कूल की बांस की बाड़ में उल्फा (आई) का झंडा देखा था। बाद में, पुलिस ने उनकी मौजूदगी में झंडे को जब्त कर लिया था।

3. श्रीमती रूपा दत्ता गोगोई, 30 वर्ष पत्नी श्री प्रमोद गोगोई, निवासी नागोदुली सुकफा नगर, पुलिस स्टेशन मरियानी, जोरहाट। साक्षी नागधुली जनाजतिओ हाई स्कूल की मुख्याध्यापिका थीं। जांच के दौरान उन्होंने बताया कि 28.11.2018 को सुबह लगभग 8.35 बजे स्कूल के चौकीदार श्री शरत गोगोई ने उन्हें फोन पर स्कूल में उल्फा (आई) ध्वज के लटके होने के बारे में फोन पर सूचित किया था। वह तुरंत स्कूल के लिए चल पड़ी और सुबह 8.50 बजे स्कूल पहुंच गई और उन्होंने स्कूल के सामने बांस की बाड़ में उल्फा (आई) का झंडा देखा। पहले से ही कई लोग घटनास्थल पर मौजूद थे।

4. श्री शरत गोगोई, 30 वर्ष पुत्र श्री कमल गोगोई निवासी नागधौली सुकफा नगर, पुलिस स्टेशन मरियानी, जोरहाट। वह हाई स्कूल का चौकीदार था। जांच के दौरान, उन्होंने बताया कि दिनांक 28.11.2018 को सुबह 8.30 बजे वह स्कूल पहुंचे और उन्होंने स्कूल के सामने बांस की बाड़ में उल्फा (आई) का झंडा देखा। उन्होंने तुरंत फोन पर इसकी सूचना मुख्याध्यापिका और स्कूल की गवि्नंग बॉडी के अध्यक्ष श्री बिलती तांती को दी।

5. श्री राजू लोहार, 28 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मोहन लोहार निवासी नागधुली टीई, पुलिस स्टेशन मरियानी, जोरहाट। जांच के दौरान उन्होंने बताया कि दिनांक 28.11.2018 को उन्हें हाई स्कूल में उल्फा

झंडा लगा होने के बारे में पता चला और सुबह लगभग 9 बजे जब वह स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने स्कूल के सामने बांस की बाड़ में एक झंडा देखा।

जांच के दौरान जांच अधिकारी ने उल्फा के निम्नलिखित आत्मसमर्पण करने वाले सदस्यों की भी जांच की:

1. श्री दिम्बेश्वर ककोटी उर्फ बरुआ पुत्र स्व. गंगाधर ककोटी, निवासी बिजयपुर गाँव, पुलिस स्टेशन मरियानी, जोरहाट। जांच के दौरान, उसने बताया कि वह संदिग्ध श्री जिबोन पेगु को एक चालक के रूप में जानता था। लेकिन उसे जिबोन पेगू की किसी भी गैरकानूनी गतिविधि के बारे में मालूम नहीं था। वह संदिग्ध व्यक्ति से मोपेड स्कूटी खरीदना चाहता था और इसीलिए उसने दिनांक 27.11.2018 को उससे संपर्क किया था।

2. श्री भीमोन गोगोई, 38 वर्ष पुत्र टीपुराम गोगोई निवासी मोरन गाँव, पुलिस स्टेशन मरियानी, जोरहाट। जांच के दौरान, उसने बताया कि वह वर्ष 1995 में उल्फा में शामिल हुआ था और वर्ष 2005 में जोरहाट पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्ष 2008 में उसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। उसे नागदौली हाई स्कूल में उल्फा झंडा फहराने की घटना के बारे में नहीं पता था क्योंकि उस दिन वह अपने कार्य स्थल पर पानीचोकवा में था।

जांच के दौरान, गवाहों के बयान से यह स्थापित हो गया था कि उल्फा (आई) के सदस्यों ने नागधुली जनजतिओ हाई स्कूल के सामने बांस की बाड़ में अपना झंडा टांग दिया था। लेकिन किसी भी गवाह ने अपराध करते समय सदस्यों या उनके किसी हमदर्द को नहीं देखा था। इसलिए जांच अधिकारी द्वारा अभियुक्त श्री जिबोन पेगू के विरुद्ध मामला स्थापित नहीं किया जा सका और मामले को एफआर में अपर्याप्त सबूत के रूप में वापस कर दिया।

35. श्री श्रीजीत टी, आईपीएस, ने दिनांक 13.12.2019 से पुलिस अधीक्षक, डिब्रूगढ़ जिले में सेवारत रहते हुए और अपने हलफनामे पर अपने साक्ष्य में यह कहा:

(i) दिनांक 01.12.2015 को दोपहर 12.30 बजे शिकायतकर्ता श्री शशि भूषण भारती, सुपुत्र लेफ्टिनेंट भूषण भारती निवासी दिलीघाट नंबर 2 पुलिस स्टेशन नामरूप, जिला डिब्रूगढ़, असम ने नामरूप पुलिस में एक रिपोर्ट दर्ज की कि 30.11.2015 को शाम लगभग 7.50 बजे 4/6 अज्ञात आतंकवादी आपराधिक रूप से विलिघाट नं. 2 में स्थित उनके क्रैशर प्लांट के परिसर में घुस आए और आफिस कक्ष के समीप अंधाधुंध गोलीबारी करनी शुरु कर दी। इसके परिणामस्वरूप, उनके कर्मचारी अर्थात श्री संजय कुमार भारती और श्री गोपाल शाह गोली लगने से गंभीर से घायल हो गए और 2 (दो) वाहन जिनके पंजीकरण संख्या एस-06 एसी-1125 (डम्पर), एस-23 एसी-1725 (जेसीबी) हैं, क्षतिग्रस्त हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए एएमसीएच डिब्रूगढ़ में भर्ती कराया गया। प्रदर्श 1485 एफआईआर की प्रमाणित प्रति है।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने तुरंत पीओ का दौरा किया और पीओ को अच्छी तरह देखा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की और घायल व्यक्तियों को एएमसीएच डिब्रुगढ भेजने का प्रबंध किया। जांच अधिकारी ने गवाहों की मौजूदगी में निम्नलिखित वस्तुओं को जब्त किया।

1. ए के श्रृंखला राइफल्स के 14 (चौदह) खाली कारतूस।
2. ए के श्रृंखला राइफल्स की मिस फायर्ड 1 (एक) गोली।
3. ए के श्रृंखला राइफल्स की चलाई गई 1 (एक) गोली।
4. 1 (एक) आरपीजी खाली बम संख्या एल-0117771792।
5. गोली से क्षतिग्रस्त स्थिति में 2 (दो) डम्पर पंजीकरण संख्या क्रमश: एएस-06 एससी-1125 और एएस-23 आईबी-1924।
6. गोली से क्षतिग्रस्त स्थिति में 1 (एक) जेसीबी पंजीकरण संख्या एएस-23 एसी-1725।
7. कुछ टूटे हुए शीशे।
8. सीसीटीवी फुटेज के साथ 1 (एक) 4जीबी मेमोरी कार्ड।

जांच अधिकारी ने निम्निलखित गवाहों की जांच की:-

1. श्री शशि भूषण भारती, सुपुत्र दीनानाथ भारती, निवासी डिलीघाट, पुलिस स्टेशन-नामरूप (शिकायतकर्ता)।
2. श्री नबीन कुमार प्रबत, सुपुत्र स्व. सुधाकर प्रबत, निवासी नं. 2 डिलीघाट, पुलिस स्टेशन-नामरूप।
3. श्री मोनोज भारती, सुपुत्र श्री काशीनाथ भारती, निवासी नं. 2 डिलीघाट, पुलिस स्टेशन-नामरूप।
4. श्री एम सांगा, सुपुत्र स्व. एम. रूमला, निवासी नं. 2 डिलीघाट, पुलिस स्टेशन-नामरूप।
5. श्री बिनोद भारती, सुपुत्र स्व. मैनेजर भारती, निवासी नं. 2 डिलीघाट, पुलिस स्टेशन-नामरूप।
6. श्रीमती सुनु बरुआ पत्नी श्री दलिन बरुआ निवासी सिंगिमारी कोपोहुआ गांव पुलिस स्टेशन-जॉयपुर
7. श्री बिनोद गोगोई सुपुत्र गकुल गोगोई निवासी सिंगिमारी कोपोहुआ गांव पुलिस स्टेशन-जॉयपुर

जांच अधिकारी ने निम्नलिखित घायल व्यक्तियों की एएमसीएच डिब्रूगढ़ से छुट्टी होने के बाद जांच की और दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत उनके बयान दर्ज किए:

1. संजोय कुमार भारती और
2. श्री गोपाल शाह

जांच के क्रम में, जांच अधिकारी ने निम्नलिखित आरोपी व्यक्तियों (उल्फा के लिंकमैन होने का संदेह) को गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया :-

1. श्री दलिन बरुआ पुत्र श्री लंबोदर बरुआ निवासी सिंगीमारी कोपोहुआ गांव पुलिस स्टेशन- जॉयपुर, जिला-डिब्रूगढ़ और उसके कब्जे से क्रमश: सिम नं. 9854316300 और 9854573960 के साथ 2 (दो) मोबाइल हैडसेट बरामद किए तथा उन्हें जब्ती सूची के अनुसार जब्त कर लिया।

2. श्री अरुप चेतिया पुत्र स्व. गोपाल चेतिया निवासी गजपुरिया गांव, पुलिस स्टेशन-मोरन, जिला डिब्रूगढ़ और उसके कब्जे से 1 (एक) मोबाइल (हैंडसेट मॉडल संख्या 105) सिम नं. 8723929051 के साथ बरामद किया और उसे जब्ती सूची के अनुसार जब्त कर लिया।

3. श्री बाबुल भरली पुत्र स्व. कुशाराम भरली, निवासी डोलानिकुर गांव, पुलिस स्टेशन खोवांग, जिला डिब्रूगढ़ और उसके कब्जे से सिंम नं. 9957709852 (एयरसेल), आईएमईआई नं. 1-358966/05/680782/9, 2-358966/05/680783/7 के साथ 01 (एक) मोबाइल हैंडसेट बरामद किया और उसे जब्ती सूची के अनुसार जब्त कर लिया।

4. श्री बिक्रम राय घाटोवर पुत्र स्व. देब रॉय घाटोवर निवासी लेपरा गांव पुलिस स्टेशन बोरहाट जिला चोराईदेव

5. श्री जीतू बोराह पुत्र स्व. रुद बोराह निवासी विलेज नागमती गांव पुलिस स्टेशन नामरूप, जिला डिब्रूगढ।

बाद में, यह मामला एफआर में आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120/120(ख)/121/121(क)/122/123/124(क)/447/326/307/427 के तहत एफआर में वापस कर दिया गया था क्योंकि नामरूप पुलिस स्टेशन में एफआर सं. 11/17 दिनांक 05.03.2017 के तहत आरोपित व्यक्तियों के विरुद्ध अपर्याप्त सबूत थे।

जेसी 276/30ए सुबेदार योगेन्द्र सिंह (सीओबी डांगरीकुमार से सेना के जवान) से नामरूप पुलिस स्टेशन जीडीई नं. 266 दिनांक 10.12.2017 के तहत पुन: एक एफआईआर प्राप्त हुई थी और उसे आयुध अधिनियम की धारा 25(1)(क)/27 के साथ पठित, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 4/5 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120/ 120(ख) /121/121(क)/ 122/123/ 124(क)/447/ 325/ 326/ 307/427 के तहत नामरूप पुलिस स्टेशन में मामला संख्या 185/15 के संबंध में इसे अनुपूरक एफआईआर के रूप में माना गया। प्रदर्श 1486 अनुपूरक एफआईआर की प्रमाणित प्रति है। विशिष्ट आसूचना के आधार पर, सीओबी

डांगरीकुमार और डीएसपी नामरूप के एक संयुक्त दल ने जनरल एरिया डिलीघाट, डिब्रुगढ़ जिला में दिनांक 09 दिसम्बर, 2017 को 0300 बजे एक अभियान शुरू किया और अभय डेका उर्फ अजय असोम को गांव डिलीघाट के बाहरी इलाके से 0715 बजे गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से निम्नलिखित सामान बरामद किए गए:

1. एक 7.65 पिस्टल (चीनी निर्मित)
2. एक मैगजीन
3. छ: जिंदा कारतूस
4. जबरत वसूली से संबंधित13 पैड
5. एक मोबाइल फोन
6. 02 (दो) सिम कार्डस

सेना और पुलिस की संयुक्त पूछताछ के दौरान अभय डेका उर्फ अजय असोम ने उल्फा (आई) काडर के 2014 बैच का कार्यकर्ता होना कबूल किया जो उक्त गांव में जबरन वसूली करने के लिए था। उसने 30 नवम्बर, 2015 को 03 (तीन) अन्य उल्फा कार्यकर्ताओं अर्थात (i) असुत बर्मन (ii) पबित्रो (iii) अंकुर डेका के साथ डिलीघाट में गोलीबारी की घटना में शामिल होने की बात कबूल की। गोली बारी की घटना के बाद उसने अपना स्थान डारंग में बदल लिया और फिर से डिब्रुगढ़ जिले में चला गया। जांच अधिकारी ने आरोप को गिरफ्तार कर लिया और सेना द्वारा नामरूप पुलिस को सौंप दिए जाने के लिए बरामद वस्तुओं को विधिवत रूप से जब्त कर लिया।

मामला जांच के तहत लंबित है।

(ii) दिनांक 20.06.2016 को रात 11 बजे मोरन पुलिस स्टेशन के एसआई बिद्युत बिकास बरुआ ने मोरन पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर (प्रदर्श 1535) दर्ज की जिसमें बताया गया कि उसी दिन लगभग 1615 बजे खेलमती मोरन के एक प्रशिक्षित उल्फा कॉडर की आवाजाही से संबंधित एक विशेष सूचना के आधार पर मोरन पुलिस स्टेशन के एसआई दुलाल महंता के नेतृत्व में उन्होंने कांस्टेबल दिबेन्द्र चेतिया और एपीबीएन स्टाफ के साथ खेलमती के जनरल क्षेत्र और श्री राहुल हजारिका उर्फ उर्फ लादेन असोम, पुत्र श्री उमा हजारिका निवासी खेलमती, मोरन के घर के परिसर में तलाशी अभियान शुरू किया और श्री राहुल हजारिका उर्फ लादेन असोम को गिरफ्तार किया तथा उल्फा उग्रवादी, दृष्टि असोम द्वारा हस्ताक्षरित प्रतिबंधित उल्फा संगठन के धन की मांग संबंधी 12 (बारह) पत्र और एक हैंडग्रेड बरामद किया। उल्फा काडर श्री राहुल हजारिका ऊर्फ लादेन असोम से पूछताछ के दौरान यह पता चला कि वह वर्ष 2013 में उल्फा संगठन में शामिल हुआ था और वर्ष 2014-15 के दौरान उसने बंगलादेश में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। वह वर्ष 2016 की शुरूआत में मोरन वापस आ गया और अपने वरिष्ठ नेताओं के निर्देश के अनुसार विभिन्न व्यक्तियों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को मांग पत्र देना शुरू कर दिया ताकि असम को भारतीय क्षेत्र से अलग करने के लिए गोलाबारूद की खरीद के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में धन की जबरन वसूली की जा सके। वे निर्दोष लोगों को आतंकित करने के लिए हथगोलों की बौछार करके जमीनी स्तर के उल्फा कार्यकर्ताओं और उनके साथ सहानुभूति रखने वाले युवा पीढ़ी के लोगों को भी पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के विरुद्ध उकसा रहे थे। जानकारी मिलने पर, मोरन पुलिस स्टेशन के प्रभारी ने मोरन पुलिस स्टेशन में ईएस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईसीपी की धारा 120(ख)/121/121(क)/122/123/124(क)/387 के तहत मामला संख्या 133/2016 दर्ज किया गया और जांच की गई।

जांच के दौरान जांच अधिकारी ने पीओ का दौरा किया और पीओ को अच्छी तरह से देखा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गई। जांच अधिकारी ने गवाहों की उपस्थिति में निम्नलिखित वस्तुओं को जब्त कर लिया:-

1. उल्फा संगठन के धन की मांग संबंधी12 (बारह) मांग पत्र
2. 01 (एक) 36 हैंड ग्रेनेड
3. 01 (एक) आई-बाल मोबाइल आईएमईआई नं. 911450250600322 के साथ सिम नं. 8399026170 (वोडाफोन)।

4. 01 (एक) मोबाइल फोन (ओपो) आईएमईआई नं. 860885033117931, 860885033117923 के साथ सिम नं. 9127597556.

जांच अधिकारी ने निम्नलिखित उपलब्ध गवाहों के बयानों की जांच की और उन्हें रिकॉर्ड किया:-

1. श्री विद्युत बिकास बरूआ, एसआई, मोरन पुलिस स्टेशन
2. श्री देबान ओरांग पुत्र स्व. बसोए ओरांग निवासी खेलमती खटखटी, देवगेहरोया गांव पुलिस स्टेशन मोरन
3. श्री शिबा तंती पुत्र श्री सुकरा तंती निवासी खेलमती गांव पुलिस स्टेशन-मोरन
4. श्री देबेन ओरांग पुत्र स्व. दासर उरांग निवासी खेलमती गांव, पुलिस स्टेशन मोरन
5. श्री शिबा कुर्मी पुत्र सुकरा कुर्मी निवासी जेसनी, पुलिस स्टेशन मोरन
6. श्रीमती लीला कहार पत्नी स्व. बूपल कहार निवासी खेलमती गांव, पुलिस स्टेशन मोरन।
7. श्री धरण कर्माकर, पुत्र श्री रखल कर्माकर निवासी खेलमती गांव, पुलिस स्टेशन मोरन।
8. श्री मितवा मिर्धा पुत्र श्रीअनारू मिर्धा निवासी खेलमती गांव पुलिस स्टेशन-मोरन।
9. श्री उमा हजारिका पुत्र स्व. माखन हजारिका निवासी खेलमती गांव पुलिस स्टेशन मोरन

जांच के दौरान जांच अधिकारी ने निम्निलिखित आरोपी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, उनसे पूछताछ की और उन्हें हिरासत में भेज दिया:-

1. श्री राहुल हजारिका उर्फ लादेन असोम पुत्र उमा हजारिका निवासी खेलमती गांव पुलिस स्टेशन मोरन
2. श्री सागर गोगोई उर्फ फिरोज असोम पुत्र श्री दीपू गोगाई, निवासी लाहोनी गांव, पुलिस स्टेशन तेंगाखत
3. श्री बिजोय बेदिया पुत्र श्री कुंदन बेदिया निवासी बेजोचक बंगाली गांव मोरन पुलिस स्टेशन (गिरफ्तार दिखाया गया) जिसे आधुद्ध अधिनियम की धारा 25(आई-क) के साथ पठित और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/121(क) के तहत लाहोवाल पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला संख्या 84/2016 के संबंध में गिरफ्तार किया गया था।

यह मामला जांच के अधीन है।

(iii) दिनांक 26.01.2020 को शाम 06.05 बजे शिकायतकर्ता डिब्रुगढ़ पुलिस स्टेशन के एसआई मनोरंजन सैकिया, ने एक एफआईआर (प्रदर्श 1564) दर्ज कराई कि दिनांक 26.01.2020 को सुबह लगभग 08 बजे ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़ में एक बम विस्फोट किया गया जिसे एक परित्यक्त दुकान में कचरे के नीचे लगाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप दुकान थोड़ी क्षतिग्रस्त हो गई थी लेकिन किसी के जीवन और अन्य संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है। यह विस्फोट प्रतिबंधित उल्फा (आई) के संदिग्ध उग्रवादी द्वारा अपना अस्तित्व दिखाने और भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के समर्थन में लोगों में दहशत पैदा करने के लिए किया गया था। जानकारी मिलने पर, ओसी डिब्रूगढ़ पुलिस स्टेशन द्वारा दिनांक 26.01.2020 को डिब्रूगढ़ पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121(A)/307/427 के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच की गई।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने पीओ का दौरा किया, पीओ को अच्छी प्रकार देखा और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गई। जांच अधिकारी ने गवाहों की उपस्थिति में निम्नलिखित वस्तुओं को जब्त किया:-

1. टूटे हुए पाइप का 01 (एक) टुकड़ा जिसमें संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ की गंध थी।
2. संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ की गंध वाले संदिग्ध मोबाइल फोन के कुछ अवशेष
3. संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ की गंध वाली मिश्रित मिट्टी की कुछ मात्रा
4. डा. लाल पैथ लैब्स के रूप में चिन्हित थर्माकॉल लेबल के कुछ टूटे हुए टुकड़े

जांच अधिकारी ने निम्नलिखित उपलब्ध गवाहों के बयानों की जांच की और उन्हें रिकॉर्ड किया:-

1. श्री सुभाष जैन, पुत्र स्व. गणपति जैन निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
2. श्री सौरव धानुका, पुत्र निर्मल कुमार धानुका निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
3. मो. कमरूल शेरिफ जिन्नाह, पुत्र स्व. कमल अफरोज निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
4. श्री बिकास जैन, पुत्र श्री अमर चन्द जैन निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
5. श्री प्रमोद ठाकुर, पुत्र श्री बाबुल ठाकुर निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
6. श्री बिस्वजीत नाथ, पुत्र जगत नाथ निवासी गौरीसागर, टी/ए-नजदीक टीवी सेंटर, डिब्रूगढ़
7. मो. अकबर खान, पुत्र स्व. रहीम खन निवासी गबरूपाथर, डिब्रूगढ़
8. श्री गौतम दास, पुत्र श्री मोहन दास निवासी गबरूपाथर, डिब्रूगढ़
9. श्री बुतन दास, पुत्र स्व. रघु दास निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
10. श्री अनिल कुमार शाह, पुत्र श्री राम नरेश शाह निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
11. मो. रिजाउर रहमान, पुत्र फैजउर रहमान निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
12. श्री श्याम शर्मा पुत्र बिस्वनाथ शर्मा निवासी ग्राहम बाजार, डिब्रूगढ़
13. एसआई, मनोरंजन सैकिया पुलिस स्टेशन डिब्रूगढ़ (शिकायतकर्ता)

जांच के दौरान जांच, अधिकारी ने निम्नलिखित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया दिखाया (चैरायदेव पुलिस द्वारा पहले से ही गिरफ्तार किए गए), उनसे पूछताछ की और उन्हें हिरासत में भेज दिया :-

(1) चाउ लखी लोगनो उर्फ रूबल असोम पुत्र चाउ काईनूक लोगनो, निवासी बोपत्थर कमटी गांव, नारायणपुर पुलिस स्टेशन, नॉर्थ लखीमपुर (गिरफ्तार दिखया गया) जिसे सोनारी पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121(क)/307/427 के तहत दर्ज मामला संख्या 16/2020 के संबंध में गिरुफ्तार किया गया था।

(2) श्री मानस पटमोट उर्फ बाबा उर्फ बास्तबज्योति उर्फ बासतब असोम, पुत्र तिलेशवर पटमोट निवासी बेगेनवाड़ी लखुराखन गोरोखीयाहबी गांव, गांव, पुलिस स्टेशन-सोनारी, जिला- चराएदेव (गिरफ्तार दिखाया गया) जिसे सोनारी पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121(क)/307/427 के तहत दर्ज मामला संख्या 16/2020 के संबंध में गिरफ्तार किया गया था।

जांच के दौरान जांच, अधिकारी ने लेफ्टिनेंट जॉय असोम द्वारा हस्ताक्षरित उल्फा (आई) का दिनांक 26.01.2020 का एक पावती पत्र प्राप्त किया (असम के विभिन्न दृश्य एवं सोशल मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित) जहां उल्फा (आई) की प्रचार शाखा ने घोषणा की कि उनके काडर गणतंत्र दिवस, 2020 पर असम के तीन जिलों में दिनांक 26.01.2020 को प्रात: 8 बजे किए गए सीरियल बम विस्फोट में शामिल थे।

यह मामला जांच के अधीन लंबित है।

(iv) दिनांक 26.01.2020 को शाम 06.10 बजे डिब्रूगढ़ पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर राजीब कुमार सैकिया ने इस संबंध में एक एफआईआर (प्रदर्श 1592) दर्ज की कि दिनांक 26.01.2020 को प्रात: लगभग 08.05 बजे गुरूद्वारा, सिख इंटरनेशनल स्कूल वाल, डिब्रूगढ़, की पिछली तरफ एक बम्ब विस्फोट किया गया था, जिसे घास के नीचे लगाया गया था, जिसके परिणामस्वरूप स्कूल की दीवार मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन किसी के जीवन और अन्य संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ। यह विस्फोट प्रतिबंधित उल्फा (आई) के संदिग्ध उग्रवादी द्वारा अपना अस्तित्व दिखाने और भारत सरकार के विरुद्ध अपनी छदम लड़ाई के समर्थन में आम लोगों के बीच दहशत पैदा करने के लिए गया था। जानकारी मिलने पर ओसी डिब्रूगढ़ द्वारा डिब्रूगढ़ पुलिस में दिनांक 26/01/2020 को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की

धारा 10/13 के साथ पठित और ईएस अधिनियम की धारा 3 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121(क)/307/427 के तहत मामला संख्या 152/2020 दर्ज किया गया और जांच की गई।

जांच के दौरान जांच अधिकारी ने पीओ का दौरा किया, पीओ को अच्छी प्रकार देखा और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गई। जांच अधिकारी ने गवाहों की उपस्थिति में निम्नलिखित वस्तुओं को जब्त किया :-

(1) विस्फोटक पदार्थ की गंध वाले मोबाइल फोन के कुछ अवशेष

(2) फोम थर्माकोल के साथ मिश्रित कुछ मिट्टी/विस्फोटक पदार्थ की गंध वाले ईट के टूटे हुए टूकड़े

जांच अधिकारी ने निम्नलिखित उपलब्ध गवाहों के बयानों की जांच की और उन्हें रिकॉर्ड किया:-

(1) श्रीमती फातिमा बेगम, पत्नी मो. मोमताज अली निवासी पूजाघाट, मालीपटटी, डिब्रूगढ़

(2) श्रीमती अबीदा बेगम, पत्नी स्व. फूल मो. खान निवासी पूजाघाट मालीपटटी, डिब्रूगढ़

(3) श्री राहुल ठाकुर, पुत्र स्व. सत्य नारायण ठाकुर निवासी पूजाघाट मालीपटटी, डिब्रूगढ़

(4) श्रीमती असमा बी निसा, पत्नी स्व. फूल मो. खान निवासी मारवाडीपटटी, डिब्रूगढ़

(5) श्री मलकियोत सिंह, पुत्र स्व. कलवंत सिंह निवासी फुलबागान गुरूद्वारा, डिब्रूगढ़

(6) मो. अलाउद्दीन अहमद, पुत्र स्व. फैजूद्दीन निवासी पूजाघाट मालीपटटी, डिब्रूगढ़

(7) इंस्पेक्टर राजीब सैकिया (पुलिस स्टेशन डिब्रूगढ़) (शिकायतकर्ता)

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने निम्नलिखित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया दर्शाया, उनसे पूछताछ की और उन्हें हिरासत में भेज दिया:-

(1) चाउ लखी लोगनो उर्फ रूबल असोम पुत्र चाउ काईनूक लोगनो, निवासी बोपत्थर कमटी गांव, नारायणपुर पुलिस स्टेशन, नॉर्थ लखीमपुर (गिरफ्तार दिखया गया) जिसे सोनारी पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121(क)/307/427 के तहत दर्ज मामला संख्या 16/2020 के संबंध में गिरुफ्तार किया गया था।

(2) श्री मानश पटमोट उर्फ बाबा उर्फ बास्तबज्योति उर्फ बासतब असोम, पुत्र तिलेशवर पटमोट निवासी बेगेनवाड़ी लखुराखन गोरोखीयाहबी गांव, गांव, पुलिस स्टेशन-सोनारी, जिला- चराएदेव (गिरफ्तार दिखाया गया) जिसे सोनारी पुलिस स्टेशन में विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120 (ख)/121(क)/307/427 के तहत दर्ज मामला संख्या 16/2020 के संबंध में गिरफ्तार किया गया था।

जांच के दौरान, जांच अधिकारी ने लेफ्टिनेंट जॉय असोम द्वारा हस्ताक्षरित उल्फा (आई) का दिनांक 26.01.2020 का एक पावती पत्र प्राप्त किया (असम के विभिन्न दृश्य एवं सोशल मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित) जहां उल्फा (आई) की प्रचार शाखा घोषित करती है कि उनके काडर गणतंत्र दिवस, 2020 पर असम के तीन जिलों में दिनांक 26.01.2020 को प्रात: 8 बजे किए गए सीरियल बम्ब विस्फोट में शामिल थे।

यह मामला जांच के अधीन लंबित है।

(v) दिनांक 25.05.2017 को रात 09 बजे एसआई राजीब पेंगिंग, रक्षा नियंत्रण अधिकारी, दुलियाजन ने इस संबंध में एक एफआईआर (प्रदर्श 1622) दर्ज की कि दिनांक 25.05.2017 को प्रात: 6.30 बजे भुगपाडा से दिकोन ओसीएस, दिकोन सेसा ब्रिज तक एक क्रूड ऑयल पाइप लाईन में रिसाव देखा गया था और सेसा नदी पर क्रूड ऑयल बह रहा था तथा पीओ पर एक अज्ञात शव भी पड़ा हुआ मिला था। इसके अतिरिक्त, एक चालू पाइप लाईन भी क्षतिग्रस्त पाई गई थी और इसमें अज्ञात उग्रवादी संगठन की तोड़फोड़ की गतिवधियों का संदेह था। सूचना मिलने पर, ओ/सी लाहोवाल पुलिस स्टेशन ने दिनांक 25.05.2017 को लाहोवाल पुलिस स्टेशन में ईएस अधिनियम की धारा 3/4 के साथ पठित और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित आईपीसी की धारा 120(ख)/121/427 के तहत मामला संख्या 69/2017 दर्ज किया गया और जांच की गई।

जांच के दौरान जांच अधिकारी ने पीओ का दौरा किया और पीओ को अच्छी तरह से देखा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गई। जांच अधिकारी ने गवाहों की उपस्थिति में निम्नलिखित वस्तुओं को जब्त कर लिया:-

(1) दो (02) शराब के पव्वे की बोतल, गोल्ड रिबन

(2) एक (01) टार्च लाल रंग में, लगभग 8 इंच की

(3) एक (01) शराब के अधे की बोतल मैक डोवल नं. 1

(4) एक लांगपेंट जींस, ब्रांड स्पार्की, नीले रंग का

(5) एक (01) लाल कलर का तोलिया चीन में निर्मित

(6) एक (01) पीले कलर की रेन कोट जैसी जैकेट, हेली हेनसन, फिलिपिंस में निर्मित

(7) एक (01) एक जोड़ी जूते ब्रांड प्रोजेक्ट

(8) एक (01) बैग ब्रांड नाम एआईआर कैमल माउंटेन, कच्चे तेल के साथ मिश्रित

(9) एक (01) प्लास्टिक कैरी बैग

(10) एक (01) साइकिल टयूब लगभग 2 फीट

(11) प्लास्टिक गैलन की एक-(01) राउड कैप

(12) कागज का एक टुकड़ा, जो शायद अज्ञात बोली में लिखा गया समाचार- पत्र है

(13) प्लास्टिक का एक टुकड़ा (पारदर्शी), माप 2X15 इंच

(14) विस्फोटक के अवशेषों से युक्त संदिग्ध दो किलोग्राम का कैरी बैग

(15) हवा भरने के लिए वाल टयूब युक्त तीन इंच लंबाई वाली टयूब का एक टुकड़ा

(16) एक गोल कंटेनर हरे रंग में लगभग एक इंच व्यास का

(17) क्षतिग्रस्त हालत में एक कच्चे तेल की पाइप (लोहे की) लगभग चार फीट लंबी

जांच अधिकारी ने निम्नलिखित गवाहों के बयानों की जांच की और उन्हें रिकार्ड किया:-

(1) श्री उमेश पाटोर, पुत्र हीरालाल पाटोर निवासी दिकोम सेसा गांव, लाहोवाल (जब्ती गवाह)

(2) श्री हेरंबा दास पुत्र स्व. केसब दास निवासी दिकोम सेसा गांव, लाहोवाल (जब्ती गवाह)

(3) श्री सुबोध देवनाथ, पुत्र हरी पाडा देवनाथ निवासी दिकोम (गवाह)

(4) श्री हरी चरण कहार, पुत्र बहादुर कहार निवासी दिकोम, सेसा

